राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 18
लखनऊ, मंगलवार 03 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान : केशव मौर्य 03

आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप सरकार कर रही विकास : धामी 12


## सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर में हुई बुलडोजर कार्रवाई पर उठाए सवाल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया है। जस्टिस बीआर गवाई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सिर्फ आरोपित होने के आधार पर किसी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई नहीं हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि इसे लेकर वो राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करेगा। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने उदयपुर में चाकू मारने के आरोपित बच्चे के पिता के घर पर बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि एक पिता का बेटा अड़ियल हो सकता है लेकिन उसके लिए उसका घर गिरा दिया जाए, यह तरीका सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी के दोषी साबित होने के बाद भी उसका घर नहीं गिराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बुलडोजर कार्रवाई के संबंध में दिशा-निर्देश बनाए जाने की जरूरत है। कोर्ट ने राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करने के लिए सभी पक्षों से सुझाव मांगा।

## पैरालिंपिक 2024 : पैरा-बैडमिंटन एकल एसएल-3 वर्ग में नितेश ने जीता स्वर्ण

एजेंसी



**नितेश ने धैर्य का प्रदर्शन करते हुए 23-21 से सेट के साथ मैच और स्वर्ण पदक भी किया अपने नाम**

**पेरिस।** नितेश कुमार ने सोमवार को पेरिस के ला चैपल एरेना में आयोजित पेरिस 2024 पैरालिंपिक के पैरा-बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता।

पहले वरीय भारतीय खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के दूसरे वरीय डेनियल बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराकर भारत को मौजूदा पैरालिंपिक का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। नितेश और डैनियल ने गेम 1 की शुरुआत एसएल 3 श्रेणी की लंबी रैलियों के साथ की और मध्य चरण तक कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, भारतीय शटलर ने गति पकड़ ली और 21-14 से जीत हासिल की। दूसरे सेट में डैनियल ने वापसी की और कड़े मुकाबले में नितेश को 21-18 से हराकर मैच को तीसरे सेट में ले गए। निर्णायक गेम में 19-16 की बढ़त के साथ नितेश लगभग स्वर्ण के करीब पहुंच गए, लेकिन डेनियल ने जोरदार संघर्ष किया, हालांकि नितेश ने धैर्य का प्रदर्शन करते हुए 23-21 से सेट के साथ मैच और स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया।

### योगेश कथुनिया ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 में जीता रजत

**नई दिल्ली।** योगेश कथुनिया ने सोमवार को स्टेड डी फ्रांस में आयोजित पेरिस 2024 पैरालिंपिक के पैरा-एथलेटिक्स पुरुष डिस्कस एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीता। यह भारत का पैरालिंपिक में आठवां पदक था। 27 वर्षीय योगेश ने इस स्पर्धा में 42.22 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, जो इस सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने 46.86 मीटर के पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ग्रीस के कॉन्स्टेंटिनोस त्ज़ुनिस ने 41.32 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। स्लोवाकिया के डुसन लैक्ज़को 41.20 मीटर थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। सर्बिया के नेबोजसा ड्यूरिक ने क्वालीफ़ाई करने के बावजूद फ़ाइनल में भाग नहीं लिया। योगेश ने अपने सीज़न के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए थ्रो की शुरुआत की। उनके 42.22 मीटर थ्रो ने उन्हें ब्राज़ील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस के पीछे दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। योगेश को ब्राज़ील खिलाड़ी को पछाड़ने के लिए लंबी दूरी तक थ्रो करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि 27 वर्षीय खिलाड़ी की दूरी प्रत्येक थ्रो के साथ कम होती गई। 41 मीटर के दो थ्रो के बाद 40 के रेंज में दो थ्रो हुए और फिर 39.68 मीटर का अंतिम थ्रो हुआ। त्ज़ूनिस क्रम में अंतिम स्थान पर रहे, लेकिन अपने पांचवें प्रयास में 41.32 का सर्वश्रेष्ठ थ्रो ही कर पाए, जिससे उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

**क्या है एसएल3 श्रेणी**

एसएल3 श्रेणी में ऐसे खिलाड़ी शामिल होते हैं जिनके एक या दोनों अंगों में मध्यम रूप से प्रतिबंधित गतिविधि होती है या अंगों की अनुपस्थिति होती है। खेल आधी-चौड़ाई वाले कोर्ट में खेला जाता है जिसमें खेले जाने वाले शॉट्स पर कोई प्रतिबंध नहीं होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में गिरफ्तार बिभव कुमार को जमानत दे दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बिभव की याचिका पर सुनवाई करते हुए 1 अगस्त को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 जुलाई को बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उसके पहले तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि इस मामले की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता के दिलोदिमाग में अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं और वो अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं।

### पीएमएलए केस में पूर्व आप पदाधिकारी को दी जमानत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर को सोमवार को जमानत दे दी और कहा कि स्वतंत्रता 'अनुल्लंघनीय होती है। समन्वय पीठ द्वारा उल्लेखित 'जमानत नियम है, जेल अपवाद हैश् के कानूनी सिद्धांत को मानते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि मुकदमे से पूर्व जेल में बंद करना सजा नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि नायर धन शोधन मामले में पिछले 22 महीने से जेल में हैं जहां अधिकतम सजा सात साल की है। पीठ ने 12 अगस्त को नायर की जमानत अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था।

### वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड से श्रद्धालु घायल

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी की यात्रा के दौरान हाल ही में एक गंभीर हादसा घटित हुआ है। यात्रा मार्ग पर अचानक भूस्खलन के कारण एक श्रद्धालु घायल हो गया। इस घटना के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया, जिससे स्थिति को जल्द से जल्द नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। घायल श्रद्धालु को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है, और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान पूरी सतर्कता बरतें और मार्ग की स्थिति पर ध्यान दें।

# लापरवाही में 26 डॉक्टर बर्खास्त

### ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर मिलने पर चिकित्सकों के खिलाफ डिप्टी सीएम ने की कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एक्शन मोड में हैं। स्वास्थ्य विभाग में बड़ी कार्रवाई की गई है। कर्तव्यों के प्रति लापरवाही, ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर एवं उच्चादेशों की लगातार अवहेलना के चलते प्रदेश में 26 चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्हें एक माह का नोटिस देते हुए, शासकीय सेवा से तत्काल बर्खास्त करने के निर्देश उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए हैं। डिप्टी सीएम का कहना है कि चिकित्सीय कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

ब्रजेश पाठक का कहना है कि प्रदेश की जनता को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इनमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन चिकित्सकों को बर्खास्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं, उनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोंच, जालौन के चिकित्साधिकारी डॉ. प्रशांत पाठक, मुख्य चिकित्साधिकारी, बरेली के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. इमरान खान एवं डॉ. सुरभि गुप्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चिल्लौन्सा, मैनपुरी के चिकित्साधिकारी डॉ. अनुज कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, समान किशनी, मैनपुरी के चिकित्साधिकारी डॉ. राजकुमार व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कालपी शामिल हैं। इसी तरह जालौन के चिकित्साधिकारी डॉ. यासमून अख्तर सिद्दिकी, मुख्य चिकित्साधिकारी, सिद्धार्थनगर के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. प्रवीन आनंद, डॉ. नेहा सिन्हा, डॉ. ज्योत्सा ओझा, मुख्य चिकित्साधिकारी, ललितपुर के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. शुभांशु शिवहरे, डॉ. विवेक कुमार गौतम, डॉ. मोहम्मद हासिम, मुख्य चिकित्साधिकारी, बलिया के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. पूजा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, बस्ती के अधीन चिकित्साधिकारी डॉ. आमोद कुमार सरोज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कुसमुरा, मैनपुरी के चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद सलीम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जगतपुर को बर्खास्त करने के निर्देश जारी किए गये। रायबरेली के चिकित्साधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मटका, रायबरेली के चिकित्साधिकारी डॉ. प्रियंका सोनी, मुख्य चिकित्साधिकारी, रायबरेली के अधीन चिकित्साधिकारी डॉ. शुभेंद्र कुमार मौर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी, मथुरा के अधीन चिकित्साधिकारीगण डॉ. त्रिशाला भदकारिया (पैथॉलोजिस्ट), डॉ. अभय गर्ग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिरसागंज को बर्खास्त करने के निर्देश जारी हुए हैं। वहीं फिरोजाबाद के चिकित्साधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आनंदपुर जारखी, फिरोजाबाद के चिकित्साधिकारी डॉ. अनुज गौतम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खैरगढ़, फिरोजाबाद के चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बछगांव कोटला, फिरोजाबाद के चिकित्साधिकारी डॉ. हिमांशी सागर एवं मुख्य चिकित्साधिकारी फिरोजाबाद के अधीन डॉ. सृष्टि सिंह शामिल हैं।

### दंत शल्यक पर कार्रवाई

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पयागपुर, बहराइच में तैनात दंत शल्यक डॉ. पूनम पाल को भी बिना सूचना अनुपस्थित रहने, अनुशासनहीनता एवं उच्चादेशों की अव्हेलना करने हेतु बर्खास्त किए जाने के निर्देश उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए हैं। आरोप पत्र निर्गित करने के निर्देश छह चिकित्साधिकारियों, जिनमें चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हरोड़ा, सहारनपुर में तैनात डॉ. प्रवेश कुमार भाटिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, देवीदासपुर, बहराइच डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, सीएमओ बरेली के अधीन तैनात तीन चिकित्साधिकारी डॉ. अमित कुमार, डॉ. दिव्या गौड़ एवं डॉ. शशांक वर्मा, साथ ही शाहजहांपुर सीएमओ के अधीन तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. रिजवान अहमद खान को उनके द्वारा शासकीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने हेतु आरोप पत्र तत्काल निर्गित किए जाने के निर्देश भी डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की ओर से प्रमुख्य सचिव स्वास्थ्य को दिए गए हैं।

### संयुक्त निदेशक से मांगा स्पष्टीकरण

अप्रैल 2024 में मुख्य चिकित्साधिकारी, महाराजगंज के पद पर पदस्थ होते हुए महाराजगंज के नौतनवा में स्थापित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किसी चिकित्साधिकारी की तैनाती न कर, सेंटर को क्रियाशील एवं सरकारी योजनाओं का संचालन न करने संबंधी प्रकरण को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशालय में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात डॉ. नीना वर्मा का स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश भी उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को दिए गए हैं।

## 13,966 करोड़ रुपए की लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मोदी कैबिनेट ने सोमवार को किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए 13,966 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी दी है। सरकार ने कहा कि किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह फैसले लिए गए हैं। मंत्रिमंडल ने बैठक में कृषि से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने और देश भर में खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए सात महत्वपूर्ण निर्णयों को मंजूरी दी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ये अहम फैसला किया गया।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए इन निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 85 दिनों में कुल 2,48,677 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये के कार्यक्रम के साथ पशुधन के टिकाऊ स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने बागवानी क्षेत्र के टिकाऊ विकास के लिए 860 करोड़ रुपये की एक और योजना को भी स्वीकृति दी है। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने कृषि विज्ञान केंद्रों के लिए 1,202 करोड़ रुपये और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को मजबूती देने के लिए 1,115 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी है।कृषि क्षेत्र से संबंधित इन सातों कार्यक्रमों के लिए कुल आवंटन 13,960 करोड़ रुपये से अधिक का है।केंद्रीय कैबिनेट ने गुजरात के साणंद में 63 लाख चिप प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाली सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के केन्स के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।इसके लिए 3,307 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि भारत में एक सेमीकंडक्टर परिदृश्य स्थापित हो रहा है।

### ईडी ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की टीम ने ओखला के विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर आज सुबह कई घंटे तक छापेमारी और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की टीम अमानतुल्लाह खान को साथ लेकर दफ्तर के लिए निकल गई है। आधिकारिक सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि ईडी की टीम धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में अमानतुल्लाह के ओखला स्थित आवास पर आज सुबह पहुंची। ईडी की छह सदस्यीय टीम ने उनसे लंबी पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## भेड़िए का आतंक : मासूम को बनाया निवाला, बुजुर्ग महिला भी घायल

समृद्धि न्यूज़



**बहराइच।** जिले में भेड़िया का आतंक जारी है। भेड़िया ने सोमवार सुबह चार बजे हमला कर ढाई वर्षीय बालिका पर हमला कर निवाला बना लिया। वहीं महिला पर रात 12 बजे हमला कर घायल कर दिया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बहराइच जिले के महसी तहसील क्षेत्र में आम लोगों की सुरक्षा और भेड़ियों को पकड़ने के लिए विभिन्न जिलों की वन विभाग की 12 की टीम लगी हुई है। इसके अलावा दो कंपनी पीएससी जवानों के साथ पुलिस लगी हुई है। इसके बाद भी हमला हो रहे हैं। एक बार पुनः प्रतिदिन हमला होने लगा है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम गेरेठी गुरुदत्त सिंह पुरवा गांव निवासी अंजली (ढाई) वर्ष पर सुबह चार बजे भेड़िया ने हमला कर मार डाला। कुछ दूरी पर उसका शव बरामद हुआ। क्षत विक्षत शव बरामद होने पर परिवार में कोहराम मच गया। उधर इसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटिया के मजरा बाराबीघा गांव निवासी कमला देवी (60) पत्नी मोहन लाल पर आदमखोर भेड़िया ने हमला कर दिया। उसे सीएचसी में ले जाया गया।

### ज्ञानवापी केस में अखिलेश ओवैसी के विवादित बयान पर फैसला टला

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मामले में सपा प्रमुख सांसद अखिलेश यादव व एआईएमआईएम प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी के विवादित बयान पर मुकदमा दर्ज करने की याचिका पर मंगलवार को भी सुनवाई होगी। आदेश सुरक्षित रख अपर जिला जज (नवम) विनोद कुमार सिंह की अदालत ने इस मामले में एक दिन का डेट दिया। अदालत पूर्वांह 11 बजे से दलील सुनेगी। जबकि कुछ दिन पूर्व न्यायालय ने निगरानी अर्जी पर सभी पक्षों के दलील सुनने के बाद आदेश के लिए दो सितंबर की तिथि तय की थी। इस मामले में दोनों नेता अदालत में हाजिर नहीं हुए हैं लेकिन नेताओं का जवाब उनके अधिवक्ता अदालत में दाखिल कर चुके हैं।

## 1047 जवान संभालेंगे जेवर एयरपोर्ट की सुरक्षा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर अभी से कमर कस ली गई है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 1047 जवान एयरपोर्ट सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इस सम्बंध एक प्रस्ताव बनाकर गृह मंत्रालय भेजा गया था, जिसको हरी झंडी मिल गई है।

**अभी करना होगा इंतजार**

एयरपोर्ट से फ्लाइट शुरू होने में अभी लोगों को इंतजार करना होगा। पहले तय था कि फ्लाइट दिसम्बर 2024 में उड़ेगी। अब यह सीमा बढ़ाकर अप्रैल 2025 कर दी गई है। लेकिन यदि जानकारों की मानें तो फ्लाइट 2025 के अंत तक ही शुरू हो पाएगी। एयरपोर्ट उपकरणों की जांच के लिए सितम्बर व अक्टूबर में इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की जांच होगी, जबकि दिसम्बर में वैलिडेशन और टेस्ट फ्लाइट के बाद एयरोड्रोम लाइसेंस के लिए आवेदन होगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आगे की स्थिति तय होगी।

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक**

एयरपोर्ट पर सुरक्षा सम्बंधित मुद्दे पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ में बैठक हुई थी। जिसमें गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी थी और अब उस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि सुरक्षा बल के जवानों के रहने के लिए व्यवस्था यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी करेगी। एयरपोर्ट की सुरक्षा की कमान संभालने वाले जवानों को दो श्रेणी में आवास मिलेंगे। अविवाहित जवानों के लिए छात्रावास की तरह सुविधा मौजूद रहेगी जबकि शादी-शुदा जवानों के परिवार को ध्यान में रखते हुए आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी। इससे जवानों को सहूलियत होगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े नेताओं ने ली बीजेपी की सदस्यता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार (2 सितंबर) को 'संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024' लॉन्च किया। इस मौके पर सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता ली। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के बड़े नेताओं ने फिर से पार्टी की सदस्यता ली।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा के सदस्यता अभियान का एक और दौर शुरू हो रहा है। भारतीय जनसंघ से अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने की कोशिश की है। हम वो लोग हैं जिन्होंने दीवारों पर कमल भी बड़ी श्रद्धा से पेंट किया। हमें विश्वास था दीवारों पर पेंट किया हुआ कमल कभी न कभी दिलों पर भी पेंट हो जाएगा।

पीएम ने आगे कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को लेकर कहा जाता था कि इनका एक पैर रेल में रहता है और दूसरा जेल में। रेल में क्योंकि कार्यकर्ता लगातार भ्रमण किया करते थे। और जेल में इसलिए क्योंकि तब सत्ताधारी एक जुलूस भी नहीं निकालने देते थे। वे हमें जेल में डाल देते थे। हम ऐसे सत्ताधारियों के जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे हैं। ये जो सदस्यता अभियान होगा, जो संगठन की संरचना होगी, इसी दौरान विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू हो गया होगा। इस सदस्यता अभियान में मैं उन सभी लोगों को जोड़ूंगा, जो मेरी पार्टी के इतने महत्वपूर्ण निर्णय में अधिकतम महिलाओं को विजयी बनाकर सांसद, विधायक बना सकें। देश में ऐसे-ऐसे इलाके हैं, जहां व्यवस्थाएं इतने सालों के बाद भी पहुंच नहीं पाई थीं। कई लोग जिन्होंने तीन-तीन, चार-चार पीढ़ी में घर नहीं देखा था, जिनका कोई अता-पता नहीं था, वे झुग्गी-झोपड़ी व फुटपाथ पर जिंदगी गुजारते थे। ऐसे 4 करोड़ परिवारों को हमने पता दिया है। और जब जिंदगी में घर का पता तय हो जाता है तो मंजिल का पता अपने आप बनने लगता है।

सौगात

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया 401 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

## उत्तर प्रदेश सरकार ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार व नौकरी दी

**सुरक्षा-सम्मान वाली सरकार चाहिए या दंगाइयों-अपराधियों का समर्थन वाली**

समृद्धि न्यूज



**मुरादाबाद।** आपको सुरक्षा और सम्मान की सरकार के साथ रहना है या दंगाइयों और अपराधियों का समर्थन करने वालों का साथ देना है, यह आपको सोचना और समझना होगा। वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी दी है।

आगामी दिनों में सात लाख लोगों को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा। यह बातें सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में मूंढापांडे स्थित आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित रोजगार मेले में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान मुरादाबाद जनपद की 401 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसके साथ ही सीएम ने वहां आयोजित रोजगार मेले में 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र व विभिन्न योजनाओं के पांच-पांच लाभार्थियों को टैबलेट, चेक आवास की चाबी आदि सौंपी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि पीतल नगरी कहलाने वाला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के विकास का ग्रोथ इंजन बनेगा। यह मुरादाबाद नये और विकसित भारत में अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा यहां गुरु जंभेश्वर के नाम पर बन रहा सरकारी विश्वविद्यालय मुरादाबाद के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विकास के पंख लगाने के लिए सरकार के पास विजन होना चाहिए। इसलिए ऐसे जनप्रतिनिधियों और सरकार को चुनने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के लोगों को दूसरे प्रदेशों में सम्मान मिला है। उत्तर प्रदेश देश का दूसरा बड़ा आर्थिक रूप से समृद्ध राज्य है और अगले तीन साल में उत्तर प्रदेश देश का नंबर एक और सबसे अग्रणी मजबूत आर्थिक रूप से सशक्त राज्य बनाने का संकल्प दोहराया। हमें वही मार्ग चुनकर स्वामी विवेकानंद और अन्य महापुरुषों के सपनों का विकसित भारत बनाने में जुटना होगा।

### सपा सरकार के कार्यकाल में अपराध का बोलबाला : योगी

योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले की प्रदेश में सपा सरकार के कार्यकाल अपराध का बोलबाला था। उन्होंने कहा कि 2017 में उनकी सरकार बनने के बाद बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं। युवाओं को रोजगार और नौकरियां मिल रहा है। सपा के साथ कांग्रेस भी तुष्टीकरण की राजनीति करती है, जबकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास की प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार सुरक्षा के साथ सामाजिक सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार भी महिला सशक्तीकरण को साकार कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ ऐसी सरकार है जो आपके बच्चों के हाथ में पढ़ाई के लिए टैबलेट और एंड्रॉयड मोबाइल फोन दे रही है तो दूसरी ओर पूर्व में ऐसी सरकार थी जो तमंचा और गोली बंदूक थमाकर अपराध की ओर ले जाने वाली थी। कहां जाना है, यह आप तय करें। उन्होंने कहा कि हर काम देश के नाम और देश के लिए होना चाहिए। यही संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचप्रण पर चलने का आह्वान किया है।

# चार आरोपी गए जेल, बोरी में भरे पाउडर का रहस्य बरकरार

**▶ शनिवार को बंशीनगर चौकी के पास पुलिस ने पकड़ा था संदिग्ध माल से भरा ट्रक, जांच के लिए भेजा पाउडर का सैंपल**




भीरा-खीरी, समृद्धि न्यूज।

पुलिस के द्वारा बंशीनगर चौकी के पास संदिग्ध माल के साथ पकड़े गए ट्रक प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। मुकदमे में अन्य तीन वांछित आरोपियों के साथ उनके नेपाली साथियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। ट्रक और उसमें भरा संदिग्ध माल पुलिस की कस्टडी में है। बता दें कि भारत नेपाल बार्डर पर देश विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए कस्टम, एसएसबी, एलआईयू, आईबी, रॉ व पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां तैनात हैं। लेकिन इसके बावजूद बार्डर के रास्ते तस्करी का कारोबार लंबे अरसे से होता चला आ रहा है। आए दिन एसएसबी और पुलिस तस्करी का माल पकड़ती रहती है लेकिन फिर भी तस्करों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शनिवार को पलिया दुधवा रोड पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध माल से भरा एक ट्रक पकड़ा था। माल के साथ पकड़े गए ट्रक को पुलिस ने अपनी कस्टडी में लेते हुए पलिया कोतवाली ले आई थी। ट्रक को कोतवाली में लाने के बाद सीओ यादवेन्द्र यादव, मनबोध तिवारी ने चंदनचौकी पुलिस व एसएसबी डॉग स्क्वाड टीम के साथ छापेमारी की थी। गोदाम से संदिग्ध तीन बोरी प्लास्टिक की भी मिलने की जानकारी मिली थी जिन पर मेड इन चाइना लिखा होना बताया जा रहा था। पुलिस ने उन्हें भी अपने कब्जे में ले लिया था। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को पकड़ा था जिनसे पलिया कोतवाली में पूछताछ की जा रही थी।

जीएसटी, कस्टम के बाद रविवार को जिले से पहुंची फारेंसिक टीम ने माल का नमूना लिया था। उम्मीद है कि मंगलवार तक फारेंसिक टीम बोरी में भरे माल का खुलासा कर सकती है। सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश बंसल व प्रदीप बंसल पुत्र आनंद बसंल निवासी चंदनचौकी, किशुन पाल पुत्र रमेश चंद्र निवासी परसाखेड़ा गोटिया थाना सीबी गंज बरेली व विजय कुमार पुत्र गिरीश चंद्र निवासी बुद्धापुरवा रामनगर थाना चंदनचौकी पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई को अंजाम दिया। मुकदमे में अन्य तीन वांछित आरोपियों के साथ उनके नेपाली साथियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। ट्रक और उसमें भरा संदिग्ध माल पुलिस की कस्टडी में है।

### नेपाली नंबरों से बार्डर पर होता था काला कारोबार

चार आरोपियों को जेल भेजे जाने के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी बार्डर पर नेपाली नंबरों के माध्यम से अवैध कारोबार को अंजाम देते थे। मेड इन चाइना लिखीं बोरियों को बार्डर पर बहने वाली मोहाना नदी से पार कर माल थारू गांव बंदर भरारी लाया जाता था जिसे वहीं स्थित गोदाम पर डंप किया जाता था। फिर गोदाम से माल फर्जी अभिलेखों के सहारे ट्रक के जरिए आगे पहुंचाया जाता था।

### 2 करोड़ 70 लाख आंकी जा रही माल की कीमत

बंशीनगर चौकी के पास ट्रक में मिले माल की कीमत 2 करोड़ 70 लाख रुपए आंकी जा रही है। फिलहाल पाउडर की जांच रिपोर्ट आने के बाद उसकी असलियत और कीमत का पता चल सकेगा।

### कार्यवाही में यह लगी हुई है पुलिस टीम

ट्रक में लदे मिले माल को बरामद करने में कोतवाल पलिया मनबोध तिवारी, चंदनचौकी कोतवाल विश्व नाथ यादव, बंशीनगर चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र, भरत कुमार, अनुज कुमार, विजय तिवारी, माता प्रसाद, राहुल कुमार, रजत कुमार व आरक्षी नितिन कुमार शामिल रहे।

### क्या कहते हैं अधिकारी?

जानकारी देते हुए सीओ यादवेन्द्र यादव ने बताया कि वांछित तीन आरोपी व उनके नेपाली साथियों की तलाश की जा रही है जिन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# घाघरा नदी में समाए डुंडकी गांव के नौ आशियाने

**▶ दहशत में ग्रामीण तहसीलदार धौरहरा ने किया निरीक्षण**

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।



तहसील धौरहरा क्षेत्र में घाघरा का कहर जारी है। घाघरा नदी तहसील क्षेत्र के डुंडकी गांव के अब तक नौ घर निगल चुकी है। जिससे ग्रामीण अपने आशियाने स्वयं उजाड़ने को मजबूर है। कटान की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने ग्रामीणों से वार्ता की और हल्का लेखपाल से कटान प्रभावित परिवारों की सूची बनाकर उन्हें शीघ्र सहायता दिलाने के निर्देश दिए। तहसील क्षेत्र के डुंडकी गांव के लोग करीब 15 वर्ष पूर्व घाघरा नदी के कटान का शिकार हो चुके थे। पीड़ित परिवारों ने घाघरा के पार टापू में आशियाने बना लिए थे।

पचास घरों से आबाद इस गांव की ओर शनिवार को घाघरा नदी की नजर टेढी हो गई। देखते ही देखते नौ घर नदी के आगोश में समा चुके है। नदी में घर कटने से गांव के लक्ष्मी, किरन, फूलमती, सन्तराम, ब्रजेश, रामू, तीरथ, संजय, वंदना बेघर हो गए। प्रशासन को कटान की सूचना मिली तो तहसील प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए तहसीलदार आदित्य विशाल हल्का लेखपाल के साथ मोटर बोट के माध्यम से नदी पार मौके पर पहुंच गए। और गांव के लोगों के बीच बैठकर कटान रोकने और पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता दिलाने का आश्वाशन दिया है।

# 300 से अधिक बच्चों ने खाई फाइलेरिया की दवा

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।



स्वास्थ्य विभाग व युवा कार्यक्रम विभाग एनएसएस द्वारा संयुक्त रूप से फाइलेरिया मुक्त भारत की संकल्पना विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन सौ से अधिक बच्चों को एक साथ फाइलेरिया की दवा का सेवन कराया गया। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि युवा कार्यक्रम विभाग भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय एनएसएस के सहयोग से फाइलेरिया मुक्त भारत की संकल्पना विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन युवराज दत्त महाविद्यालय में किया गया।

इस दौरान वहां पर उपस्थित 300 से अधिक छात्र-छात्राओं को एक साथ निशुल्क फाइलेरिया की दवा का सेवन करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम जिला मलेरिया अधिकारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ और एनएसएस के नोडल अधिकारी प्रोफेसर सुभाष चंद्रा ने इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान फाइलेरिया को लेकर जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर ने बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। फाइलेरिया होने के कारण और दवा से बचाव सहित दवा खाने के फायदों के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रोफेसर संजय कुमार, प्रोफेसर विशाल द्विवेदी, डॉ ईस्ट विभु, डॉ ओपी सिंह, डॉ बृजेश शुक्ला, मोहम्मद नजीफ, विनय तोस गौतम, दीपक बाजपेई, धर्म नारायण, मोहम्मद आमिर, मानवेंद्र यादव, रचित कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जेठ-जेठानी पर मुकदमा दर्ज कर किया गिरफ्तार



सिंगाही-खीरी, समृद्धि न्यूज।

दो सगे भाईयो में बिजली बिल को अदा करने को लेकर हुई मारपीट के बाद छोटे भाई की हत्या कर घर के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर छत के कुंड से लटका देने की घटना में सिंगाही पुलिस ने हत्या के प्रयास के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर आरोपी जेठ-जेठानी को गिरफ्तार कर लिया है। तब जाकर परिजन व सगे सम्बंधी मृतक के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हो गये है। तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

सिंगाही थाना कस्बे के मोहल्ला कोरियाना भेडौरा मे शनिवार की रात सोनू पत्नी रागिनी ने अपने छोटे भाई मोनू उम्र 24वर्ष निवासी भेडौरा के बीच घर के बिजली के बिल को अदा करने को लेकर मारपीट हो गयी थी। उसके बाद मृतक मोनू की पत्नी रिंकी ने अपने जेठ सोनू जेठानी रागिनी पर आरोप लगाया कि पति की लाठी डंडे से पीट पीट कर मार कर घर के अंदर कमरे मे छत में पडे छल्ले से साडी का फंदा गले मे डालकर हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई थी और रात में ही मृतक के शव को फंदे से उतार कर जमीन पर लिटा दिया गया था। पत्नी रिंकी ने पुलिस को दी गई तहरीर में अपने पति मोनू की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस भी हत्या को आत्महत्या मानकर रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही थी। रविवार की रात जब मृतक मोनू का शव उसके घर पहुंचा तो मृतक की पत्नी ने शव का अंतिम संस्कार करने के लिए मना कर दिया और मुकदमा दर्ज कर आरोपी जेठानी की गिरफ्तारी की मांग करने लगी तो पुलिस के हाथ-पांव फूल गए और शव का अंतिम संस्कार करने के लिए परिजनो को समझाकर मान मनौती में जुट गई। लेकिन रिंकी ,और उसका देवर छोटू कश्यप के साथ माइके पक्ष के लोग नही माने अपनी जिद पर अडे रहे दोपहर बाद पुलिस ने पीएम रिपोर्ट का हवाला देते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रयास करने का मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी जेठानी रागिनी को गिरफ्तार कर लिया है तब जाकर अंतिम संस्कार करने के लिए परिजन राजी हो गए।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर उठ रहे सवाल

मोनू कश्यप निवासी भेडौरा की पत्नी चीख चीख कर कहान है की हमारे पति ने आत्महत्या नहीं की है उसको हमारे जेठ जेठानी ने पहले लाठी डंडों से खूब पीटा है उसके बाद घर के अंदर कमरे में ले जाकर वहीं पड़ी साड़ी में फंदा बनाकर गले में डालकर छत के छाले से लड़का दिया। और रात में ही मृतक के शव को उतार कर घर के अंदर जमीन पर लिटा दिया गया। पुलिस ने शब को अपने कब्जे में लेकर जब शव को सील किया था तो उसके हाथ गले व पीठ पर लाठी डंडों से पीटने के निशान साफ चमक रहे थे लेकिन पीएम रिपोर्ट में इसका जिक्र नहीं है रिपोर्ट के अनुसार मोनू की मौत सांस न चलने के कारण दम घुटने से हुई है।

### पदाधिकारी की बाइक चोरी पर महासंघ आक्रोशित

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया। कि 18, 19 अगस्त 2024 की रात को महासंघ भारत के संरक्षक भाई लाल शर्मा के निवास ग्राम छत्तीपुर थाना हैदराबाद के बरामदे से हीरो स्पलेंडर प्लस बाइक चोरी होने पर रोष व्यक्त किया। यही नहीं 19 अगस्त को हैदराबाद पुलिस ने बाइक चोरी की तहरीर दी गई। लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा तक दर्ज नहीं किया है। बाइक चोरी की घटना से आक्रोशित महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव रामजी शर्मा एडवोकेट, जिला अध्यक्ष खीरी बालकृष्ण शर्मा एडवोकेट, जिला अध्यक्ष सीतापुर डॉ अवधेश कुमार, जिला अध्यक्ष शाहजहांपुर ओम वीर, जिला अध्यक्ष पीलीभीत सुरेंद्र प्रकाश ने रोष व्यक्त किया है। साथ ही चेतावनी दी हैं कि यदि हैदराबाद पुलिस बाइक बरामद करने में असफल रही। तो महासंघ पुलिस अधीक्षक खीरी को ज्ञापन देकर कार्रवाई करने के लिए विवश होगा।

# सीएम ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का लिया संज्ञान, बोले घटनाओं पर लगाएं अंकुश

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

**▶ प्रभावित जिलों में वन टीम बढ़ाने, कॉम्बिंग करने, मॉनीटरिंग एवं जनजागरूकता फैलाने के दिये निर्देश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हाल के दिनों में घटित मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने, उनकी मॉनीटरिंग करने एवं घटनाओं के बढ़ने के कारणों पर मंथन करने के निर्देश दिये ताकि इन पर अंकुश लगाया जा सके। सीएम योगी के निर्देश के बाद मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल सक्रिय हो गई और आनन-फानन में टीम बनाकर कॉम्बिंग एवं गांव-गांव में जाकर जन जागरुकता फैलाने के निर्देश दिये।

### डीएम ने दिये दिशा-निर्देश

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत और राजस्व विभाग को जरूरी दिशा निर्देश जारी किये है। उन्होंने कहा कि रेंज स्तर पर वन क्षेत्रों में गश्त के साथ जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त के लिए कार्ययोजना के अनुसार वनकर्मियों की टीम रोजाना गश्त करें, इसकी सूचना रजिस्टर पर अंकित करें। आरक्षित वन क्षेत्रों से लगे ग्रामों में मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए बैठकों का आयोजन किया जाए एवं वन्य जीवों से सावधानी बरतने के लिए ग्रामीणों को सजग किया जाए। ग्रामीणों को यह समझाया जाए कि वह अपने खेतों में कृषि कार्य के लिए समूहों में आवाज करते हुए जाएं, जिससे वन्यजीव रास्ते से हट जाएं। सार्वजनिक स्थलों पर (मन्दिर, गुरूद्वारा, मस्जिद, स्कूल, स्थानीय बाजार, गन्ना क्रय केन्द्र, विकास खंड कार्यालय, तहसील) वन्यजीवों से सावधानी रखने से संबंधित होर्डिंग्स लगवाए जाएं।

### सीएम के फरमान पर एक्शन में डीएम, जारी की एडवाइजरी

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के विभिन्न जिलों से आदमखोर भेड़िये या तेंदुए द्वारा हमले की सूचना आ रही है। उन्होंने इन घटनाओं को नियंत्रित करने, वन्यजीव को पकड़ने एवं आवश्यकतानुसार जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभावित जिलों में प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत, राजस्व विभाग द्वारा व्यापक जन जागरूकता पैदा करने एवं लोगों को सुरक्षा के उपायों के बारे में भी बताने के आदेश दिये। बैठक के बाद वन मंत्री और संबंधित अधिकारी हरकत में आ गए। वन मंत्री ने बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बिजनौर सहित अन्य जिलों में तत्काल वन विभाग के अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिये। साथ ही ज्वाइंट पेट्रोलिंग बढ़ाने का आदेश दिया। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों को जिलों में कैंप करने, जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां लाइट की समस्या हो, वहां पेट्रोमैक्स की व्यवस्था करने का आदेश दिया। बता दें कि उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जिसने मानव-वन्यजीव संघर्ष को आपदा घोषित किया है। इसके जरिये वन्य जीवों के हमले में घायल लोगों अथवा असमय काल-कवलित हुए लोगों के परिवारीजनों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### वन कर्मियों को ग्राम प्रधानों से संपर्क रखने के निर्देश

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिये कि संयोगवश यदि किसी क्षेत्र में मानव वन्य जीव संघर्ष की कोई घटना घटित होती है तो तत्काल स्थानीय स्टाफ एवं रेंज स्टाफ द्वारा रेस्क्यू करने के साथ उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए। वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में गश्त के दौरान रेंजस्तर पर उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग किया जाए। इसके अलावा स्थानीय स्वयं सहायता समूह, बुद्धिजीवी संवर्ग, ग्राम प्रधान एवं वन्यजीव पशुओं के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों से सहयोग लिया जाए। आरक्षित वन क्षेत्र से लगी ग्रामीण सीमाओं एवं पगडंडियों पर स्थानीय स्टाफ द्वारा गश्त एवं एंटी स्नेयर बाक लगातार की जाए। जंगल सीमा से लगे गांवों के ग्राम प्रधानों से स्थानीय वन कर्मियों द्वारा आपस में मोबाइल द्वारा संपर्क रखा जाए।

# ग्राम प्रधानों की समस्या को लेकर सीडीओ से मिले ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार ईसानगर



ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

ईसानगर ब्लॉक में फैली अव्यवस्थाओं तथा प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा की जा रही वसूली समेत अन्य समस्याओं को लेकर परेशान ग्राम प्रधानों द्वारा शनिवार को दिये गए ज्ञापन को गभीरता से लेते हुए ब्लॉक प्रमुख ईसानगर आलोक कटियार ने सोमवार को सीडीओ अभिषेक कुमार से मिलकर मामले को लिखित रूप से देकर अवगत कराया, जिसको संज्ञान में लेकर सीडीओ खीरी ने ब्लॉक प्रमुख को जल्द ही कार्यवाही का अस्वासन दिया है। ब्लॉक में फैली अव्यवस्थाओं व प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा की जा रही धन वसूली,प्रधानों द्वारा कराए गए कार्य का पेमेंट न करके, ठेकेदारों को जल्द पेमेंट देने, मीटिंग हॉल समस्या सहित अन्य समस्याओं से परेशान ग्राम प्रधानों द्वारा शनिवार को भाजपा नेता व ईसानगर ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार (दीपू) को ज्ञापन दिया था, जिसको गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सोमवार को सीडीओ से मुलाकात कर ग्राम प्रधानों की समस्या को लिखित रूप में देकर त्वरित कार्यवाही करने के लिए मांग की, जिसको संज्ञान में लेकर सीडीओ ने जांच उपरांत कार्यवाही की बात कही।

> ग्राम प्रधानों की समस्याओं को लेकर आज हम सीडीओ के पास गए थे,जिसको संज्ञान में लेकर सीडीओ ने जल्द ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। हम ग्राम प्रधानों के साथ है आवश्यकता पड़ी तो ब्लॉक में फैली अव्यवस्थाओं की वजह से परेशान ग्राम प्रधानों की समस्याओं को दूर करने के लिए हम ग्राम प्रधानों द्वारा मिले साक्ष्य सहित मुख्यमंत्री जी से भी मिलेंगे।
> आलोक कटियार (दीपू भैया ) प्रमुख ईसानगर

# झोपड़ी में बैठी बालिका को पानी में खींच ले गया था मगरमच्छ

**▶ तलाश में जुटा था महकमा, मिली लाश, रोते बिलखते परिजन**

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।



थाना ईसानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत ओझा पुरवा के मजरा पचासा में सुतिया नाले से निकलकर झोपड़ी में बैठी शेखर की 12 वर्षीय पुत्री रूपा देवी को मगरमच्छ गहरे पानी में खींच ले गया। पड़ोस में मौजूद रूपा देवी के भाई ने शोर मचाया तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। और घटना की जानकारी वन कर्मचारियों को दी। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा नरेंद्र सिंह ने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर बालिका की खोज बीन शुरू कर दी आज दिनाक दो सितम्बर दिन सोमवार को बालिका का शव बरामत हुवा है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

धौरहरा रेंजर नतेंद्र कुमार त्रिवेदी ने बताया कि कल बेहद दुखद घटना घटित हुई थी, जैसे ही मेरे संज्ञान में आया वहां पर अपने कर्मचारियों को भेज कर खोज चालू कर दी गई थी, काफी मशक्कत के बाद बालिका का शव बरामद हुआ है जिसका पंचनामा किया जा रहा है। मजरा पचासा में सुतिया नाले से निकलकर झोपड़ी में बैठी शेखर की 12 वर्षीय पुत्री रूपा देवी को मगरमच्छ गहरे पानी में खींच ले गया। पड़ोस में मौजूद रूपा देवी के भाई ने शोर मचाया तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। और घटना की जानकारी वन कर्मचारियों को दी। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा नरेंद्र सिंह ने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर बालिका की खोज बीन शुरू कर दी 02 सिम्बर को बालिका का शव बरामत हुवा है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। धौरहरा रेंजर नतेंद्र कुमार त्रिवेदी ने बताया कि बेहद दुखद घटना घटित हुई थी, जैसे ही मेरे संज्ञान में आया वहां पर अपने कर्मचारियों को भेज कर खोज चालू कर दी गई थी, काफी मशक्कत के बाद आज बालिका का शव बरामद हुआ है जिसका पंचनामा किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार संविदाकर्मी की मौत

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर।** गोला लखीमपुर रोड पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार संविदा कर्मी की मौत हो गई। बता दें कि आशीष कुमार वर्मा उर्फ राहुल वर्मा 30 पुत्र गुरुप्रसाद निवासी मथुरानगर कालोनी, गोला देहात नानपारा में संविदा कर्मी के पद पर तैनात था। तथा सोमवार को बाइक से नानपारा जा रहा था।
जैसे ही वह लखीमपुर रोड पर ग्राम केशवापुर के पास पहुंचा। उसी समय एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी गोला जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसआई अरविंद मौर्य ने मयहमराही मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की सूचना पर मृतक के साले मनोज वर्मा, कौशल किशोर वर्मा पहुंच चुके थे।



## पर्यावरण के प्रति जागरुक करने के लिए महिलाओं ने किया पौधरोपण

**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी।** वूमेंस सोसायटी आफ गोला की महिलाओं ने पर्यावरण के प्रति जागरुक करने के लिए पौधारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमिला गुप्ता ने कहा कि हम सभी को बेहतर माहौल बनाने के लिए पर्यावरण पर निश्चित रुप से सार्थक प्रयास करने चाहिए। समय समय पर पौधों का रोपण करने व आस पास के लोगों को भी जागरुक करना चाहिए। महिलाओं ने संयुक्त रुप से शहर की कृष्ण वाटिका में अशोक, कटहल, अमरूद, केला, गुहल, चांदनी, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के तकरीबन 25 पौधों का रोपण किया। इस मौके पर संस्था की महामंत्री अंशु आनंद, मंत्री रत्ना अवस्थी, संगठन मंत्री राखी गुप्ता, आराधना गुप्ता, रेखा गुप्ता, श्वेतता, शीलू, मीना भसीन, रोली मौजूद रही।

# जेसीबी मशीन खरीदने में ठगी का शिकार हुआ युवक

गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।

**▶ एसपी से शिकायत के बावजूद नहीं दर्ज हुआ मुकदमा**

शहर निवासी दो युवक एक जेसीबी मशीन खरीदने के मामले एक गिरोह के झांसे में आकर लाखों रुपया गवां बैठे। हालांकि पीडितों ने गिरोह के सदस्यों को फोन पे, आरटीजीएस के माध्यम से पैसों का लेन देन किया।

ठगे जाने के बाद पीडितों ने गोला कोतवाली में गुहार लगाई। लेकिन कोई सुनवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी। इसके बाद भी गोला कोतवाली पीडितों की तहरीर पर कोई कार्रवाई करने में दिलचस्पी नहीं ले रही है। साथ ही पीडितों से ही साक्ष्य की दरकार कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पुलिस अधीक्षक खीरी को प्रेषित प्रार्थना पत्र में पीडित शादाब उल्ला खां पुत्र इस्तियाक उल्ला खां निवासी मुहल्ला वीरेंद्रनगर, मंयक कश्यप उर्फ सूरज पुत्र हरीशचंद्र निवासी मुहल्ला भारत भूषण कालोनी थाना गोला जिला खीरी ने बताया।

कि उन्होने एक जेसीबी मशीन खरीदने के संबंध में विपक्षी मुस्तफा पुत्र मोईद रजा निवासी मुहल्ला ऊंची भू थाना गोला जिला खीरी से बात की। जिस पर विपक्षी ने 4 जुलाई 2024 को सादाब के व्हाट्सएप नंबर पर जेसीबी का फोटो भेजा। साथ ही विपक्षी के साथी भूपेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश, नरेंद्र कसाना पुत्र अज्ञात, अनुज उर्फ आशू पुत्र अज्ञात निवासीगण ग्राम रेवड़ी रेवड़ा गांव मुरादनगर थाना मुरादनगर जिला गाजियाबाद से फोन पर उसकी बात कराई।

जिस पर उसने विपक्षीगणों के मध्य जेसीबी खरीदने के सौदे के तहत पच्चीस लाख पच्चीस हजार रुपये में सौदा तय हुआ। इसके उपरांत उक्त समस्त विपक्षियों के कहने पर वह जेसीबी मशीन देखने गया। तथा मौके पर ही तत्काल फोन पे एप से टोकेनमनी के रुप में बीस हजार रुपये अनुज उर्फ आशू के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद विपक्षी मुस्तफा को नकद 50 हजार रुपए और दिए। तथा मुस्तफा के कहने पर विपक्षी अनुज उर्फ आशू के फोन पे एप पर 09.जुलाई 2024 को 50 हजार रुपए व विपक्षी भूपेन्द्र के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 09.जुलाई .2024 को चार लाख अस्सी हजार रुपए व पांच लाख पचास हजार रुपए व 13.जुलाई 2024 को भूपेन्द्र के एकाउंट में एक हजार रुपए, 13.जुलाई को ही विपक्षी अनुज उर्फ आशू के फोन पे 99,000 रु0 व दिनांक 15.जुलाई को विपक्षी अनुज उर्फ आशू के फोन पे पचास हजार रुपए, 16.जुलाई को आरटीजीएस से विपक्षी भूपेन्द्र के खाते में दो लाख रुपय दिए। इस प्रकार अब तक 15 लाख 50 हजार रुपये उक्त विपक्षियों को दिए गए।

### जिम्मेदार की सुनिए

मामले पर प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि मामला संज्ञान में है। किंतु नवीन नियमों में बदलाव के चलते पीडित द्वारा साक्ष्य उपलब्ध कराने पर ही मामला दर्ज किया जा सकता है। पीडित को बताया गया कि वह दस्तावेज उपलब्ध कराए इसके बाद ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

इसके बाबजूद विपक्षी जेसीबी मशीन बेचने से मना कर रहे है और न ही रुपया वापस कर रहे है। विपक्षीगणों द्वारा प्रार्थीगण का रुपया हड़पकर उनके साथ छल व कपट व धोखाधड़ी की गई। साथ ही जान माल की धमकी दी जा रही है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम NAFEES S/O LATEEF KHAN निवासी ग्राम बनवारी हटवा हरदास पोस्ट चिलवरिया थाना देहात कोतवाली जनपद बहराइच था जो आज दिनांक 21.07.2024 से मैंने अपना नाम बदलकर NAFEES KHAN S/O LATEEF KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम NUSRATULLA S/O INAMULLA निवासी मोहल्ला बशीरगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच था। जो कि आज दिनांक 08.08.2024 को मैंने अपना नाम बदलकर NUSRAT ULLAH S/O INAMULLA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

# केजीएमयू में तीमारदारों के लिए अत्याधुनिक निःशुल्क आदर्श स्थाई रैन बसेरे का लोकार्पण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । विश्व प्रसिद्ध बिजनेस टायकून डॉ. अभिषेक वर्मा एवं प्रिंसिस निकोल ने फ्रूडमैन विशाल सिंह के हंगर फ्री वर्ल्ड मिशन का समर्थन करते हुए वीणा वर्मा की स्मृति में केजीएमयू मेडिकल यूनिवर्सिटी में मरीजों के तीमारदारों हेतु निःशुल्क आदर्श स्थाई रैन बसेरा का लोकार्पण विजय श्री फाउंडेशन के तत्वावधान में किया।

इस मौके पर फ्रूडमैन विशाल सिंह ने प्रिंसिस निकोल को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया, वहीं निधि शर्मा और अवंतिका यादव ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर निकोल ने तीमारदारों को आवश्यक वस्तुओं के साथ फल भी वितरित किया। इस दौरान उन्होंने तीमारदारों की सेवा हेतु अपनी दादी वीणा वर्मा की स्मृति में वीणा सेवालय का लोकार्पण किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं गौरवान्वित महसूस कर रही हूं कि मेरा परिवार राष्ट्र सेवा के साथ समाजसेवा कर रहा है। प्रिंसिस निकोल ने इस दौरान विजय श्री फाउंडेशन के द्वारा 17 वर्षों से अनवरत जारी मानवता की सेवा से प्रेरित होकर 10 लाख रुपए का सेवा सहयोग दिया, जिसका मकसद है कि फ्रूडमैन विशाल सिंह द्वारा अस्पतालों में गंभीर बिमारी से जूझ रहे मरीजों के निरूशक्त तीमारदारों को लगातार सेवाएं प्रदान होती रहें।

आपको बता दें डॉक्टर अभिषेक वर्मा का परिवार सेवा व्यक्तित्व भाव का धनी है। माता पिता के संस्कार और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लाखों लोगों की मदद कर रहे हैं। आज अपनी मां की जन्म जयंती के अवसर पर डॉ. अभिषेक वर्मा ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इस आदर्श स्थाई अत्याधुनिक रैन बसेरा विजय श्री फाउंडेशन के मध्यम से अस्पताल में आए हुए रोगियों के तीमारदारों की सेवा हेतु समर्पित किया है।

# पार्षदों ने जोन-7 के सफाई निरीक्षक के खिलाफ खोला मोर्चा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम का सदन सोमवार को दूसरे दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ। कांग्रेस पार्षद ने नाम बदलने के प्रस्ताव का विरोध किया। वहीं, बीजेपी पार्षदों ने जोन-7 के सफाई निरीक्षक सुनील वर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और उन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह मनमानी कर रहे हैं और उन्होंने पार्षदों के दिशा-निर्देशन की हमेशा अवहेलना करते हैं और अपने को जनप्रतिनिधियों से ऊपर दिखाने का प्रयास करते रहते हैं जिससे जनता के बीच प्रदेश सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उनके इसी रवैये के चलते लगभग दर्जनों पार्षद अपने क्षेत्र में उन्हें




नहीं चाहते है जिसके चलते सदन में इसका विरोध हुआ।

बीजेपी पार्षद ने जल निगम पर गंभीर आरोप लगाया और कहा कि नई बनी सड़कों को भी सीवरलाइन बिछाने के नाम पर खोदकर बर्बाद किया जा रहा है। पार्षद ने करंट से मृत युवक का मुद्दा भी उठाया। सदन में लगातार पार्षद अपनी बात रख रहे हैं। बीजेपी के पार्षद ने उनके वार्ड में एक खंडहर में नशे का कारोबार चलने का मुद्दा उठाया है। बता दें कि,

**पार्षदों के दिशा-निर्देशन की हमेशा अवहेलना करते हैं सफाई निरीक्षक, जनता के बीच प्रदेश सरकार की छवि हो रही है धूमिल**

सदन के पहले दिन 95 में महज 35 पार्षद ही अपनी बात रख पाए थे। ऐसे में अगर आज सभी पार्षद पहुंचते हैं, तो 75 लोग अपनी बात रख सकेंगे।

पिछली बैठक में शहर में साफ-सफाई का मुद्दा छाया रहा और प्राइवेट कंपनी को लेकर पार्षदों में विवाद भी हुआ। बीजेपी, कांग्रेस और सपा के पार्षद हमलावर रहे। वहीं, मेयर सुषमा खर्कवाल ने पार्षदों को समझाने का प्रयास किया था। नगर निगम सदन में कांग्रेस की पार्षद ममता चौधरी ने कहा कि अमृत योजना के तहत 318 करोड़ रुपए के काम कराए गए, लेकिन जमीन पर कुछ नजर नहीं आता। नगर निगम के पार्षद रणजीत सिंह ने आरोप लगाया कि सवालों का सही जवाब भी अभियंत्रण विभाग की तरफ से नहीं दिया जाता है। नगर निगम की सड़क पर लोक निर्माण विभाग दी जाती है। इसके अलावा वहां पर हुए अतिक्रमण को भी नहीं हटाया जाता है। पार्षद भृगुनाथ शुक्ला ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में काम नहीं मिला। जिस पर मेयर ने कहा कि उनके वार्ड में काम हुआ है। उन्होंने पूरी सूची पढ़कर सुना दी। अपर नगर आयुक्त एके राव ने कहा कि शहर में बंदर पकड़ने का राइट उनके पास नहीं है। वन विभाग का ही यह अधिकार है। वह नियमों को घुमा रहा है। लखनऊ के लाला लाजपत वार्ड से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद राघव राम तिवारी ने कहा कि उनके वार्ड में 5 करोड़ रुपए से नाला बना था। उस नाले पर अवैध कब्जा हो गया है। यहां तक कि अस्पताल तक तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि पार्षदों को भी सुरक्षा दी जाए लखनऊ में चिनहट द्वितीय वार्ड के पार्षद कौशलेंद्र वर्मा ने कहा कि गोमती नगर विभूति खंड की सड़क खराब हो चुकी है। यहां तक की राज्य सूचना आयोग कार्यालय के सामने की सड़क में इतने गड्ढे हो गए हैं, कि चलना दूभर है।

## खबरें एक नजर में

### समाज कल्याण विभाग भूला वादा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने लखनऊ में परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी से ऑनलाइन विचार विमर्श कर समाज कल्याण विभाग में स्थगित आंदोलन को पुनः शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने अवगत कराया है कि उपनिदेशक समाज कल्याण ने परिषद की महामंत्री को 30 अगस्त तक सभी शिक्षकों का नवीनीकरण बिना शर्त किए जाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि एटीएस रैन बछरावां की शिक्षिका अरुणा शुक्ला का नवीनीकरण 30 अगस्त तक कर दिया जाएगा परंतु अभी तक निदेशालय का कोई सकारात्मक दृष्टिकोण नजर नहीं आ रहा है। निदेशक समाज कल्याण वार्ता से कतरा रहे हैं। शिक्षकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जेएन तिवारी ने कहा है कि अरुणा शुक्ला का अनावश्यक एक स्पष्टीकरण दिया गया था जिसका जवाब उन्होंने दे दिया है लेकिन फिर भी अभी तक नवीनीकरण की कार्यवाही नहीं की गई है परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संयुक्त परिषद के महामंत्री के साथ उत्पीड़न को गंभीरता से लेते हुए यह निर्णय लिया है कि यदि एक सप्ताह के अंदर किए गए वादे पूरे नहीं किए गए तो पुनः समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग में आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

### यूपीएसआरटी मुख्यालय पर मृतक आश्रितों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में यूपीएसआरटी मुख्यालय पर मृतक आश्रितों का धरना-प्रदर्शन फिर शुरू हो गया है। सुबह से मुख्यालय के गेट के सामने मृतक आश्रित पहुंचना शुरू हो गए। पोस्टर बैनर लेकर पहुंचे मृतक आश्रितों का कहना है कि योगी जी हम पर दया करो। हम दर-दर भटक रहे हैं। मृतक आश्रित भर्ती प्रक्रिया को पूरी करने की मांग कर रहे हैं। नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बदायूं, आजमगढ़, वाराणसी, झांसी सहित अन्य शहरों से मृतक आश्रित लखनऊ में नौकरी की मांग को लेकर पहुंचे हैं। जून में मृतक आश्रितों का धरना प्रदर्शन 8वें दिन स्थगित हो गया था। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने अगस्त तक सभी की नियुक्ति का आश्वासन दिया था। इस पर लोगों ने धरना वापस ले लिया था। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने मृतक आश्रितों को नौकरी के लिए चार सदस्यीय मृतक आश्रित प्रतिनिधि मंडल से बात की थी। इसमें मृतक आश्रित शिवम कुमार और आशीष ने कहा था कि एमडी ने कहा कि निगम और मृतक आश्रितों से संबंधित बजट का प्रस्ताव 31 जुलाई तक कैबिनेट में रखा जाएगा। इसके बाद 15 अगस्त तक मृतक आश्रितों को नौकरी दी जाएगी, लेकिन मृतक आश्रितों की मांग पूरी नहीं हुई।

### पटेल बने अपना दल एस अयोध्या मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और अपना दल एस के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री और सुल्तानपुर प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश आशीष पटेल के दिशा निर्देश पर जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल को अयोध्या मंडल का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। अविनाश पटेल ने अयोध्या मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को तहे दिल से धन्यवाद दिया।

### यूपी की राज्यपाल ने पैरालंपिक पदक विजेताओं को दी बधाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को पेरिस पैरालंपिक में भारत के योगेश कथुनिया को चक्का फेक स्पर्धा एवं निषाद कुमार को ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतने एवं महिला स्प्रिंटर प्रीति पाल को महिलाओं के 200 मीटर टी 35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि इन युवाओं की इस उपलब्धि ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पदक विजेता युवाओं ने यह साबित किया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से किसी भी मुकाम पर पहुंचना संभव है। इनकी जीत ने दिखाया है कि कठिनाइयों का सामना करने के बाद भी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इस जीत को सभी भारतवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

### पर्यटन मंत्री आज मैनपुरी में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 03 सितम्बर को एके इण्टर कालेज बरनाहल मैनपुरी में मुख्यमंत्री के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अपराह्न 01:30 बजे एके इण्टर कालेज बरनाहल में निर्मित हेलीपैड पर मुख्यमंत्री के आगमन पर उनका स्वागत करेंगे एवं कार्यक्रम समाप्ति के बाद लगभग 04 बजे मुख्यमंत्री को बिदा करेंगे। इसके उपरान्त पर्यटन मंत्री शाम 07 बजे तक लखनऊ स्थित आवास पर पहुंचेगे।

### भाजपा सदस्यता अभियान में हर घर, हर वर्ग को जोड़ें : सीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं से आज से शुरू हो रहे पार्टी के सदस्यता अभियान में हर व्यक्ति और वर्ग को शामिल करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज से प्रारंभ हो रहा भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान व्यक्ति को राष्ट्र प्रथम की भावना, जनसेवा के संकल्प, अंत्योदय के प्रण और विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ जोड़ने का आंदोलन है। आदित्यनाथ ने इसी पोस्ट में कहा, आइए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदत्त सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासश् मंत्र को आत्मसात कर भाजपा के हम सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता से इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाएं। उन्होंने कहा, ध्यान रहे, कोई घर, कोई व्यक्ति, कोई वर्ग छूटने न पाए।

### आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन, कंगना के खिलाफ नारेबाजी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर कार्यालय के बाहर आम आदमी कार्ड पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बीजेपी सांसद कंगना रनौत के खिलाफ प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के पार्टी प्रदेश कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी बल तैनात रही। यह प्रदर्शन बीजेपी सांसद कंगना द्वारा किसानों के ऊपर की गई टिप्पणी के विरोध में किया।

कंगना रनौत ने एक इंटरव्यू में तीन कृषि कानूनों को लेकर विवादित बयान दिया था। जिसके बाद से ही दिल्ली हरियाणा और पंजाब में कंगना के बयान का विरोध हो रहा है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी प्रदेश कार्यालय से लेकर 1090 तक पैदल मार्च और प्रदर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे थे। इस प्रदर्शन के साथ आम आदमी पार्टी ने कंगना रनौत के बयान की निंदा की और किसानों के सम्मान में आवाज उठाई है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रदेश कार्यालय में बड़ी संख्या में पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। उनके हाथों में मोदी सरकार मुर्दाबाद और कंगना रनौत शर्म करो जैसे पोस्टर थे। पुलिस ने पार्टी प्रदेश कार्यालय के पास बेरीकेटिंग लगाई और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को 1090 चौराहे जाने से रोका।

### मुफ्त मिलेंगी पॉपकॉर्न बनाने की मशीनें, करें आवेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत पिछड़े वर्ग के भुर्जी समाज के कारीगरों और पॉपकॉर्न उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है।

इस योजना के तहत, आधुनिक पॉपकॉर्न बनाने की मशीनें नि:शुल्क वितरित की जाएंगी, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी लखनऊ ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उन कारीगरों को सहायता प्रदान करना है जो पारंपरिक तरीके से पॉपकॉर्न बनाने का कार्य करते हैं। लखनऊ जिले के कारीगरों जो पॉपकॉर्न उत्पादन और बिक्री के व्यवसाय में संलग्न हैं वो आवेदन 5 सितंबर तक जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, 8 कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ स्थित कार्यालय में जमा कर सकते हैं । आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, और बैंक पासबुक की छायाप्रति शामिल हैं।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान : केशव मौर्य

**डिप्टी सीएम ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी जन समस्याएं**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैम्प कार्यालय-7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना। जनता दर्शन मे लगभग 3 दर्जन जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत अमरोहा, एटा, व मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारी, देवरिया व बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व व पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

### अभ्यर्थियों ने केशव मौर्य के आवास पर किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती आरक्षण विवाद को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ डबल बेंच ने मेरिट लिस्ट को रद्द कर दिया है। इसके बाद से नौकरी कर रहे अभ्यर्थियों पर नौकरी जाने का संकट खड़ा हो गया है। इसे लेकर नाराज अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास पर घेराव करने राजधानी लखनऊ पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों पर जमकर लाठियां बरसाई। कुछ अभ्यर्थियों को हिरासत में ले लिया गया। आप को बता दें कि दिसंबर 2018 में 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी, भर्ती में आरक्षण को लेकर सवाल उठे। आरक्षण मुद्दे को लेकर अभ्यर्थियों ने कोर्ट में याचिका डाली।

# उप चुनाव में सभी दसों सीटें जीतेगी सपा : माता प्रसाद

समृद्धि न्यूज

**सरकार की वजह से हर व्यक्ति 31,147 रुपए का कर्जदार**

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय आज गाजीपुर पहुंचे। उन्होंने यूपी सरकार की बुलडोजर नीति को आपराधिक लोगों की नीति बताया और कहा की उपचुनावों में समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। मीडिया से मुखातिब माता प्रसाद ने कहा कि हमने कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने की अपील की है जिससे 2027 में यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार बन सके।उन्होंने कहा, उपचुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटों को जीतने का प्रयास करेगी।

बुलडोजर नीति पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई पर उन्होंने कहा कि इस नीति की उनकी पार्टी ने हमेशा आलोचना की है। उनकी पार्टी ने सदन और सदन के बाहर हमेशा बुलडोजर नीति का विरोध किया है। ये कोई कानूनी नीति नहीं है बल्कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की नीति है।ओम प्रकाश राजभर के पीडीए को पंडित डेवलोपमेन्ट अथारिटी बताये जाने पर कहा कि ओमप्रकाश राजभर आज समाजवादी पार्टी की वजह से ही खड़े हैं। वो अकेले दम पर कुछ नहीं जीते थे। 2017 में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर ही विधायक निर्वाचित हुए थे। ओमप्रकाश राजभर की बातों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिये। पीडीए दलित अल्पसंख्यक और शोषित समाज का गठबंधन है। रेप की बढ़ती घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार सभी को समान नजरिये से नहीं देख रही है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में रेप की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के घर बुलडोजर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। सरकार की मंशा केवल कानून का सहारा लेकर विरोधी दलों को झुकाने की है।सरकार चाहे कुछ भी कर ले समाजवादी पार्टी झुकने वाली नहीं है। समाजवादी पार्टी आमलोगों की लड़ाई लड़ती रहेगी। अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार विकास के नाम पर लोन लेती है और इससे विकास योजनाएं चलायी जाती हैं लेकिन सरकार ने इतना अधिक लोन ले लिया है कि उसका ब्याज बढ़ता जा रहा है।

# कुष्ठ रोग की पहचान बताने पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

समृद्धि न्यूज

**कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का एमएलसी ने किया शुभारंभ**

**लखनऊ** । राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान (एलसीडीसी) का शुभारंभ सोमवार को विधायक मुकेश शर्मा, सदस्य विधान परिषद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेडक्रॉस पर किया गया। इस मौके पर विधायक ने कुष्ठ जागरूकता रैली और अभियान में लगी टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुष्ठ रोग के प्रति समाज को जागरूक करना बहुत जरूरी है क्योंकि इसको लेकर लोगों में बहुत से भ्रांतियां व्याप्त हैं।

कुष्ठ रोगियों को खोजकर और उनका समय पर इलाज कर उन्हें पूरी तरह से कुष्ठ मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने अपील की कि जब भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर पर आएं तो उनका सहयोग करें। अगर कुष्ठ को कोई संभावित रोगी है तो छुपाएं नहीं बल्कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बताएं जिससे कि समय से उसका उपचार किया जा सके। राज्य कुष्ठ अधिकारी डा. जया देहलवी ने बताया कि 14 दिवसीय कुष्ठ रोगी खोजी अभियान दो सितंबर 15 सितंबर तक चलेगा। यह रोग बैक्टीरिया जनित और अत्यंत संक्रामक होता है। कुष्ठ का इलाज मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीटी) द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क किया जाता है। कुष्ठ रोग के लक्षण आने पर क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता या ए एनएम से सम्पर्क करें या पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं। दिव्यांगता की स्थिति में करेक्टिव सर्जरी निःशुल्क होती है।

कुष्ठ से बचाव की दवा का सेवन करने से कुष्ठ होने की संभावना 90 फीसद कम हो जाती है। सही समय से कुष्ठ की पहचान और इलाज करने से यह सौ फीसद ठीक हो जाता है। कुष्ठ के बैक्टीरिया का इंक्यूबेशन पीरियड दो से पांच साल कभी-कभी 20 साल तक होता है अर्थात संक्रमण होने के बाद लक्षण आने में 20 साल तक का समय लग सकता है। सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि इसे कुष्ठ मुक्त बनाएं।

### चोरों ने विधायक को भी नहीं छोड़ा, टोटी व प्लंबिंग का सामान लेकर फरार

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। जहां बेखौफ चोरों ने एक विधायक के घर पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर विधायक के घर से टंकी और टोटी चोरी कर ले गए। अब सरकारी आवास पर हुई चोरी की इस घटना ने सुरक्षा-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है और एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर जिले के शोहरतगढ़ सीट से विधायक विनय वर्मा के सरकारी आवास में चोरी हुई है। इस दौरान चोर उनके आवास से टंकी और टोटी चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस डॉग स्क्वायड समेत अन्य सभी टीमें लगाकर बारीकी से मामले की छानबीन कर रही हैं। बताया जा रहा है कि विधायक विनय वर्मा के घर में हुई चोरी की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। दरअसल, बटलर पैलेस कॉलोनी के सरकारी आवास में काम चल रहा था, इसी दौरान मौका पाकर बेखौफ चोरों ने टंकी और टोटी पर हाथ साफकर दिया।

# सांस्कृतिक विरासत संरक्षित करना लक्ष्य : जयवीर

**डा हेरोल्ड गुडविन ने मैनपुरी व मथुरा की हस्तनिर्मित कलाकृतियों का किया अवलोकन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश में रिस्पांसिबल टूरिज्म को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए पर्यटन विभाग और इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पांसिबल टूरिज्म आईसीआरटी के बीच पिछले दिनों समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ था। आईसीआरटी की स्थापना वर्ष 2002 में डॉ. हेरोल्ड गुडविन के द्वारा वर्ल्ड टूरिज्म मार्ट डब्ल्यूटीएम लंदन में केपटाउन घोषणा के बाद की गई थी।

आईसीआरटी के संस्थापक डा हेरोल्ड गुडविन ने आज सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मथुरा के एक गांव जैत का भ्रमण किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहे उत्तर प्रदेश में पर्यटकों के सुविधार्थ पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं के निरंतर विकास का कार्य किया जा रहा है।

पर्यटन क्षेत्र में हमारी जिम्मेदारियां हैं, जिसे रिस्पांसिबल टूरिज्म के नाम से जानते हैं। रिस्पांसिबल टूरिज्म का अर्थ है, पर्यटन या उससे जुड़े विकास कार्यो को इस तरह करना, जो लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास में सहायक हो एवं पर्यटन स्थल के पर्यावरणीय संरक्षण तथा सुरक्षा करते हुए सतत सस्टेनेबल पर्यटन को बढ़ाए। इसका लक्ष्य पर्यटन स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ स्थानीय समुदायों को पर्यटन से होने वाले लाभ में भागीदार बनाना है। राज्य पर्यटन विभाग ने भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा से रिस्पांसिबल टूरिज्म पर पहल शुरू की है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पांसिबल टूरिज्म लंदन के प्रमुख डॉ. हेरोल्ड गुडविन ने सोमवार को मैनपुरी भांवत व 04 सितंबर को प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर का भ्रमण करेंगे। इसके पहले मंगलवार को लखनऊ में आयोजित वर्कशॉप में हिस्सा लेंगे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में पर्यटन उद्योग से जुड़े उद्यमी हिस्सा लेंगे। डा गुडविन मथुरा में सबसे पहले कालिया नाग मंदिर पहुंचे। दर्शन के बाद मिट्टी के बर्तन-खिलौने, लड्डू गोपाल की पोशाक, तुलसी माला, मक्खन बनाने की प्रक्रिया को देखा।

### बीएचयू-आईआईटी छात्रा से गैंगरेप के आरोपियों को जमानत मिलने का विरोध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में सोमवार को एनएसयूआई ने जोरदार प्रदर्शन किया। बीएचयू-आईआईटी में छात्रा के साथ हुए गैंगरेप के आरोपियों को जमानत मिलने के बाद आज एनएसयूआई कार्यकर्ता बेहद आक्रोशित थे। सोमवार को लखनऊ विवि के गेट नंबर एक पर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पीएम का पुतला भी फूंका, हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों ने किसी तरह हालात को काबू में किया। मौके से करीब एक दर्जन कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। एनएसयूआई के लखनऊ विश्वविद्यालय विंग के द्वारा बीएचयू-आईआईटी में गैंगरेप के आरोपियों को जमानत मिलने के लिए सीधे तौर पर सरकार और भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच में जमकर झड़प हुई। पुलिस ने किसी तरह से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से पुतला छीनकर उसमें लगी आग को बुझाने में कामयाब रही। इस हंगामे के दौरान लखनऊ विवि (एलयू) के सामने रोड पर भीषण जाम लग गया, वहीं, प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को वहां से हटाने को लेकर पुलिस को कड़ी मशक्कत का सामना करना।

**निर्देश** | **डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य मेंलों को अधिक जनोपयोगी बताया**

# आरोग्य मेलों के दायरे में लाई जाए अधिक स्वास्थ्य सेवाएं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश में होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेंलों को अधिक जनोपयोगी बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा जनमानस तक और अधिक बढ़ाने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।



उन्होंने कहा कि पहले से आयोजित हो रहे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेलों से जनता को बहुत फायदा मिल रहा है इसको देखते हुए स्वास्थ्य मेलों में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक रविवार को प्रदेश के समस्त ग्रामीण एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में मुख्यमंत्री आयोग्य स्वास्थ्य मेलों का अयोजन किया जाता है। इसमें कई गंभीर बीमारियों का निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जाता हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य मेलों की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए कई अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को मेले के दायरे में लाने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य मेलों में विभिन्न सेवायें मिलेगी।उन सेवाओं मे ओपीडी सेवायें, टीबी मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग, दृष्टि जाँच उपचार सम्बन्धी जानकारी एवं

**सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो ताकि लाभान्वित हो सके अधिक लोग : ब्रजेश पाठक**

आवश्यक जाँच एवं उपचार सुविधाए शामिल हैं। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग एवं यथोचित सलाह, सुझाव व सहयोग। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरण, आभा आईडी बनाना, मानसिक स्वास्थ्य सेवायें, गर्भावस्था व प्रसव कालीन परामर्श व उपचार, संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन हेतु जागरूकता, जन्म पंजीकरण, नवजात शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा परामर्श, पूर्व टीकाकरण परामर्श एवं सेवायें, परिवार नियोजन सम्बन्धी परामर्श एवं सुविधायें, बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया के रोकथाम, बचाव एवं उपचार की जानकारी एवं सुविधाएं, तम्बाकू सेवन रोकने के लिए जागरूकता तथा तम्बाकू छोड़ने में सहायता सेवायें सुलभ हैं। उपमुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर यथासम्भव रोटेशन के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाए भी जनता को प्रदान की जाये। आम जनमानस को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी मिल सके, इसके लिए योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

# भगवान लक्ष्मण की विशाल प्रतिमा शीघ्र होगी स्थापित : राजनाथ सिंह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । शिवराज हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की महत्वाकांक्षी परियोजना, भगवान लक्ष्मण जी की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है। सोमवार को एक और अहम बैठक में, फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवम तिवारी और कोषाध्यक्ष राजन तिवारी ने बताया कि रक्षामंत्री को परियोजना की वर्तमान स्थिति का विस्तृत विवरण उनके नयी दिल्ली वाले कार्यालय पर प्रस्तुत किया है।

इस बैठक में परियोजना के विकास और आगामी कदमों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ, जिसमें रक्षामंत्री ने अपनी पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर मार्गदर्शक अरुण शाही भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने महत्वपूर्ण योगदान और मार्गदर्शन से परियोजना



को सफलता की दिशा में अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

रक्षामंत्री की हरी झंडी मिलने के बाद, उनके मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए एक विशेष अधिकारी को भी नियुक्त किया है, जो रेल मंत्रालय से संबंधित सभी आवश्यक समस्याओं का समाधान करने में सहयोग करेगा। शिवराज हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की टीम, अपनी सामाजिक सेवाओं के साथ, इस परियोजना को संपूर्ण निष्ठा के साथ सफल बनाने के लिए निरंतर आगे बढ़ रही है।

# परसपुर में मरीजों की जान से खेल रहे प्राइवेट अस्पताल संचालक

- मानक विहीन चलने वाले प्राइवेट अस्पतालों में सरकारी डॉक्टरों का बड़ा रोल, साठ गांठ से होता है खेल




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

गोण्डा जिले में पान की दुकान की तरह नर्सिंग होमों का खुलना और मानक विपरीत धड़ाधड़ चलना आखिर क्या दर्शाता है? ऐसी दशाओं में सीएमओ की चुप्पी क्यों? लाशें उगलने वाले इन अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग क्यों मेहरबान है? ऐसे कई सवाल हैं जो हर तरफ सुनाई देते हैं।छोटी छोटी जगहों पर या यूं मानों कि जरा.जरा सी दुकान भर की जगह में चिकित्सा सेवायें मुहैया करवाने के नाम पर प्राइवेट नर्सिंग होम खोल दिये गये।जिनमें मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ धड़ाधड़ जारी है।

प्राइवेट नर्सिंग होम मरीजों की जेब में खुलेआम डांका तो डालते ही हैं साथ ही उनकी जान के दुश्मन भी बनते हैं। बड़ी बात ये है कि इस अनैतिक कार्य में शहर के कई दिग्गज सरकारी डॉक्टर भी इनका साथ देते हैं।हॉस्पिटल संचालक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आपस में सांठ.गांठ करके ऐसा खेल खेलती है कि किसी को भनक तक नहीं लगती।शहर और ग्रामीण क्षेत्रो में कई ऐसे प्राइवेट नर्सिंग होम हैं जिनको नोटिस दिया गया है और बंद करने की चेतावनी भी दिया जा चुका है।लेकिन मौजूदा समय में उक्त नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं।

### हॉस्पिटल, डायग्नोस्टिक सेंटर को नोटिस सिर्फ खानापूर्ति

परसपुर में संचालित एक निजी क्लीनिक पर उपचार के दौरान नजवात की मौत के बाद कस्बे में संचालित निजी हॉस्पिटलों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू हो गया है। डीएम के निर्देश पर एसीएमओ डॉ.आदित्य वर्मा ने दो निजी हॉस्पिटल व एक डायग्नोस्टिक सेंटर का औचक कर नोटिस दिया है।एसीएमओ ने परसपुर नगर पंचायत में संचालित अग्रिमा हॉस्पिटल,और सिंह डायग्नोस्टिक सेंटर का निरीक्षण किया जिसमें कई खामियां सामने आई।जिस पर नोटिस देकर जवाब मांगा गया है।लेकिन तीन दिन भी जाने के बाद भी धड़ल्ले से डायग्नोस्टिक सेंटर बिना डॉक्टर के संचालित हो रहा है।और जिम्मेदार सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति कर दिए हैं।

### नर्सिंग होम के अंदर ही मेडिकल स्टोर जो मरीजों से करते मनमानी लूट

प्राइवेट नर्सिंग होम अपने ही हॉस्पिटल के अंदर मेडिकल स्टोर खोलते हैं।जिनका संचालन भी उन्हीं की सरपरस्ती में किया जाता है।हॉस्पिटल के अंदर भर्ती मरीज के तीमारदारों और परिजनों को यह मजबूरी होती है कि मरीज की सारी दवा वहीं से ली जायेगी।इनके द्वारा मनमाफिक दामों पर बेची जाने वाली दवाओं की कीमत पर मरीज और उसके परिजनों द्वारा जब ऐतराज किया जाता है तो परिजन व तीमारदारों के साथ अस्पताल प्रबंधन अभद्रता और झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।कई नर्सिंग होम मरीजों की मौतों पर हमेशा विवादों में रहे हैं। लेकिन आज तक उनपर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे इन चिकित्सा माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

# कजरीतीज के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के बचाव के लिए मॉकड्रिल कार्यक्रम आयोजित



- जल भरने वाले श्रद्धालुओं को बचाने को लेकर पीएसी और एसडीआरएफ की टीम ने किया मॉकड्रिल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को सरयू घाट करनैलगंज में कजरीतीज के शुभ अवसर पर जल भरने वाले श्रद्धालुओं को बचाने का मॉकड्रिल के माध्यम से अभ्यास किया गया।

मॉकड्रिल के दौरान नदी में डूब रहे लोगों को एसडीआरएफ के जवानों द्वारा रेस्क्यू किया गया और उन्हें नदी से निकालकर उपचार हेतु एम्बुलेंस से स्वास्थ्य कैम्प भेजा गया। पूरे मॉकड्रिल का जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा, तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम करनैलगंज, गोण्डा सदर, तथा तरबगंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज द्वारा मौके पर देखा गया।

इसके साथ ही जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने वहां मौजूद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, पंचायती राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एआरटीओ प्रवर्तन शैलेंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका करनैलगंज, पुलिस विभाग, खण्ड विकास अधिकारी करनैलगंज, नायब तहसीलदार करनैलगंज, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, आदि सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगणों से तैयारियों के संबंध में जानकारी ली।

इस मौके पर डीएम ने बताया कि जल भरने वाले श्रद्धालुओं को बचाने के लिए यह अभ्यास किया गया है। जिससे कि सभी संबंधित विभाग पहले से तैयारी बना सकें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने विभाग से संबंधित सभी तैयारियों को पूरा रखें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, उपजिलाधिकारी करनैलगंज भारत भार्गव, उपजिलाधिकारी गोंडा सदर अवनीश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी तरबगंज विशाल कुमार, अपर उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा, अपर उप जिलाधिकारी पुनेन्द्र मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद ने मृतक के परिवार को दिया सहायता व न्याय का आश्वासन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को कैसरगंज, गोंडा सांसद कारण भूषण सिंह ने ग्राम दूबे पुरवा, आटा पंचायत, परसपुर में मृतक करन मिश्रा के घर उनके वृद्ध, बीमार, बेसहारा व एक पैर से विकलांग पिता दिनेश मिश्रा व शोक संतृप्त परिवार से मुलाकात की।

उन्होंने घटना व परिवार की स्तिथि के बारे में जानकारी ली। रणजीत सिंह, प्रधान आटा मौजा ने परिवार की तरफ से सांसद से निवेदन कर वृद्ध, बीमार, बेसहारा व लाचार परिवार के लिए सहायता व न्याय मांग पत्र सौंपा जिसपर सांसद ने परिवार को सहायता व न्याय का आश्वाशन दिया। जिस माता पिता ने अपना बेटा खोए महीने से ऊपर हो गया उस की सुध आज तक किसी नेता या प्रशासन ने आज तक नही ली जब मुद्दा मीडिया द्वारा ज्यादा उठाया गया और जोर पकड़ने लगा तो तहसीलदार द्वारा सिर्फ चंद किलो अनाज उपलब्ध करा दिया गय। परिवार जो नवासे में मिले जर्जर मकान में रह रहा है जिसमे शौचालय की व्यवस्था भी नहीं है और जो कभी भी ध्वस्त हो सकता है जिसके लिए इकलौते जवान पुत्र ने मकान बनाना शुरू तो किया लेकिन नीव से ज्यादा नहीं बना पाया क्यूंकि वृद्ध, आंशिक विकलांग पिता को गंभीर बीमारी ने घेर लिया था तो आमदनी का सारा हिस्सा उनकी दावा पानी में चला जाता था और घर की इच्छा अब तो एकमात्र सहारे को खो देने के बाद स्वपन सी लगती है। प्रधान रणजीत सिंह ने परिवार के जीवन यापन के लिए नेता से एक करोड़ की मांग की है।

### जमीनी विवाद में सेवानिवृत्त फौजी ने की अधेड़ की हत्या, गिरफ्तार



**तरबगंज/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के अमदही ग्राम पंचायत के बगल स्थित दुबे पुरवा गांव के रहने वाले रमेश नाम के व्यक्ति की रिटायर्ड फौजी अरुण कुमार द्वारा गोली मार करके जमीनी विवाद को लेकर हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुंचे गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करके पूरे मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। तरबगंज थाने की पुलिस द्वारा आरोपी रिटायर्ड फौजी अरुण कुमार को हिरासत में लेकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है

# भू-माफिया ने दूसरे की खतौनी दर्ज करवाई अपने नाम

**तरबगंज गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

तरबगंज थानाक्षेत्र के गौहानी गाँव में भू-माफिया ने बड़ा खेल खेलते हुए दूसरे की खतौनी अपने नाम दर्ज करवाली है जिसकी शिकायत गाँव के युवक ने डीएम से करते हुए जाँच करवा कर कार्यवाही की माँग की है।

बतादे की तरबगंज थानाक्षेत्र के ग्रामपंचायत गौहानी निवासी चिन्तामणि पाण्डेय ने डीएम व मुख्यमंत्री को दिए शिकायतीपत्र में बड़ा आरोप लगाते हुए कहा की ग्रामपंचायत की दो गाटा 1069,1150 जो ग्रामसभा की सम्पति है जिसे फर्जी तरीके से रामयज्ञ पुत्र तपसी के नाम दर्ज कर दिया गया है और रामयज्ञ की मृत्यु के बाद उसी जमीन को मनोज कुमार, संजय कुमार, राजेन्द्र कुमार पुत्र रामयज्ञ व देवमती पत्नी रामयज्ञ के नाम वरासत करदी गई है जो गलत है इसे खारिज कर सरकारी सम्पत्ति को ग्रामसभा के नाम दर्ज कर गलत तरीके से अपने नाम दर्ज करवाने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

वही तीन गाटा सं. 2246, 2240, व 2464 जो राजकिशोर निषाद पुत्र रामटहल के नाम थी उनके कोई संतान नही थी वो नावलद थे। राजकिशोर की मृत्यु के बाद वो जमीन पूनम पत्नी मनोज कुमार जो ब्राह्मण है उनके नाम फर्जी तरीके से लेखपाल की मिलीभगत से वरासत करदी गई है जबकि मनोजकुमार गाँव के बड़े भू-माफिया है और हमेशा दूसरे की जमीन हड़पते रहते है इनके आंतक से पूरा गाँव त्रस्त है यही नही इनके पिता रामयज्ञ जो तरबगंज तहसील में अमीन के पद पर तैनात थे वो भी बड़े भू-माफिया थे और पूरी जिन्दगी दूसरे की जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम दर्ज करवाते रहते थे।

इस प्रकरण की जाँच कर फर्जी तरीके से पूनम के नाम की गई राजकिशोर निषाद की खतौनी को वापस करवाते हुए कार्यवाही करने की कृपा करे।

तत्कालीन लेखपाल रहे रामेश्वर तिवारी ने बताया की गलती से दूसरे का नाम खतौनी में दर्ज हो गया था। जिसकी हमे जानकारी नही थी जब हमे जानकारी हुई तो तहसीलदार के पास आपत्ति दर्ज कराई थी दर्ज हुए गलत नाम का मुकदमा विचाराधीन होने के कारण रा.नि.के आदेश पर फरवरी 2021को दर्ज हुए गलत नाम पर सितम्बर2021को तहसीलदार द्वारा रोक लगादी गई है जो खतौनी में अंकित है।मुकदमे में आदेश होने के बाद गलत नाम हट जायेगा।

इस प्रकरण पर तहसीलदार तरबगंज से सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन फोन रिसीव नही होने से जानकारी नही मिल सकी है।

## खबरें एक नजर में

### एंटी फ्रॉड सेल की जांच में खुलासा, दलित की जमीन का वसीयत सवर्ण ने कराया अपने पुत्र के नाम



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** धोखाधड़ी कर एक दलित व्यक्ति की जमीन बिना जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति के अपने पुत्र के नाम वसीयत करवा लिया और उसके बालिग होने पर उक्त भूखंड को बेच दिया गया। इसका खुलासा एंट्री फॉड सेल की जांच में होने के बाद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। जिले के करनैलगंज तहसील अंतर्गत कटरा बाजार थाना क्षेत्र के श्रीजोत पूरे बहोरी गांव निवासी जयप्रकाश पुत्र स्वर्गीय अलखराम ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है जिसमें कहा है कि अर्जुन प्रसाद तिवारी द्वारा तहसील कर्मियों से मिलीभगत कर कूटरचित तरीके से बहादुर कोरी पुत्र दतई कोरी की भूमि बिना जिला मजिस्ट्रेट गोण्डा की अनुमति के ही अपने पुत्र के नाम वसीयत करवा लिया, जो नियम विरूद्ध है। बिना जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति के अनुसूचित जाति के व्यक्ति की भूमि विक्रय/हस्तांतरित नहीं की जा सकती है। इतना ही नहीं, आरोप है कि उक्त भूखंड को प्रेमशंकर, दयाशंकर को संतोष के बालिग होने पर विक्रय कर अवैध लाभ अर्जित कर लिया गया है। यह मामला तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के समक्ष पेश हुआ तो उन्होंने एंटी फॉड सेल को जांच सौंप दी। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने अपनी रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया कि इस प्रकरण में दस्तावेज की कूटरचना (फोरजरी) हुई है। इस पर उन्होंने एफआईआर दर्ज कराने का मौखिक आदेश भी दिया। इसी बीच उनका तबादला हो गया और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब पीड़ित ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा को शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने एवं नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। वही संबंध में विपक्षी अर्जुन प्रसाद तिवारी ने मीडिया से बताया है कि जब मैं इस जमीन को क्रय विक्रय किया था उस समय जिला अधिकारी की परमिशन की कोई आवश्यकता नहीं थी ना कोई निर्देश था।

### ग्राम प्रधान पर लगा कूड़ा गाड़ी का निजी कार्यों में उपयोग करने का आरोप



- स्वच्छता जागरुकता के लिये कस्बे में निकले एडीओ से ग्रामीणों ने की शिकायत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को वजीरगंज कस्बे में मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत कस्बे में निकले एडीओ पंचायत रवि मिश्रा से कस्बे के लोगों ने कूड़ा उठाने वाली गाड़ी को अपने निजी कार्यों में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। जिस पर एडीओ ने इसकी जाँच करवाने व कस्बे में कूड़ेदान समेत अन्य जगहों से जल्दी ही कूड़ा हटाने का आश्वासन दिया है। डीएम के निर्देश पर मेरा कूड़ा, मेरा अभियान के तहत स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों से अपील की जा रही है कि,घर से निकले सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग इकठ्ठा करें,तथा उसे प्रतिदिन कचरा वाहन में डालें तथा कूड़ेदान का उपयोग करें,आसपास साफ-सफाई रखें व अन्य सुझावों के साथ एडीओ स्वच्छता टीम के साथ वजीरगंज बाजार में निकले थे। इस दौरान सब्जीण्डी में मो.शमशाद,असगर अली,ननकऊ, मो.अकरम ने एडीओ पंचायत रवि मिश्रा से सार्वजनिक कचरा वाहन को प्रधान के अपने निजी कार्यों रेत,मोरंग, मिट्टी व कबाड़ आदि ढोने का आरोप लगाते हुये शिकायत की। बहरहाल एडीओ ने उनकी शिकायत के निस्तारण की बात कहते हुये कार्यवाही की बात कही।

# कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तहत निकाली गई जन-जागरूकता रैली

- हर घर पहुंचकर कुष्ठ रोगियों को चिह्नित करेंगी आशा : डॉ. धीरेंद्र तिवारी



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

कुष्ठ रोगी खोजी अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज में चीफ फार्मेसिस्ट शैलेंद्र द्विवेदी की अगुवाई में एक जन जागरूकता रैली निकाल कर अभियान का आगाज किया गया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने कहा कि जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त करना है। इसके लिए 2 से 15 सितंबर कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए आशा के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम बनाई गई है। उन्होंने कहा कि टीम के सदस्य घर-घर पहुंचकर कुष्ठ रोग के संभावित मरीज को चिह्नित कर सूची बनाएंगी। सूची में शामिल सभी संभावित कुष्ठ रोगी को सीएचसी बुलाकर जांच की जाएगी। बीमारी की पुष्टि होने पर उसका पंजीकरण निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान में किसी तरह की मनमानी क्षम्य नही होगी। बैठक में एचईओ अमर गुज्जर और बीपीएम ममता मिश्रा के अलावा सीएचसी के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिता बना हैवान, बेटी की बांके से काटकर की निर्मम हत्या

- सर, हाथ, पैर और शरीर के अलग-अलग किए टुकड़े
- प्रेम प्रसंग के चलते पिता ने वारदात को दिया अंजाम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** जिले के ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर मटेही गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी की उसके पिता ने बांके से निर्मम हत्या कर सिर धड़ से अगल कर दिया। इसके बाद वह शव के पास ही बैठा रहा।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।बहराइच जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र से एक सनसनी खेज वारदात सामने आई है। जहां एक एक पिता ने अपनी बेटी को अपने ही घर के बाहर दरवाजे के पास उसका सर काट के उसकी बेहरमी से हत्या कर दी है, और सर को वही रख दिया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर मटेही गांव निवासी खुशबु (17) पुत्री नईम खान का प्रेम प्रसंग इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायबोझा गांव निवासी एक युवक से चल रहा है। जिसका विरोध पिता कर रहा था।लेकिन पुत्री नहीं मानी। गांव के लोगों के मुताबिक सोमवार को प्रेमी गांव पहुंच गया।

पिता ने प्रेमी को देखा। इसके बाद युवक फरार हो गया। जबकि बेटी को पिता ने घर में रखे बांके से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। सर, हाथ, पैर और शरीर सब काटकर अलग कर दिया। इसके बाद वह बेटी के शव के पास ही बैठा रहा। सूचना पाकर सीओ हीरा लाल कनौजिया, थानाध्यक्ष राकेश पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षत विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है।

### ग्रामीण बोले- बेटी के प्रेम प्रसंग से नाराज था पिता

ग्रामीणों ने बताया कि नईम की तीन बेटियां हैं बड़ी बेटी खुशबू कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी। नईम ने पुलिस से शिकायत की थी पुलिस ने लड़की को बरामद कर उसके पिता को सौंप दिया था लड़के को समझ कर छोड़ दिया था। लेकिन अक्सर उसके पिता से कुछ ना कुछ कहा सुनी होती रहती थी उसके पिता को शक था की खुशबू अभी भी उससे बात करती है इसीलिए आज गुस्से में आकर उसने अपनी बेटी को मार डाला।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

अपर पुलिस अधीक्षक पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पिता को बेटी के प्रेम प्रसंग को लेकर आपत्ति थी। उसी को लेकर उसने घटना को अंजाम दिया है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ग्रामीणों की सुरक्षा में लगीं पुलिस की सात टीम : एडीजी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

महसी तहसील क्षेत्र में सोमवार सुबह भेड़िया के हमले में 10वीं मौत हो गई। इसकी जानकारी होने पर गोरखपुर जोन के एडीजी जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने डीएम और एसपी से वार्ता कर भेड़िया प्रभावित गांव पहुंचकर लोगों से वार्ता की। जिले के महसी तहसील क्षेत्र में बीते 3 माह से भेड़िया हमला कर रहा है। भेड़ियों के हमले में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार सुबह चार बजे ग्राम पंचायत गरेठी गुरदत्त सिंह के मजरे में ढाई वर्षीय अंजली पर भेड़िया ने हमला कर मार डाला। जबकि दो महिला और एक ग्रामीण घायल हुए हैं। जिसकी जानकारी होने पर सोमवार को गोरखपुर जोन के एडीजी डॉक्टर केएस प्रताप सिंह जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने लोग निर्माण विभाग के कक्ष संख्या एक में जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से अब तक की घटना के बारे में वार्ता की। इसके बाद एडीजी जोन भेड़िया प्रभावित गांव गरेठी गुरुदत्त सिंह पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण किया, ग्रामीणों से वार्ता की। प्रेस वार्ता करते हुए एडीजी जोन ने कहा कि भेड़िया निरंतर हमला कर रहा है इससे बचाव के लिए पुलिस की भी साथ टीम लगी हुई है। पुलिस के साथ वन और जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सहयोग करें। जल्द से जल्द वीडियो से निजात दिलाया जाएगा। इस दौरान एसपी वृंदा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ रूपेंद्र गौड़, थानाध्यक्ष समेत अन्य मौजूद रहे।



- एडीजी ने भेड़िया प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से मांगा सहयोग

### छह फुट की लाठी लेकर खेत जाएं किसान, एसडीएम ने भेड़िए से प्रभावित क्षेत्र का किया भ्रमण



- बाइक से क्षेत्र में सीओ ने पुलिस के साथ किया भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा थाना क्षेत्र के बैसवारा में रात को भेड़िये के होने की सूचना पर आनन फानन अधिकारी मौके पर पहुंचे और अनाउंसमेंट कर लोगों को सचेत रहने की बात कही। एसडीएम ने किसानों को छह फुट की लाठी के साथ खेत जाने की सीख दी। नानपारा पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न कुमार सिंह, नानपारा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह, एसडीओ वन विभाग अशोक कुमार,रेंजर हरिओम श्रीवास्तव पूरे दल बल के साथ रविवार सुबह बैसवारा, पकरा देवरिया, सिसवारा का भ्रमण किया और लोगों को सतर्क रहने की बात कही है ग्रामीणों ने बताया कि कल रात गांव के किनारे भेड़िया को देखा गया सभी ने खदेड़ा तो गांव के बाहर भाग गया। रविवार को सुबह गांव में जब थाना प्रभारी और क्षेत्राधिकारी और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तो सूचना मिली कि दो दिन पहले एक बछड़े पर किसी जानवर द्वारा हमला किया गया था वन विभाग की टीम ने बताया कि यह है हमला तेंदुआ द्वारा किया गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भेड़िया इतने बड़े जानवर के ऊपर हमला नहीं कर सकता है। थाना प्रभारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मोटरसाइकिल से गांव के चारों तरफ बाग बगीचों व खेतों में भ्रमण किया बैसवारा में लगे सोलर प्लांट में जाकर के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी कंगाली लेकिन उसमें किसी प्रकार का कोई भेड़िया नहीं दिखाई पड़ा वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज शाम तक क्षेत्र में पिंजरा लगवाने का काम किया जाएगा जिससे भेड़िया आएगा तो इसमें कैद हो जाएगा। अफवाह फैलाने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# ग्राम विकास अधिकारी पर गिरी गाज, डीडीओ ने किया निलंबित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




- प्रधानमंत्री आवास में पात्रों का नहीं किया था सही सत्यापन

कैसरगंज विकास खंड क्षेत्र के गांवों में कई पात्र ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ सही सत्यापन न होने से नहीं मिल सका। जिस पर डीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया है। विकास खण्ड कैसरगंज के ग्राम पंचायत गोडहिया नं0-3 में वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास चयन के समय सही तरीके से लाभार्थियों का सत्यापन नहीं किया गया था। जिसके चलते उस प्रकरण के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु खण्ड विकास अधिकारी कैसरगंज द्वारा जारी पत्रों का उत्तर ग्राम विकास अधिकारी ने नहीं दिया। इस पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार द्वारा सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी गुलाब सिंह को निलम्बित कर विकास खण्ड फखरपुर से सम्बद्ध कर दिया गया है। कुमार ने बताया कि निलम्बित ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध प्रस्तावित अनुशासनात्मक कार्यवाही में खण्ड विकास अधिकारी, बलहा को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

# अवध एक्सप्रेस का इंजन हुआ फेल, दो घंटे खड़ी रही ट्रेन

- बाराबंकी से दूसरा इंजन आने के बाद रवाना हुई ट्रेन, परेशान रहे यात्री




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ से गोंडा जाने वाली अवध एक्सप्रेस ट्रेन का इंजन सोमवार सुबह जरवल रोड रेलवे स्टेशन पर फेल हो गया। जिसके चलते दो घंटे तक ट्रेन स्टेशन पर एक खड़ी रही। गर्मी में यात्रियों को समस्याएं हुईं। बाराबंकी से दूसरा इंजन आने के बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई। लखनऊ गोंडा रेल प्रखंड पर मुंबई बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से चलकर बरौनी जंक्शन तक जाने वाली अवध एक्सप्रेस ट्रेन का इंजन जरवल रोड रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर तकनीकी खराबी से फेल हो गया। सोमवार सुबह 5.53 बजे अवध एक्सप्रेस जरवल रोड स्टेशन पर पहुंची। स्टेशन पर ट्रेन का दो मिनट का ठहराव है। ट्रेन रुकने के बाद रवानगी के लिए सिग्नल मिला तो ट्रेन आगे नहीं बढ़ी। चालक ने आधे घंटे तक इंजन ठीक करने का प्रयास किया, जब नहीं सही हो सका तो स्टेशन अधीक्षक शिवपाल सिंह को सूचना दी। इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। इस पर बाराबंकी की ओर से दूसरा इंजन आया। जिसे ट्रेन में जोड़ा गया। इसके बाद ट्रेन 7.46 बजे अपने गंतव्य को बरौनी के लिए रवाना हुई। इस दौरान गर्मी में यात्रियों को काफी समस्या हुई।

### दो ट्रेन के समय में हुआ परिवर्तन

बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन का इंजन जरवल रोड रेलवे स्टेशन पर खराब हुआ। जिसके चलते उसके पीछे से आने वाली दो अन्य ट्रेन के समय में बदलाव किया गया। इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को भी इंतजार करना पड़ा।

# विहिप के तत्वाधान में निकाला गया मौन जुलूस

- बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर विरोध प्रदर्शन कर जताया दुःख



**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

विहिप के तत्वावधान में जरवल रोड बाजार में मौन जुलूस निकाल कर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया गया। विश्व हिन्दू परिषद जरवल प्रखंड द्वारा आयोजित मौन जुलूस आरपीएस इण्टर कॉलेज जरवल रोड परिसर से निकल कर बस स्टॉप तिराहा होकर जरवल रोड बाजार के मुख्य मार्गों का भ्रमण कर स्टेशन रोड गांधी चबूतरा गल्ला मंडी होते हुए तूफानी चौराहा मनकामेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पहुंचा जुलूस के समापन के अवसर पर विहिप जरवल के प्रखंड अध्यक्ष राम नेवाज वर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहा नृशंस अत्याचार निंदनीय एवं असहनीय है। प्रखंड उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश में अगर हिंदुओं के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार का रवैया नहीं बदला तो विश्व व्यापी हिन्दू समाज आंदोलन कर बांग्लादेश की ईंट से ईंट बजाने पर विवश होगा। नगर अध्यक्ष प्रशान्त कुमार अग्निहोत्री ने भी सम्बोधित करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि हिन्दू समाज हिन्दू हित से किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं करेगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद पूर्व जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव ओमप्रकाश अवस्थी संजय राव प्रवीण सिंह धर्मराज पांडे सनिधदेव मिश्रा ओमप्रकाश गुप्ता राजेश श्रीवास्तव डॉक्टर विजय चौहान सुधीर सिंह पिंटू मौर्य सहित विहिप कार्यकर्ताओं एवं सम्भ्रांत नागरिक शामिल रहे।

## महिला सम्मान पर श्री खड़गे के सवाल

प.बंगाल मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बयान के बाद देश में महिलाओं की स्थिति और उनकी सुरक्षा को लेकर नए सिरे से बहस छिड़ गई है। लेकिन इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक लंबी पोस्ट में जिन बिंदुओं को उठाया है, उन पर भी गौर किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति महोदया ने बस बहुत हो गया, यह कहते हुए 12 साल पहले हुए निर्भया कांड को भी याद किया और कहा कि 12 वर्षों में इसी तरह की अनगिनत त्रासदियां हुई हैं, हालांकि केवल कुछ ने ही पूरे देश का ध्यान खींचा। जैसे-जैसे सामाजिक विरोध कम होते गए, ये घटनाएं सामाजिक स्मृति के गहरे और दुर्गम कोने में दब गईं, जिन्हें केवल तभी याद किया जाता है जब कोई और जघन्य अपराध होता है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि सामाजिक पूर्वाग्रहों के साथ-साथ कुछ रीति-रिवाजों और प्रथाओं ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों में अड़चन डाली है। राष्ट्रपति मुर्मू ने जो बातें कहीं हैं, उनसे असहमत नहीं हुआ जा सकता, लेकिन जब प.बंगाल के मामले में भाजपा लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रही है, तभी राष्ट्रपति ने ऐसी चिंता क्यों जाहिर की, इस पर सवाल उठने लगे हैं। इधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी देश में महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों पर चिंता जाहिर की है। लेकिन इसमें श्री खड़गे ने एक खास बात कही है कि हमें बेटी बचाओ नहीं बेटी को बराबरी का हक सुनिश्चित करो चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संरक्षण नहीं, भयमुक्त वातावरण चाहिए।

गौरतलब है कि मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में जनवरी 2015 में हरियाणा से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी। इसके जरिए महिला सशक्तिकरण की बात कही गई थी। लेकिन समय के साथ यह अभियान एक नारे में सिमट कर रह गया। कालांतर में कभी नारी शक्ति की बात प्रधानमंत्री मोदी ने की, कभी महिला आरक्षण विधेयक को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम देकर पारित करवा दिया। लेकिन धरातल पर महिलाओं की शक्ति को किसी न किसी तरह अपमानित करने का सिलसिला चलता रहा। महिलाओं को बराबरी का हक ससम्मान देने की जगह उन्हें खैरात में देने की मानसिकता इस तरह की पहलों में नजर आने लगी। इसलिए, अब मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि महिलाओं को संरक्षण नहीं भयमुक्त वातावरण चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया है कि हर दीवार पर बेटी बचाओ पेंट करवा देने से क्या सामाजिक बदलाव आएगा या सरकारें और कानून व्यवस्था सक्षम बनेंगी? क्या हम ऐहतियाती कदम उठा पा रहे हैं? क्या हमारा आपराधिक न्याय तंत्र सुधरा है? क्या समाज के शोषित व वंचित अब एक सुरक्षित वातावरण में रह पा रहे हैं? श्री खड़गे ने पूछा है कि क्या सरकार और प्रशासन ने वारदात को छिपाने का काम नहीं किया है?

# बांग्लादेश-जमात का काला इतिहास और हिन्दुओं के लिए चेतावनी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश की मुख्य इस्लामिक पार्टी और उसके समूहों पर से प्रतिबंध हटाकर यह साफ संकेत दे दिया है कि उसके देश में गैर मुसलमानों पर अत्याचार होते रहेंगे। नवगठित यूनुस सरकार को जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश का बिना जांछ कराए आतंकवादी गतिविधियों में कोई भी संलिप्तता का सबूत नहीं मिला है। जबकि यह पूरा विश्व जानता है कि जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश वह मुख्य इस्लामी पार्टी है, जोकि मजहबी कट्टरपंथ और आतंक के लिए कुख्यात रही है। दरअसल, बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अनेक आतंकी गतिविधि, भारत विरोधी इस्लामिक जिहादी षड्यंत्र, गैर मुसलमानों खासकर हिन्दुओं के प्रति घृणा का भाव रखने एवं उन पर अत्याचार करने की कई घटनाओं के सामने आने के अलावा पाकिस्तान समर्थित होने के कारण से जमात-ए-इस्लामी पार्टी पर प्रतिबंध लगाया था। जमात-ए-इस्लामी पार्टी पर हाई कोर्ट ने भी साल 2013 में चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब बंगाली में जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इस संगठन से प्रतिबंध हटाया जा रहा है क्योंकि बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी और उसके संबद्ध संगठनों की आतंकवाद और हिंसा के कृत्यों में संलिप्तता का कोई विशेष सबूत नहीं मिला है। इसके उलट बांग्लादेश में हाल ही में हुए तख्तापलट के बाद उपद्रवियों ने वहां हिंदुओं पर हमले किए, जोकि अभी भी कई जगह जारी हैं, उनमें सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से इसी जमात-ए-इस्लामी पार्टी का हाथ है।

जमात का हिंसक इतिहास

जमात-ए-इस्लामी ने अपने स्थापना काल से ही हिन्दू विरोध और भारत विरोध का परिचय दिया है। यह भी साफ है कि इस साल 5 अगस्त के बाद से बांग्लादेश में हुई हिन्दू विरोधी हिंसा में मुख्य रूप से जमात ए इस्लामी ही जिम्मेदार है। इससे पहले 2001 में भी जमात ए इस्लामी ने हिंदुओं पर जबरदस्त कहर बरपाया था। उस वक्त भी बहुत बड़ी संख्या में हिन्दुओं का बांग्लादेश से पलायन करना पड़ा था। कई लोगों की जानें गई थीं। महिलाओं और बच्चियों के साथ भी जघन्य अपराध भयंकर हिंसा और बलात्कार की अनेक घटनाएं घटी थीं। बांग्ला भाषा, संस्कृति और अपनी अस्मिता को लेकर जो संघर्ष पूर्वी पाकिस्तान में तत्कालीन समय 1971 के दौरान पश्चिमी पाकिस्तान से चला, उसमें ये संगठन जिहादी मानसिकता और इस्लामिक कट्टरवाद के कारण से वर्तमान पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा था। इसने मुक्ति वाहिनी और भारतीय सेना के विरुद्ध षड्यंत्र रचे जोकि जगजाहिर हैं । बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के साथ-साथ स्वतंत्र बांग्लादेश में इसकी भूमिका; तथा विश्व स्तर पर और दक्षिण एशिया में इसके नेताओं क युद्ध अपराध भयंकर रहे हैं, जिनमें कि अब इसके सभी नेताओं को मोहम्मद यूनुस सरकार ने मुक्ति दे दी है!



भारत में बहुसंख्यक हिन्दू समाज होने के कारण से यह यहां शरिया कानून लागू करने में असफल रहा है, किंतु बहुत हद तक पाकिस्तान में इसे इस्लामिक नियमों में बंधकर चलने और शरिया लागू कराने में सफलता मिली। यही सफलता जमात बांग्लादेश में भी चाहता है। अभी तक शेख हसीना जैसा राज्य बांग्लादेश में चला रही थीं, उसे ये संगठन इस्लाम के विरुद्ध हराम (निषिद्ध) मानता रहा है अब जब इसे यूनुस सरकार ने क्लीन चिट दे दी है तब फिर से यह संगठन कोशिश करेगा कि कैसे यहां तालीबानी शासन लाकर शरिया की पूर्णतः स्थापना की जा सकती है। जमात और पाकिस्तान की सांठगांठ यहां सबसे बड़ी बात यह है कि अभी तक जमात-ए-इस्लामी ने एकीकृत मुस्लिम राज्य के अपने सपने को नहीं छोड़ा है। दोनों देशों (पाकिस्तान-बांग्लादेश) में इस संगठन की दो अलग-अलग शाखाएँ स्थापित हैं जोकि शेख हसीना के तख्ता पलट के दौरान एक जुट होकर आईएसआई के नेतृत्व में कार्य करती देखी गईं।

जमात का असली मकसद जमात-ए-इस्लामी की स्थापना 1941 में अविभाजित भारत में मौलाना सैयद अबुल आला मौदूदी ने एक इस्लामी संगठन के रूप में की थी। जिसका धर्म निरपेक्ष या पंथ निरपेक्ष सिद्धातों में कभी कोई विश्वास नहीं रहा । इसका एक ही उद्देश्य है इस्लामी मूल्यों के अनुसार समाज और देश का निर्माण। इसके लिए जमात-ए-इस्लामी को राजनीतिक ताकत की आवश्यकता महसूस हुई, लेकिन जब भारत का विभाजन हो गया तो उसका संपूर्ण भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने का सपना अधूरा रह गया। इसलिए, समय के साथ, इसने अपने को एक जटिल सामाजिक और साथ ही राजनीतिक संगठन के रूप में विकसित किया । भारत में बहुसंख्यक हिन्दू समाज होने के कारण से यह यहां शरिया कानून लागू करने में असफल रहा है, किंतु बहुत हद तक पाकिस्तान में इसे इस्लामिक नियमों में बंधकर चलने और शरिया लागू कराने में सफलता मिली। यही सफलता जमात बांग्लादेश में भी चाहता है। अभी तक शेख हसीना जैसा राज्य बांग्लादेश में चला रही थीं, उसे ये संगठन इस्लाम के विरुद्ध हराम (निषिद्ध) मानता रहा है अब जब इसे यूनुस सरकार ने क्लीन चिट दे दी है तब फिर से यह संगठन कोशिश करेगा कि कैसे यहां तालीबानी शासन लाकर शरिया की पूर्णतः स्थापना की जा सकती है।

जमात और पाकिस्तान की सांठगांठ

यहां सबसे बड़ी बात यह है कि अभी तक जमात-ए-इस्लामी ने एकीकृत मुस्लिम राज्य के अपने सपने को नहीं छोड़ा है। दोनों देशों (पाकिस्तान-बांग्लादेश) में इस संगठन की दो अलग-अलग शाखाएँ स्थापित हैं जोकि शेख हसीना के तख्ता पलट के दौरान एक जुट होकर आईएसआई के नेतृत्व में कार्य करती देखी गई। जिसके साक्ष्य पिछले दिनों कई खुफिया एजेंसियों ने भी दिए। पहले भी जब यह बांग्लादेश में 1970 के पूर्व सक्रिय था, तब भी यह संगठन पाकिस्तान के साथ खड़ा था। जब पाकिस्तान सरकार से मांग की गई थी कि पूर्वी पाकिस्तान बंगाली भाषी है, इसलिए उस पर उर्दू न थोपी जाए, तब इसने बांग्ला भाषा का समर्थन न करते हुए उर्दू का ही साथ दिया था। हालांकि बांग्ला भाषा को पूर्वी पाकितान ( आज का बांग्लादेश) में राट्रीय भाषा बनाए जाने को लेकर आन्दोलन चला । उर्दू के खिलाफ पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध, जो शुरू में एक भाषा आंदोलन के रूप में आरंभ हुआ था, आगे 1970 में चुनाव के बाद बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के रूप में सामने आया । शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में पूर्वी पाकिस्तान के राष्ट्रवादी आंदोलन ने पश्चिमी पाकिस्तान सरकार को स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए मजबूर किया था। आवामी लीग ने यह चुनाव जीता, लेकिन पश्चिमी पाकिस्तान ने उसे सत्ता से वंचित रखा वैध रूप से चुनी गई सरकार के वैध अधिकारों के इस हनन ने मार्च 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम को जन्म दिया। तब अपनी स्वाधीनता और अस्मिता के लिए पशिचिमी पाकिस्तान के साथ वर्तमान बांग्लादेश का युद्ध नौ महीने तक जारी रहा जब तक कि 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश को अपनी स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हुई। इस युद्ध के दौरान जमात-ए-इस्लामी की जो भूमिका सामने आई वह इस्लाम के नाम पर पाकिस्तान के साथ खड़े रहने की थी । उसके लिए बांग्ला भाषा, कला-संस्कृति से कहीं अधिक शरिया कानून, इस्लाम की सत्ता होने के मायने रहे जोकि पाकिस्तान की मानसिकता से मैच खाते हैं, इसलिए यहां जमात-ए-इस्लामी ने मुक्ति युद्ध के प्रति अपना सकारात्मक रुख नहीं रखा। अनेक मामलों और मोर्चों पर इस संगठन के लोगों ने पाकिस्तान का साथ निभाया।

## विचार

# रोजगार रहित विकास की चुनौती का हल करती मोदी सरकार 3.0

शिवेश प्रताप

भारत में बेरोजगारी गंभीर समस्या बनती जा रही है, खासकर युवाओं के लिए। हाल ही में प्रकाशित इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन और मानव विकास संस्थान की भारतीय रोजगार रिपोर्ट 2024 में पाया गया कि भारत में शिक्षित युवाओं के बेरोजगार होने की संभावना अधिक है। अशिक्षित लोगों में बेरोजगारी दर 3.4 प्रतिशत है, जबकि स्नातक युवाओं में यह दर 29.1प्रतिशत है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 12वीं पास युवाओं की बेरोजगारी दर 2000 में 35.5 प्रतिशत थी, जो 2022 में 65.7 प्रतिशत हो गई है। बेरोजगारी की इस स्थिति को देखते हुए, मोदी 3.0 सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस समस्या का समाधान तलाशने की है। युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा सरकार के लिए राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हाल के चुनाव में यह प्रमुख मुद्दा बन चुका है।

बेरोजगारी के मुख्य कारण गुणवत्ताहीन शिक्षा भारत में शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव भी साफ नजर आता है। कुकुरमुत्तों की तरह देशभर में स्कूल और कॉलेज खुल रहे हैं,




लेकिन उनमें गुणवत्ता की कमी है। एनुअल स्टेट्स ऑफ़ एजुकेशन रिपोर्ट के अनुसार, देश की शिक्षा व्यवस्था खस्ताहाल है। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 साल के बच्चों की शिक्षा का स्तर भी काफी कमजोर है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में हर साल 1.30 करोड़ लोग नौकरी की तलाश में निकलते हैं, लेकिन केवल एक चौथाई एमबीए, पांच में एक इंजीनियर और दस में एक ग्रेजुएट ही नौकरी के योग्य होते हैं।

असंगत कौशल विकास स्किल इंडिया मिशन जैसे प्रयासों के बावजूद कौशल विकास की दिशा में काफी कम प्रगति हुई है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट बताती है कि देश के 85त्न स्कूलों में आज भी वोकेशनल कोर्स उपलब्ध नहीं हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रशिक्षित युवाओं में से केवल 20 प्रतिशत को ही रोजगार मिल पाया है। रोजगार संगत बाजार की कमी- भारत में रोजगार सृजन की दिशा में भी कई समस्याएं हैं। संगठित क्षेत्र में काम करने वाली आबादी की संख्या बहुत कम है। देश का युवा वर्ग, शिक्षित होने के बावजूद भी असंगठित क्षेत्रों में काम करने के लिए मजबूर है। रिक्तियों और नए पदों का अभाव- सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रति हजार जनसंख्या पर केवल 16 सरकारी कर्मचारी हैं, जो चीन में 57 और अमेरिका में 77 की तुलना में काफी कम है। सरकारी नौकरियों में भी कई रिक्तियां हैं जो वर्षों से खाली पड़ी हैं। मोदी 3.0 सरकार की युवा-केंद्रित पहल और समाधान सरकार गठन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए नवीनतम बजट में मोदी 3.0 सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत के युवाओं की चिंताओं को संबोधित करने और उनके तनाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार सृजन, कौशल विकास, स्टार्टअप समर्थन और शैक्षिक अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सरकार का उद्देश्य स्थायी वातावरण तैयार करना है जो युवाओं को आधुनिक अर्थव्यवस्था में फलने-फूलने में सक्षम बनाता है।

**देश का युवा वर्ग, शिक्षित होने के बावजूद भी असंगठित क्षेत्रों में काम करने के लिए मजबूर है। रिक्तियों और नए पदों का अभाव- सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रति हजार जनसंख्या पर केवल 16 सरकारी कर्मचारी हैं, जो चीन में 57 और अमेरिका में 77 की तुलना में काफी कम है। सरकारी नौकरियों में भी कई रिक्तियां हैं जो वर्षों से खाली पड़ी हैं। मोदी 3.0 सरकार की युवा-केंद्रित पहल और समाधान सरकार गठन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए नवीनतम बजट में मोदी 3.0 सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है।**

रोजगार और कौशल विकास के लिए बजट मोदी 3.0 सरकार की युवा नारागी को कम करने की रणनीति का केंद्रबिंदु रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए पाँच योजनाओं का एक व्यापक पैकेज है। इस पहल से अगले पाँच वर्षों में पूरे भारत में 4.1 करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसमें2 लाख करोड़ का केंद्रीय प्रावधान है। केवल इस वर्ष के लिए ही शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए1.48 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। ये उपाय महत्वपूर्ण समय पर आए हैं, जहां सार्थक नौकरी के अवसरों की बढ़ती मांग और कौशल वृद्धि की आवश्यकता है। बजट का रोजगार सृजन और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना युवाओं द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों का सीधा जवाब है, खासकर आर्थिक व्यवधानों और तकनीकी प्रगति के मद्देनजर जिसने नौकरी बाजार को पुनः आकार दिया है। युवाओं को सीधे प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कदम स्टार्टअप के लिए एंजल टैक्स की समाप्ति- भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने सभी प्रकार के निवेशकों के लिए एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया है। इस कदम से स्टार्टअप्स में अधिक निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे युवा उद्यमियों को अत्यधिक कराधान के बोझ से मुक्त होकर नवाचार करने में मदद मिलेगी। पहली बार नौकरी पाने वालों के लिए वेतन योजना- औपचारिक क्षेत्रों में रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए, एक नई योजना उन सभी व्यक्तियों को एक महीने का वेतन प्रदान करेगी जो पहली बार कार्यबल में प्रवेश कर रहे हैं। इसके अलावा, एक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के तहत, ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) में पंजीकृत पहले बार के कर्मचारियों को 15,000 तक के वेतन पर तीन किश्तों में एक महीने का वेतन प्रदान किया जाएगा।

# जमात-ए-इस्लामी सदस्यों के कश्मीर चुनाव में उतरने के मायने

रमेश शर्मा

यह बांग्लादेश के घटनाक्रम का उत्साह हो अथवा कश्मीर में कट्टरपंथी मानसिकता से काम करने वालों की रणनीति कि प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के पाँच सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिये निर्दलीय उम्मीदवार के रूप से नामांकन पत्र भर दिया है। इससे कश्मीर घाटी का राजनैतिक और सामाजिक वातावरण गरमा गया है। कश्मीरी राजनेताओं की शब्द शैली भी बदली है और मस्जिदों में तकरीरें भी बढ़ीं हैं। जम्मू-कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनाव से एक चौंकाने वाली खबर आई है। प्रतिबंधित जमायत-ए-इस्लामी के पाँच पूर्व पदाधिकारियों ने निर्दलीय रूप से अपनी उम्मीदवारी घोषित कर दी है। इस संगठन ने 1987 के बाद से किसी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। 1993 से 2003 के बीच हुये हर चुनाव को हराम बताकर बहिष्कार की अपील की थी लेकिन जमात ने इस बार अपनी रणनीति में बदलाव किया है। जमायत-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध है। जमात से जुड़े कार्यकर्ता अपने बैनर से चुनाव नहीं लड़ सकते इसलिये वे निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में आये हैं। अभी पाँच सदस्यों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। संभावना है कि घाटी की कुछ और सीटों पर जमात से जुड़े कार्यकर्त्ता अपने नामांकन भर सकते हैं। जिन पाँच सदस्यों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये उनकी शैली कुछ ऐसी थी, जिससे लगता है कि ये पाँचों लोग किसी रणनीति के अंतर्गत ही नामांकन पत्र प्रस्तुत करने आये। इन सभी ने एक ही दिन अपने निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रस्तुत किये। दूसरा, सभी ने कार्यकर्ताओं का एक अच्छा समूह एकत्र किया और मीडिया को खबर देकर बात भी की। सबकी बातचीत के विषय अलग थे पर संदेश एक ही था।

जमात जुड़े जिन लोगों ने पर्चे दाखिल किये उनमें तलत मजीद ने पुलवामा निर्वाचन क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी घोषित की। मजीद ने मीडिया से कहा कि देश और दुनियाँ की राजनीति में बदलाव आया है, यह बदलते वक्त की जरूरत है कि हम चुनाव लड़ रहे हैं। मजीद ने कहा कि मैं 2014 से जिस एजेंडे पर काम कर रहा हूँ आज भी उसपर कायम हूँ। मजीद ने एक बड़े आँदोलन आरंभ करने की घोषणा भी की। तलत मजीद कश्मीर में जमात-ए-इस्लामी का प्रमुख रहा है। इस संगठन में प्रमुख को अमीर कहा जाता है। जमात के एक अन्य प्रमुख कार्यकर्ता नजीर अहमद ने दिवसर सीट से नामांकन प्रस्तुत किया और एक अन्य कार्यकर्ता एजाज अहमद ने जैनपोरा से दावेदारी प्रस्तुत की है। जमात के पदाधिकारी रहे सर्जन बरकती की बेटी सुगरा बरकती ने भी अपना नामांकन पत्र भरा। सर्जन बरकती की पहचान अलगाववादी कट्टरपंथी के रूप में रही है। वह आतंकवादियों को फंडिंग के आरोप में अभी जेल में है। सर्जन बरकती की बेटी सुगरा बरकती ने अपना नामांकन प्रस्तुत करते हुये मीडिया से कहा कि वे अपने पिता की ओर से नामांकन भर रहीं हैं। जमात के एक और पूर्व नेता सायर अहमद रेशी ने पुलगाम विधानसभा से नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। रेशी ने कहा कि वे ÷कश्मीरियत÷ के लिये चुनाव लड़ रहे हैं। रैशी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अंतरात्मा की आवाज के आधार पर मतदान करें। कश्मीर की मस्जिदों और मदरसों के रूप में जमायत-ए- इस्लामी का एक बड़ा नेटवर्क है। कश्मीर की जिन मस्जिदों से कट्टरपंथ के प्रचार की खबरें आती हैं अथवा जिन मदरसों में आतंकवादी तैयार होने की खबरें आती है, वे जमायत-ए-इस्लामी के प्रभाव वाले क्षेत्र माने जाते हैं। पाकिस्तान के कुछ आतंकवादी संगठनों से संपर्क होने के आरोप भी इस संगठन पर लगे हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया था। कुछ लोग गिरफ्तार हुये और लगभग तीन सौ लोगों को नजरबंद किया गया था लेकिन धीरे-धीरे कुछ लोग रिहा हुये और कुछ से नजरबंदी हटाई गई। इसी साल फरवरी माह में यह प्रतिबंध पाँच साल के लिये और बढ़ा दिया गया है।



# राशिफल

**मेषः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफ्लता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# यौन दुष्कर्म के मामले और राष्ट्रपति की चिंता

डॉ. विशेष गुप्ता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर की अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शर्मनाक घटना पर राष्ट्रपति की पीड़ा ध्यान देने योग्य है। उन्होंने बहुत दर्द भरे शब्दों में कहा कि मैं निराश और भयभीत हूं। 09 अगस्त को कोलकाता में हुई इस दर्दनाक घटना के बाद उनका यह पहला बयान है। उन्होंने स्पष्ट लिखा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं देता। देश के साथ-साथ उन्होंने भी आक्रोशित होते हुए कहा कि जिस समय छात्र, डॉक्टर और नागरिक कोलकाता में प्रदर्शन कर रहे थे, ऐसे समय भी यौन पिपासु लोग अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए थे। उन्होंने दिसम्बर 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ बच्चों ने मुझसे बड़ी मासूमियत से इस घटना के बारे में पूछा, मगर क्या उन्हें ऐसी घटना आगे घटित न होने का भरोसा दिया जा सकता है। निश्चित ही इस समय महिला उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों पर समाज को ईमानदार और निष्पक्ष रहकर आत्ममूल्यांकन करने की महती आवश्यकता है। राष्ट्रपति महोदया के बयान के आलोक में यदि महिला उत्पीड़न से जुड़ी हालिया घटनाओं का मूल्यांकन करें तो ज्ञात होता है कि अभी हाल ही में कोलकाता में डॉक्टर के साथ किए गए यौन व्यभिचार से देशभर में फैले आक्रोश और प्रदर्शनों के बीच विधायिका की बदरंग तस्वीर भी सामने आयी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ओर से जारी हालिया रिपोर्ट में 16 वर्तमान सांसदों और 135 विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध में मुकदमें दर्ज हैं। इतना ही नहीं बल्कि दो सांसदों और 14 विधायकों पर दुष्कर्म के मामले चल रहे हैं। खास बात यह है कि बंगाल के जनप्रतिनिधि ऐसे मामलों का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। उधर, हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद केरल के फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण का मामला आजकल चरम पर है। बदलापुर, महाराष्ट्र में अबोध बच्चियों का त्रासद प्रकरण, असम में 14 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं तो हमारी आंखों के सामने ही हैं। इनके अलावा प्रतिदिन समाचार पत्रों में यौन उत्पीड़न और बलात्कार जैसी घटनाओं की बड़ी संख्या से गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति महोदया की महिला उत्पीड़न को लेकर यह पीड़ा अनायास ही नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं। कहना न होगा कि आज देश और प्रदेशों के विभिन्न हिस्सों में मासूम लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है। लगता है, निर्भया यौन उत्पीड़न की घटना के बाद समाज की सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। यही वजह है कि देश में यौन हिंसा की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियायें सामने आ रही हैं। इतना ही नहीं ऐसी घटनाओं को रोकने के सभी उपाय निष्फल होते दिख रहे हैं। देश-विदेश के स्तर पर जो भी रिपोर्ट सामने आ रही है, उनमें भी यौन हिंसा के बढ़ते ग्राफ को लेकर चिंता साफ झलक रही है। कहना न होगा कि बलात्कार जैसी घिनौनी वारदातों से न केवल देश बल्कि विदेशों तक में अपनी साख को बट्टा लग रहा है। देश में ऐसी घटनाओं का लगातार बढ़ना निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है। यौन उत्पीड़न की अधिकांश घटनाएं आज कानूनविदों और समाजशास्त्रियों को नए सिरे से सोचने को मजबूर कर रही हैं। इस संदर्भ से जुड़े कुछ और आंकड़े खुलासा करते हैं कि भारत में यौन उत्पीड़न के मामले में लगभग 93 फीसदी दोषी पीड़िता के ही परिचित होते हैं। इन आंकड़ों की तकलीफ देय तस्वीर यह है कि 31 फीसदी यौन हिंसा और छेड़खानी में पीड़ित लड़कियों की उम्र 14 साल से भी कम रही है। मामला चाहे महिला छेड़छाड़ का हो अथवा यौन हिंसा का, इन सभी घटनाओं को अब किसी एक सामाजिक पैमाने से नहीं मापा जा सकता। आज इसके गहन अध्ययन के लिए एक बहुआयामी वस्तुनिष्ठ मापनियों की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन फिर भी लगातार बढ़ती यौन हिंसा की इन घटनाओं पर कम से कम एक हालिया सामाजिक-मनोवैज्ञानिक दृष्टिपात करना जरूरी हो जाता है। इसमें कोई शक नहीं कि सूचना तकनीक ने आज की दुनिया में खलबली मचा दी है। गांवों से लेकर महानगरों तक मोबाइल और इंटरनेट ने बच्चों, युवाओं और महिलाओं के बीच अपना पूरा दखल बना लिया है। असल स्थिति यह है कि आप सड़क के किनारे तक से सस्ते से सस्ता इंटरनेट सिम खरीद कर पूरी दुनिया की अच्छी-बुरी सैर कर सकते हैं।

**गौरतलब है कि राष्ट्रपति महोदया की महिला उत्पीड़न को लेकर यह पीड़ा अनायास ही नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं। कहना न होगा कि आज देश और प्रदेशों के विभिन्न हिस्सों में मासूम लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है। लगता है, निर्भया यौन उत्पीड़न की घटना के बाद समाज की सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। यही वजह है कि देश में यौन हिंसा की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियायें सामने आ रही हैं। इतना ही नहीं ऐसी घटनाओं को रोकने के सभी उपाय निष्फल होते दिख रहे हैं। देश-विदेश के स्तर पर जो भी रिपोर्ट सामने आ रही है, उनमें भी यौन हिंसा के बढ़ते ग्राफ को लेकर चिंता साफ झलक रही है।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मानक विहीन स्कूलों को किया गया सील

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

अवैध व मानक विहीन स्कूलो पर शिकंजा कसने के लिए गठित टीम द्वारा चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के तहत तहसीलदार सीमा भारती के नेतृत्व में विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अलग अलग स्थान पर चल रहे स्कूलो का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में मानक विहीन भवन में संचालित किए जा रहे एक स्कूल को सील कर दिया गया वही मान्यता के विपरीत चल रहे तीन स्कूलो के प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने बताया कि टीम द्वारा सर्वप्रथम कस्बा सुबेहा में खुले एकता पब्लिक स्कूल का निरीक्षण



किया गया । इस दौरान देखा गया की विद्यालय की कक्षा 8 तक की मान्यता है और इंटर तक कक्षाएं संचालित होता हुआ पाया गया। एक अलग भवन बनाकर इंटर का बोर्ड लगाकर विद्यालय संचालित किया जा रहा था। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रबंधक को फटकार लगाई। मान्यता के विपरीत हाईस्कूल व इंटर के बच्चो का मान्यता प्राप्त विद्यालय में नामांकित करवाकर दो दिन के अंदर सूची उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया गया इसके बाद न्यू आइडियल पब्लिक स्कूल पलिया का निरीक्षण किया गया विद्यालय की कक्षा 5 तक मान्यता है लेकिन मानक विहीन भवन में संचालित होता पाया गया तीन कमरे में टीन शेड रखकर संचालित किया जा रहा था। चाहरदीवारी, पंखे ,बिजली कनेक्शन सहित अन्य अनियमितता पाए जाने पर विद्यालय को सील कर दिया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की मान्यता के विपरीत कक्षाएं संचालित कर रहे प्रबंधक को कारण बताओं नोटिस जारी कर मान्यता प्राप्त विद्यालय में छात्र छात्राओं का नामांकन करवाकर दो दिन के अंदर सूची उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया गया है।

दोबारा मान्यता के विपरीत कक्षाएं संचालित पाए जाने पर उनके खिलाफ एफ आई आर करा दी जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार सीमा भारती, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ , राजस्व निरीक्षक उमेश शाहू, जी जी आई सी इंटर कालेज प्रधानाचार्य पूनम कनौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

## परेशानी का सबब बने छुट्टा जानवर, पकड़ने में सफाई कर्मी घायल

**जैदपुर, बाराबंकी।** कस्बा जैदपुर मे सड़को पर घूम रहे बेसहारा छुट्टा जानवरो के चलते एक तरफ जहां राहगीरो को हर वक्त इनसे खतरा बना रहता है।वसी जैदपुर नगर पंचायत के कर्मचारियो द्वारा बेसहारा पशुओ को पकड़ कर ग्राम पंचायत गोठिया मे स्थित गौशाला भेजने के क्रम मे आज इंद्रपाल के नेतृत्व मे एक आवारा पशु का पीछा करते हुए सिनेमा हॉल मे पकड़ने की घंटो कोशिश के दौरान सफाई कर्मचारी राम मनोहर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए साथी कर्मचारियों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के पश्चात बाराबंकी रेफर कर दिया गया।

# आशा बहू सम्मेलन में संस्थागत प्रसव व परिवार नियोजन के महत्व के बारे में बताया

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता व सीएचसी अधीक्षक सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में आशा सम्मेलन का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के अंतर्गत संस्थागत परिवार नियोजन नियमित टीकाकरण एचबीएससी व अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सराहनीय कार्य करने वाली आशा संगिनी व आशा कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशस्तपत्र व शील्ड देकर मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार आशा संगिनी अंबा देवी, द्वितीय पुरस्कार शशि देवी, तृतीय पुरस्कार शैल कुमारी, बबीता सिंह, बिंदु सिंह व कंचन सिंह को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, वहीं आशा कर्मियों में प्रथम पुरस्कार पूजा शुक्ला, द्वितीय पुरस्कार रीनू सिंह व तृतीय पुरस्कार ज्ञानवती यादव, बबिता तिवारी को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्त्र पत्र प्रदान किया गया। आशा सम्मेलन का सफल मंच संचालन बीसीपीएम रितु सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, आरएन रावत, केतकी वर्मा एआरओ सत्य मोहन, डीपी यादव, बीपीएम मनीष कुमार ब्लॉक अकाउंट मैनेजर मनीष कुमार, डीईओ दुर्गेश पांडे , आरोग्य मित्र भूपेंद्र कुमार व आशा सम्मेलन में 246 आशा कर्मियों में से आधा सैकड़ा से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में श्रीमती रितु सिंह द्वारा आए हुए सभी अतिथियों आशा कर्मियों व आशा संगनियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## बाइक सवार ने मासूम को मारी टक्कर गम्भीर रूप से हुआ घायल

**जैदपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा जैदपुर के मोहल्ला अली अकबर कटरा में सोमवार को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक मासूम बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल बच्चे को लेकर अस्पताल पहुचे। जहां उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार जैदपुर कस्बा के मोहल्ला अली अकबर कटरा के रहने वाले वसीम के 5 वर्षीय पुत्र नबी अहमद एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया।वही घटना के बाद परिजन आनन-फानन मे घायल बच्चे को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर पहुंचे। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरो ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# पीएम आवास : जरूरतमंदों को सूची में शामिल करने कार्रवाई

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण उन्मुखीकरण गोष्ठी के तहत ग्राम पंचायत सतरही के ग्रामीणों एवं महिलाओं की बैठक पंचायत भवन सतरही में संपन्न हुई। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में ग्राम पंचायत के गरीब पात्र एवं जरूरतमंदों को आवास की सूची में शामिल करने के लिए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश सिन्हा, हर्षित श्रीवास्तव पंचायत सहायक सुमित एवं ग्राम प्रधान राजन सिंह उपस्थित रहे।



सचिव ज्ञान प्रकाश सिन्हा द्वारा आवास में पात्रता एवं अपात्रता की शर्तें बताई गई। राजन सिंह प्रधान द्वारा बैठक में मौजूद ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि ग्राम पंचायत के सतरही, गढ़ी, लट्ठन पुरवा व बहरामपुर गॉव मे जितने जरूरतमंद है उन सभी का नाम बिना किसी भेदभाव के बिना किसी अपने पराए का भेद किए हुए सभी जरूरतमंदों के नाम सूची में शामिल किए जाए जिससे आवास के पात्र सभी लोगो को आवास मिल सके। प्रधान राजन सिंह ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी को इस समस्या से भी अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत सतरही की बीपीएल सूची(पात्रता सूची ) सन 2000 में जब इंटरनेट पर फीडिंग की जा रही थी तो उस समय पूरे जिले में सिर्फ ग्राम पंचायत सतरही की सूची गायब हो गई जो इंटरनेट तथा तमाम प्रकार से खोज करने के बाद भी नहीं मिल सकी थी। जिसकी वजह से 18 वर्षों तक ग्राम वासियों को आवास, वृद्धा पेंशन सहित किसी भी सरकारी योजना का लाभ सतरही एवं उसके सभी मजरों के निवासियों को किसी प्रकार का लाभ नहीं मिल सका था। श्री सिंह ने बताया कि इसी वजह से ग्राम पंचायत सतरही में आवास के पात्रों की संख्या अन्य ग्राम पंचायत की अपेक्षा बहुत ज्यादा है क्योंकि इस 18 साल के समय में अन्य ग्राम पंचायत को इंदिरा आवास एवं तमाम तरह की सरकारी योजनाओं का लाभ बहुत बड़ी संख्या में मिला हमारे ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत में अधिकतर लोग दिहाड़ी मजदूरी पेशा है और भूमिहीन भी है ।

ग्राम प्रधान ने बताया कि किसी भी पात्र गरीब एवं जरूरतमंद ग्राम वासी के साथ किसी प्रकार का बिना भेदभाव किया उसको आवास की सूची में जगह दी जाएगी तथा प्रयास रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को आवास की सुविधा का लाभ दिलाया जा सके। धनीराम रामलाल विजय कुमार सिंह मनोज कुमार वार्ड मेंबर जियालाल रोशन लाल शिव कुमार सुनीता बड़का केशराम मलिका सद्गुरु राजाराम पांडे सजीवन प्रदीप कुमार अजय कुमारी रूपा देवी रावत प्रमोद कुमार बुद्धू राजेंद्र संतलाल मनोहर आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

## जमीनी रंजिश में विपक्षियों ने व्यक्ति की कर दी पिटाई



**जैदपुर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टोडकि पुरवा मजरे अहमदपुर निवासी राधेश्याम पुत्र माता प्रसाद ने थाने मे शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सोमवार की सुबह जमीनी रंजिश के चलते उनके परिवार के ही विपक्षीगण गिरधारी, पप्पू,मुंशी,गोविंद व उनके परिवार के अन्य सदस्यो द्वारा गाली गलौज करते हुए लात घूंसो व लाठी डंडों से मारा पीटा गया।जिसमे उन्हे तथा उसकी पत्नी कमला देवी को गंभीर चोट आई है। वही इसकी सूचना पुलिस को दी गई।सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने गंभीर रूप से घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर ले जाया गया। जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया। वही पुलिस द्वारा इस मामले मे आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### सेंध काटकर चोर ने उड़ायी 15 हजार की नकदी व जेवर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पीछे से सेंध काट कर हुई चोरी में अज्ञात चोर 15000 की नकदी सहित लाखों रुपए की जेवर चुरा लें गए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत मालिनपुर गांव निवासी श्याम सुंदर पुत्र महेश साहू का घर गांव के अंदर स्थित है बीती रात परिवार के खाने-पीने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे। परिजनों को चोरी की जानकारी आज सुबह 8 बजे उस समय हुई जब चाय बनाने के बाद भंडार गृह के रूप में इस्तेमाल होने वाले कमरे से दालमोट निकालने गई महिला को दरवाजा अंदर से बंद मिला। इसके बाद हड़कंप मच गया पीछे जाकर देखने पर सेंध कटी मिली। बख्शे और अलमारी का ताला तोड़कर चोर 15000 की नकदी के अलावा लगभग 5 लख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर चुरा कर चंपत हो गए। सूचना पाकर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। यह संबंध में कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी द्वारा बताए गए की घटना के खुलासे के प्रयास किये जा रहे हैं।

### बिजली मजदूर संगठन ने की बैठक, हिफाजत की किया मांग

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** उप्र बिजली मजदूर संगठन की एक बैठक विद्युत वितरण खंड रामनगर में संगठन के उपाध्यक्ष के के सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन के महामंत्री सुहेल आबिद शक्ति श्रीवास्तव शशि कटियार नितिन शुक्ला रईस अहमद शेष राम मनीराम रत्नेश कुमार तिवारी आदि नेताओ ने कहा कि उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन हमेशा संविदा कर्मियों को अपने संघठन रूपी छाते में समायोजित कर उनकी हिफाजत करता है। संगठन शासन से मांग करता है कि हर माह के पहले सप्ताह में वेतन भुगतान। आठ घण्टे से अधिक सेवा नही, मृत्यु के बाद रुपये बीस लाख का भुगतान किसी भी कीमत पर संविदा कर्मियों को दिया जाय। इसके साथ ही उत्पीड़न ना होने देने का अपना संकल्प दोहराया कार्यक्रम का संचालन सरोज कुमार ने किया वहीं अन्य कार्मिकों ने उपस्थित नेताओं का फूल मालाओं से स्वागत कर अस्वस्त करते हुए संविदा कर्मी हमेशा उत्तर प्रदेश बिजली विद्युत संघठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपने हक और हकूक की लड़ाई लड़ते रहेंगे ।इस मौके पर प्रदीप कुमार अखिलेश तौसीफ अहमद सुरेन्द्र कुमार सूरज यादव शिवम अवस्थी अजीत श्रीवास्तव सहित दर्जनों संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

### सदस्यता अभियान का निवर्तमान सांसद ने किया शुभारंभ



**बाराबंकी।** भाजपा के केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्यता दिलाकर राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024 का शुभारंभ किया गया, जिसके क्रम में निवर्तमान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने जैदपुर विधानसभा के शक्ति केंद्र सरसा बूथ संख्या 377 तिलसिया में मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह को सदस्यता दिलाकर राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का जिले में शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में भाजपा अपना योगदान कर रही है,इस योगदान में भागीदारी करने के लिए सभी को भाजपा का सदस्य बनना चाहिए। उपेंद्र सिंह ने भाजपा की सदस्यता के लिए 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके सदस्यता प्राप्त करने के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद वर्मा, सत्यनाम वर्मा अध्यक्ष प्रधान संघ सिद्धौर सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 24 प्रधानों ने बीडीओ कार्यालय पर दिया धरना, कमीशनखोरी से हैं आजिज

**रामनगर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड रामनगर में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार मिश्र की अगुवाई में करीब दो दर्जन ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधियो ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रर्दशन किया।

सूचना पाकर मौके पर दल बल के साथ पहुंचे एस डी एम पवन कुमार और ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी तथा ग्राम प्रधानो के मध्य देर शाम तक वार्ता जारी थी।ग्राम प्रधानो का आरोप है कि दुर्व्यवहार एंव कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार से क्षेत्र के प्रधान गण खिन्न है।वह सामूहिक रुप से इस्तीफा देने को तैयार हैं।मनरेगा योजना में चलायी जा रही ठेकेदारी प्रथा को



तत्काल बंद कराया जाये। आई डी तत्काल जारी कराई जाय गौशालाओं के लिये जो धन लम्बित है उसे जारी किया जाय।

क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के पक्के कार्य मे साठ चालीस के मानक से समझौता न हो। भुगतान क्रम के अनुसार करें।ग्राम पंचायतो में व्याप्त भ्रष्टाचार को तत्काल समाप्त किये जाने जैसी मांगे शामिल है।

# एग्रिजंक्शन के कृषि स्नातकों का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

स्टार आर-सेटी प्रशिक्षण केन्द्र, बाराबंकी में कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन ) योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में चयनित 42 कृषि स्नातकों के 13 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद विभाग सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, भूमि संरक्षण अधिकारी (कुर्सी डा0 विनोद कुमार यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक, विवेक कुमार, आर-सेटी, बाराबंकी के निदेशक विशाल सिंह, जिला सलाहकार कैलाशनाथ पाण्डेय, कृषि विशेषज्ञ अशोक कुमार मिश्र, नीरज श्रीवास्तव सहित समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। उप कृषि



निदेशक, बाराबंकी द्वारा योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षार्थियों को देय सुविधाओं के बारे में अवगत कराते हुये बताया गया कि समस्त प्रशिक्षार्थियों को 13 दिवस का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा जिसमें एग्रीजंक्शन (वन स्टाप शाप) के संचालन हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ नियमानुसार समस्त प्रकार के अभिलेखों को तैयार करने एवं उनके रख-रखाव की जानकारी भी उपलब्ध कराई जायेगी। प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर समस्त अभ्यर्थियों को उर्वरक, बीज एवं पेस्टिसाइड के निःशुल्क लाइसेंस प्रदान किये जायेंगे। साथ ही व्यवसाय हेतु ली गई दुकान के किराये पर प्रथम एक वर्ष हेतु किरायानामा के आधार पर अधिकतम रू0 1000/- प्रतिमाह की दर से अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा।

इसके अतिरिक्त व्यवसाय संचालन हेतु रू0 500000/- तक के लोन पर प्रथम 03 वर्षो के ब्याज अनुदान के रूप में एकमुश्त रू0 60000/- का बैंक इण्डेड अनुदान भी उपलब्ध कराया जायेगा।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कालपी (जालौन)।** सोमवार दोपहर बाईक से जा रहा युवक हादसे का शिकार हो गया। उसे अज्ञात वाहन ने हाईवे पर टक्कर मार दी थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमवार को बाईक सवार उरई की तरफ जा रहा था इसी दौरान वह जोल्हूपुर हाईवे पर छोटे सिंह चौहान के ढावे के पास पहुंचा था इसी दौरान पीछे से आ रहे वाहन ने उसको जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर गया था। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस उसे आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गई थी लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। उसके फोन पर आई एक फोन काल से मृतक की पहचान रविकुमार पुत्र कंजा निवासी अकबरपुर कानपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी मौत की सूचना परिजनों को दी है।

# सभासदों की अभद्रता से आहत सफाई कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**माधौगढ़ जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत रामपुरा के सभासदों द्वारा सफाई कर्मियों को धमकाने, गालीगलौज करने व नोकरी से निकलवाने की धमकी देने के कारण सभी सफाई कर्मियों ने एकजुटता दिखाते हुए माधौगढ़ तहसील पहुंचकर एसडीएम के नाम पर तहसीलदार विजय कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की हैं।

गौरतलब है कि बीते दिनों वार्ड क्रमांक 7 के सफाई कार्य देख रहे सफाईकर्मी रामलखन वाल्मीकि ने थाना अध्यक्ष व क्षेत्र अधिकारी माधौगढ़ को शिकायत पत्र देकर वार्ड के सभासद अल्ताफ खान पर आरोप लगाया था कि वह सफाई कर करते समय उनके ऊपर झूठे इल्जाम लगाकर नौकरी से हटवाने की धमकी



देकर जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हैं। जिसकी शिकायत सफाईकर्मियों द्वारा स्थानीय पुलिस से की गई थी। दूसरी तरफ वार्ड नंबर 1 के सभासद पति गिरजाशंकर के विरुद्ध उत्पीड़न करने का आरोप सफाईकर्मी संतोष वाल्मीकि ने तथा वार्ड संख्या 10 के सभासद मोहम्मद जाकिर उर्फ गुड्डू के विरुद्ध सफाईकर्मी जगराम वाल्मीकि ने गाली गलौज कर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किए जाने का आरोप लगाया है। नगर पंचायत के समस्त सफाईकर्मियों राम लखन, प्रमोद, जगराम, प्रदीप, धर्मेंद्र, संतोष, लालता, देवेंद्र, रविंद्र, धनीराम आदि ने एसडीएम कार्यालय पहुँचकर तहसीलदार विजय कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए उक्त सभासदों पर कार्यवाही करने की मांग की हैं।

# पशु चिकित्साधिकारी के आवास में भरा पानी, बढ़ी मुश्किलें

**जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

लगातार हो रही बारिश के चलते उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के आवासीय परिसर में पानी भरने से निकलने में दिक्कत हो रही है। उधर, मोहल्ला गणेशजी में पाइप लाइन बिछाने के लिए जेसीबी से खोदे गए गड्ढों में पानी भरे होने के बाद भी उस पर मिट्टी डाल दी गई। जिससे एक ओर जहां कीचड़ हो रहा है तो दूसरी ओर गड्ढों में वाहन फंस रहे हैं।

लगातार हो रही बारिश के चलते आम लोग तो परेशान हैं ही। कहीं जलभराव तो कहीं कीचड़ की समस्या है। ब्लॉक परिसर में पशु चिकित्सालय स्थित है। पशु चिकित्सालय के पास इसी परिसर में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी का आवास भी है। लगातार हो रही बारिश के चलते उनके आवासीय परिसर में पानी भर गया है। पानी भरने से उन्हें वहां से निकलने में दिक्कत हो रही है। इसको लेकर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आरके राजपूत ने बताया आवासीय परिसर में पानी भरे होने से दिक्कत हो रही है। इसकी जानकारी उन्होंने जिम्मेदारों को दी थी। लेकिन अब तक जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल सकी है। उधर, नगर के मोहल्ला गणेशजी में जल निगम द्वारा पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए बारिश के मौसम में ही सीसी सड़क को जेसीबी मशीन से खोद दिया गया।

## घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैट्री चुरा ले गए चोर

**जालौन (उरई)।** घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैट्री अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। वाहन स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर संदेह के आधर पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था। पूछतांछ में उसने बैट्री चोरी की बात कुबूल की साथ ही पुलिस ने निशानदेही पर चोरी गई बैट्री को भी बरामद कर लिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी अशरफखां ने पुलिस को बताया था कि 30 अगस्त की रात उसने अपना ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा किया था। ट्रैक्टर में उसने नई बैट्री डलवाई थी। रात में ही किसी व्यक्ति ने उसके ट्रैक्टर की बैट्री खोल ली और उसे चोरी कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बैट्री चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर बैट्री चोर की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने संदेह के आधार पर गांव के ही एक व्यक्ति लक्ष्मी जाटव को पकड़कर जब उससे पूछतांछ की तो उसने बैट्री चोरी की बात कुबूल कर ली। साथ ही पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घर से चोरी गई बैट्री भी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि बैट्री चोर को पकड़ा गया है। जिसे न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ रखें खाली, न करें अतिक्रमण: नगर आयुक्त

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा सोमवार को अपर नगर आयुक्त,शशि भूषण राय,सुमित कुमार,वागीश कुमार शुक्ला व अनिल कुमार सिंह के साथ रामपथ मार्ग पर बने दोनों पटरियों के किनारे बने फुटपाथ पर बेनीगंज से आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान के पास तथा अयोध्या धाम में श्री राम चिकित्सालय से जलवान पुरा होते हुए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान दो दर्जन से अधिक गुमटियां और बांस बल्ली के जब्तीकरण की कार्यवाही के साथ साथ जुर्माने के रूप में पचास हजार रुपए की वसूली की



गयी।उल्लेखनीय है कि रामपथ मार्ग की दोनों पटरियों पर फुटपाथ का निर्माण कराया गया है जिस पर स्थानीय नागरिकों के साथ साथ अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का पैदल आवागमन सुलभ हो सके, किंतु फुटपाथ पर अतिक्रमण होने के कारण अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और नागरिकों को आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है उन्होंने बताया कि अयोध्या में दिन प्रतिदिन अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है।रामपथ मार्ग की दोनों पटरियों पर बनाए गए फुटपाथ अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों एवं नागरिकों के पैदल चलने के लिए निर्मित है किंतु रामपथ मार्ग के दोनों पटरियों पर अतिक्रमण होने के कारण श्रद्धालुओं नागरिकों को परेशानी का सामना पड़ता है जिससे यातायात व्यवस्था भी बाधित होता है।उन्होंने प्रतिष्ठान स्वामियों,भवन स्वामियों और दुकानदारों से भी अपील की है कि रामपथ मार्ग पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए।यह दण्डनीय है।ऐसा करते पाए जाने पर सम्बंधित अतिक्रमण कर्ता के विरुद्ध जुर्माने के साथ साथ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अयोध्या धाम में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग से क्रमशः मन्दिर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक यातायात ए.पी. सिंह तथा अयोध्या कैंट में रामपथ पर नगर मजिस्ट्रैट राजेश कुमार व चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव,मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक,राजेश कुमार झा,अवर अभियंता,अमित जायसवाल तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विजयेंद्र वर्मा आदि निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब मुलाकातियों को परेशान होने की जरूरत नहीं : जेल अधीक्षक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जेल में बंद अपने परिजनों से मिलने के लिए अब मुलाकातियो को अब परेशान होने की आवश्यकता नहीं कैदियों से मिलने के लिए अब ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है, इसके लिए एक क्यूआर कोड भी जारी किया गया है जेल अधीक्षक कुलदीप भदौरिया ने बताया की मुलाकाती जेल में बंद अपने परिजन से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा कर मुलाकात कर सकते है क्यूआर कोड के अतिरिक्त ऑनलाइन पोर्टल पर भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैऑनलाइन



रजिस्ट्रेशन के बाद आपके ईमेल पर मुलाकात पर्ची प्राप्त हो जायेगी जिसका प्रिंट निकाल कर आधार कार्ड के साथ जेल में पहुंच कर बिना लाइन के मुलाकात की जा सकती है। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनियामऊ में चल रहे ठेके को लेके विरोध प्रदर्शन के बाद धरना दे रही महिलाओं पर एक बाइक सवार ने बाइक से मारी टक्कर एक महिला गंभीर रूप से घायल बाइक सवार मौके से फरार महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

## महिला ने ससुर के दोस्त पर दर्ज कराया मुकदमा

**कालपी (जालौन)।** नगर निवासी एक महिला ने अपने ससुर के दोस्त पर घर में घुसकर गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एससी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। रविवार देर रात नगर के मुहल्ला कागजीपुरा निवासी महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि वह घर में अकेली मौजूद थी और उसका ससुर और उसका दोस्त लल्लू यादव निवासी दमदमा घर के बाहर शराब पी रहे थे। इसी दौरान वह अंदर आ गया था और उससे रोटी की मांग करने लगा था लेकिन उसने मना किया तो वह जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली गलौज करने लगा था।

## सूचना

पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SAILI URF ANSHIKA दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम ANSHIKA SINGH है। ANSHIKA SINGH D/o Army/JC No-482494M, रैंक सूबेदार उपेन्द्र सिंह, 23 राजपूत, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी प्लाट नंबर-5, बालाजी नगर, ट्रॉस यमुना कालोनी, कुबेरपुर, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश-282006.

# समूह की महिलाओं को मोमबत्ती बनाने का दिया प्रशिक्षण

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़



महिलाओं को प्रशिक्षण देती महिला वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला — समृद्धि न्यूज

**कृषि विज्ञान** केंद्र अनौगी द्वारा कस्वा में समूह की महिलाओं को मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य समूह की महिलाओं में कौशल विकसित कर आत्म निर्भर बनाना रहा। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला ने बताया कि मोमबत्ती उत्पादन एक ऐसा उद्योग है। जिसे घर बैठे कुटीर उद्योग की तरह आसानी से किया जा सकता है। रंग - बिरंगी और खूबसूरत मोमबत्तियाँ अपनी खूबसूरती व झिलमिल रोशनी से सभी का मन मोह लेती हैं। यही कारण है कि मोमबत्ती उद्योग ग्रामीण स्तर से लेकर शहरों तक अपनी पहुँच बना चुका है। इस क्षेत्र में स्वरोज़गार की संभावनाएँ अधिक है महिलाएँ इससे जुड़कर अपना रोज़गार शुरू कर सकती हैं व अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने में मदद कर सकती है। उन्होंने बताया कि यह एक ऐसा घरेलू उद्योग है जिसे कम पूँजी में शुरू किया जा सकता है।इसमें अधिक मैन पवार की आवश्यकता नहीं होती यह घर के व्यक्तियों के सहयोग से आसानी से किया जा सकता है। डॉ यादव ने बताया कि इसे बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में पैराफ़ीन मोम व सूत की बत्ती की ज़रूरत होती है और यह किसी भी अच्छे बाज़ार में मिल जाता है। इसके अलावा डिज़ाइनर मोमबत्ती बनाने के लिए जेल मोम, खुशबू के लिए परफ़्यूम, कलर, पत्थर आदि की आवश्यकता होती है।

# सपा नेता नवाब ने किया था किशोरी से दुष्कर्म, रिपोर्ट में हुई पुष्टि

- सपा नेता की बढ़ेगी मुश्किलें, धाराएं भी बढ़ाई जा सकती है

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

**सपा के** पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया था। हालांकि नवाब सिंह डीएनए में किशोरी से दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने डीएनए रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि की। किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास में 12 अगस्त को पुलिस ने सपा के पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के समय पीड़ित पक्ष व आरोपी अपने विद्यालय चंदन सिंह महाविद्यालय में था। किशोरी अपनी बुआ के साथ आई थी। बुआ की



तहरीर पर पुलिस ने छेड़छाड़ व पॉक्सो की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। तिर्वा क्षेत्र की एक महिला अपनी नाबालिग भतीजी के साथ कुछ दिन पहले रविवार की देर रात किसी तरह शहर के चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय पहुंची। यहां एक कमरे में दोनों ठहरी थीं। इस दौरान नवाब सिंह भी वहां मौजूद था। आरोप है कि महिला बाथरूम चली गई। तभी नवाब सिंह यादव ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसी बीच किशोरी ने यूपी 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने सपा नेता को महाविद्यालय के कमरे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक जिस समय वह कमरे में दाखिल हुई उस समय पूर्व सपा नेता कमरे मे थे। पुलिस ने पूछताछ की और बुआ-भतीजी व आरोपी को कोतवाली ले आई। दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दुष्कर्म के मामले को लेकर डीएनए टेस्ट हुआ। रिपोर्ट आने पर पुलिस अधीक्षक ने इस बात का खुलासा कर रेप की पुष्टि हुई। लोगों में चर्चा है कि डीएनए रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद नवाब सिंह की मुश्किलें और बढ़ सकती है। धाराएं भी बढ़ाई जा सकती है।

## खबरें चलते-चलते

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने पोषण पुनर्वास केन्द्र का भ्रमण कर, बच्चों का जाना हाल


बच्चें की माता को उपहार भेंट करती ज्वांइट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के निर्देशन में स्मृति मिश्रा (आईएएस) ज्वांइट मजिस्ट्रेट द्वारा पोषण पुनर्वास केन्द्र संयुक्त जिला चिकित्सालय का भ्रमण किया। बताया गया कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में कुल 10 सैम बच्चे भर्ती हैं। जिसमें से 04 सैम बच्चे 14 दिन रहने के पश्चात् स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुये व पुनः 04 सैम बच्चों को भर्ती करा दिया गया है। जिससे सभी 10 बेड भरे हुये हैं। डिस्चार्ज हुये सैम बच्चे क्रमशः राम, श्याम, देव, शुभम की माताओं को साडी, खिलौने उपहार स्वरूप भेंट किये गये व जिला अस्पताल द्वारा उक्त सैम बच्चों की माताओं के खाते में 700 रू0 धनराशि का भुगतान किया गया। इस प्रकार जिलाधिकारी की नवीन पहल के तहत कुल 112 सैम बच्चे पोषण पुनर्वास केन्द्र में 14 दिन रहने के पश्चात् डिस्चार्ज हुए है, व उन सभी सैम बच्चों की माताओं को साड़ी एवं खिलौने उपहार स्वरूप भेंट किये गये हैं।

### भारतीय किसान यूनियन बलराज का धरना प्रदर्शन प्रारंभ



**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज ने आज से धरना प्रदर्शन शुरू किया मौके पर तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम पहुंची। भारतीय किसान यूनियन बलराज के धरना प्रदर्शन में तहसीलदार मौके पर आए फिर से वही जांच करा ले लेखपाल ने बताया की उनका जितना रकवा है वो काबिज है उसके बाबजूद कोई करवाही का कोई आश्वासन नही दिया धरना निरंतर जारी रहेगा प्रदेश अध्यक्ष जी उत्तर प्रदेश के पूरे जिला अध्यक्ष की टीम के साथ जल्द धरना प्रदर्शन पर आयेंगे इस मौके जिला अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह जी प्रदेश को साथ दीजिए किशन सिंह प्रदेश अध्यक्ष युवा इंजीनियर सौरव यादव प्रदेश सचिव श्यामवीर यादव जी योगेंद्र यादव पृथ्वीराज यादव मंडल मीडिया प्रभारी कौशल यादव जिला संगठन मंत्री देवेंद्र यादव प्रमोद कठेरिया रामदास राठौर एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नगर में निकाली गई कलश यात्रा, गूंजें जय श्रीराम के उद्घोष

- भ्रमण के बाद कथा स्थल पर हुआ भव्य कलश यात्रा का समापन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज


कलश यात्रा में मौजूद वरिष्ठ समाजसेवी व श्रद्धालु — समृद्धि न्यूज

**नगर के** प्राचीन श्री राम मंदिर के प्रांगण स्थित रामजानकी मण्डपम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सर पर कलश रखकर एवं मंदिर के ट्रस्टी/वरिष्ठ समाजसेवी ने सिर पर बेदी रखकर नगर के प्रमुख मार्गो पर भ्रमण कर कलश यात्रा निकाली। इस दौरान कई स्थानों पर घर की छतों से कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सोमवार को नगर के चौराहा प्राचीन श्री राम मंदिर के प्रांगण स्थित रामजानकी मण्डपम में श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व आयोजित कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने अपने सरों पर कलश रखकर एवं मंदिर के ट्रस्टी/वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने अपने सर पर वेदी रखकर नगर के तिर्वा रोड से चकोर रोड से तिराहा सहित प्रमुख मार्गो पर कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान डीजे की धुनों पर बज रहे भक्तिमय गीतों एवं जय श्रीराम के उद्घोष से समूचा वातावरण भक्ति मय हो गया। वही कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने घर की छतों से पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद कलश यात्रा का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समापन हुआ। जहां श्री धाम वृंदावन से पधारे परमपूज्य आचार्य श्री कृष्ण जी महाराज यज्ञाचार्य पं. राकेश चन्द्र दुवे ने विधि विधान से पूजा बंदना के बाद श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार पाठक, पं. दीनबन्धु पाठक, भाजपा नेता राजीव ठाकुर, संजीव गुप्ता उर्फ संजू, धर्मेन्द्र कौशल, नीरज मिश्रा, अमरदीप मिश्रा, अजीत सिंह वर्मा, सतेन्द्र दुवे, सभासद संतोष गुप्ता उर्फ मुल्लू, निर्मल श्रीवास्तव, परमजीत, सुरेन्द्र कुमार, चरणजीत, विपिन चौरसिया, शिवा गुप्ता, सोनू नेता, सुशील सक्सेना, कुलदीप राठौर, मनोज गुप्ता, अजय दीक्षित, कुलदीप बाथम सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# प्लांट पर जबरन सड़क बनवाने का प्रार्थना पत्र दिया गया



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन औनू मैं तहसील प्रसार में किसानों के साथ प्रदर्शन करते हुए उप जिला अधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन औनू के किसानों ने ग्राम बहावलपुर गाटा संख्या 216 में स्थित प्लांट पर सिविल न्यायालय द्वारा आदेश के बावजूद में भू माफियाओं द्वारा मिट्टी डालकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सके घटना का लिखित प्रार्थना पत्र किसानों द्वारा उप जिलाधिकारी संबोधित लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया प्रार्थना पत्र देते समय नीरज भाटिया मुशर्रफ संजीव कुमार नरेंद्र शर्मा भूर सिंह अरविंद सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# नगर पालिका के स्थापना उत्सव की तैयारी शुरू



**छिबरामऊ।** नगर पालिका के स्थापना के दिन 22 नवंबर को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि संकल्प दिवस 2024 के रूप में स्वच्छता थीम को इस बार रखा गया है। गत वर्ष हुए आयोजन की सफलता ने आयोजन को और धूमधाम से मनाये जाने को लेकर प्रेरित किया है। इस बार समय से तैयारी पूरी हो जाए इसके लिए गत वर्ष प्रतिभाग करने वाले विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों के मध्य बैठक पालिका सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि इस बार विभिन्न प्रतियोगिताओ के अलावा स्थानीय संस्कृति आधारित एवम परंपराओं के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। बैठक विद्यालयों के बच्चों को प्रतिभाग सूची जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय की गई। ईओ सुनील सिंह ने बताया कि सितंबर माह के अंत में विद्यालयों में नवाचार आधारित तीन दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे और अक्टूबर में शारीरिक खेलो से जुड़ी प्रतियोगिताओ को सम्पन्न करा लिया जायेगा। संकल्प उत्सव की तिथि पूर्ववत 20, 21 एवम 22 नवम्बर रखी गई है। इस अवसर विभिन्न विद्यालयो के प्रबंधक एवम उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एमएसपी गारंटी और किसान आयोग गठन की मांग को लेकर भाकियू किसान ने किया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**भारतीय** किसान यूनियन कन्नौज के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में संगठन के सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ तहसील मुख्यालय का घेराव कर किसानों की मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी छिबरामऊ को दिया जिसमे किसानो की समस्या को लेकर किए जा रहे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन दिया गया। एमएसपी गारंटी कानून आज की सबसे अधिक जरूरत है। केंद्र सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हो चुका है ऐसे में केंद्र सरकार इस मामले में नई कमेटी का गठन क इस कानून को तत्काल अमलीजामा पहनाए। जल स्तर को ऊपर उठाने के लिए नदियों की आपस में जोड़ने की योजना का विस्तार किया जाए। वाटर रिचार्ज की स्कीम को धरातल पर उतारा जाए। इसके लिए नदियों पर चेकडेम बनाने के साथ उनकी साफ-सफाई भी कराई जाए। छोटी नहरों में रिचार्ज कूप योजना को लागू किया जाए। मंडी व्यवस्था को और सुद्ध करते हुए नगदी फसलों को खरीदने के लिए किसान ग्रुपों को बनाने और उनको साधन मुहैया कराने में सरकार को पहल करनी चाहिए। बिहार समेत बाकी राज्यों खासकर उत्तर-पूर्व भारत के राज्यों में मंडियों को मजबूर बनाया जाए ताकि किसान के साथ स्थानीय लोगों को खाने के लिए सस्ता अनाज मिल सके। जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने मीडिया से बात करते हुए बताया की उपरोक्त बिंदुओं पर शीघ्र निर्णय लिया जाना अति आवश्यक है , किसानों की दशा और दिशा को तय करने वाले मुद्दे है जिस पर केंद्र की सरकार को तत्काल प्रभाव से ध्यान देने की आवश्यकता है।अन्यथा की स्थिति में भारतीय किसान यूनियन किसान पूरे देश में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी।मुख्य रूप से उपस्थित रहे अनुराग त्रिपाठी, गणेश दुबे, ऋषि चौहान, सचिन दीक्षित, आयुष दीक्षित,दीवान कश्यप, छोटू यादव, शिवकुमार दीक्षित, छोटे दीक्षित,गौरव राजपूत, सुधीर तिवारी, शांतनु यादव, टिंकू शर्मा,शिवम शुक्ला,अजय पाठक,साहिबे आलम, लक्ष्मन शर्मा, मोनू शर्मा, सूरज दुबे, अनार सिंह पाल, शनि कुमार, हर्षित शर्मा, अजय शर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

# गौतम बुद्ध के प्रशांत ने नीट में पाई सफलता

- राजकीय मेडिकल कॉलेज गाजीपुर में मिला प्रवेश

तिर्वा। समृद्धि न्यूज


छात्र प्रशांत गौतम को सम्मानित करते प्रधानाचार्य

कस्बे के गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज के छात्र प्रशांत गौतम ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज गाजीपुर में कांउसलिंग के बाद एमबीबीएस प्रथम बर्ष में एडमिशन मिला है। प्रशांत गौतम की इस सफलता को लेकर सोमवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उसे सम्मानित किया है। गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज के प्रबंधक देवेन्द्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशांत गौतम पुत्र मुकेश कुमार गौतम क्षेत्र के मदनापुर गांव का निवासी है। वह सामान्य परिवार से सम्बन्ध रखता है। उसके पिता किसान है। उसने बर्ष 2024 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। बाद में नीट की परीक्षा में उसने सफलता हासिल की। सोमवार को कॉलेज पहुंचने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय पाल भदौरिया ने उनका माल्यार्पण कर उसका स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

गोष्ठी — मंकी पॉक्स की बीमारी को लेकर मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुई गोष्ठी

# मंकी पॉक्स के लक्षण दिखे तो तत्काल मेडिकल कॉलेज में कराएं जांच

- विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोग के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में दी तमाम जानकारियां

तिर्वा। समृद्धि न्यूज


गोष्ठी को संबोधित करते मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल

राजकीय मेडिकल कॉलेज के एलटी-3 सभागार में सोमवार को मंकी पॉक्स को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मंकी पॉक्स की बीमारी को लेकर उसके लक्षण, उपचार को लेकर तमाम जानकारियां दी। बताया लक्षण दिखे, तो तत्काल मेडिकल कॉलेज आकर जांच कराएं।

मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसीन विभाग द्वारा मंकी पॉक्स को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने दीप पृज्जवलन कर गोष्ठी की शुरूआत कराई। विभागाध्यक्ष डॉ.डीएस मार्तोलिया ने बताया कि मंकी पॉक्स की बीमारी के लक्षणों में बुखार आता है। शरीर में दाने पड़ जाते हैं। इसके अलावा चकते व पूरे शरीर व सिर में भंयकर दर्द उठता है। उन्होने कहा कि इस तरह के लक्षण दिखे, तो तत्काल मेडिकल कॉलेज आकर उसकी जांच कराएं। माइक्रोबायोलाजी की डॉ.किरन यादव ने बताया कि इस बीमारी की जांच के लिए सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होने बताया कि किस तरह से इस बीमारी की जांच माइक्रोबायोलाजी विभाग में की जाती है। डॉ.सैफ ने बीमारी की रोकथाम को लेकर बताया कि इस बीमारी से प्रभावित मरीज को छूने के दौरान बार-बार हाथ धोयें व मास्क लगाकर रखें। बीमार मरीज को एक अलग कमरे में रखे। जिससे परिवार के अन्य सदस्य बीमारी से प्रभावित न हो। 21 दिनों तक मरीज को फालो करें। डॉ. प्रियंका ने इस रोग के इलाज के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। गोष्ठी को डॉ.प्रीती वर्मा, सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह, मानसिक रोग के विभागाध्यक्ष डॉ.विपुल सिंह, बाल रोग की विभागाध्यक्ष डॉ.भावना तिवारी व सर्जरी के विभागाध्यक्ष मो.अतहर, गायनी की विभागाध्यक्ष डॉ.सपना सिंह ने भी संबोधित किया।

# युवक ने पत्नी सहित माता पिता को दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

पत्नी एवं माता-पिता द्वारा अवैध संबंध में बाधा उत्पन्न करने पर कलयुगी पुत्र ने पत्नी सहित अपने ही माता-पिता से अभद्रता करते हुए धमकी दी है। पीडिता नें कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी रोशनी देवी पत्नी राजा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसका पति दूसरी महिला से अवैध संबंध बनाये चल रहा है तथा वह उसे व सास ससुर के साथ आए दिन मारपीट करने पर आमादा होते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।




# स्वस्थ्य शरीर के लिए संतुलित आहार के प्रति किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- मेजर, एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में मनाया गया पोषण सप्ताह

**बघार** स्थित मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में पोषण सप्ताह के दूसरे दिन स्वस्थ्य शरीर के लिए संतुलित आहार के प्रति जागरुक किया गया। चिकित्सकों ने कहा कि इसका उद्देश्य आहार संबंधी प्रथाओं में सुधार करना और सभी उम्र के व्यक्तियों के बीच एक स्वस्थ भविष्य का समर्थन करना है।

सोमवार को पोषण सप्ताह के दूसरे दिन मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने कहा कि एक स्वस्थ आहार में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं जो आपके कैलोरी लक्ष्यों के भीतर रहते हुए आपके शरीर को पर्याप्त पोषक तत्व प्रदान करते हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार कई बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। जिसमें हृदय और यकृत से संबंधित बीमारियाँ भी शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार जीवन भर स्वस्थ आहार कुपोषण के साथ-साथ कई गैर संचारी रोगों और मधुमेह, हृदय रोग, स्ट्रोक और कैंसर जैसी स्थितियों को रोकता है। एक संतुलित और स्वस्थ आहार उम्र, लिंग, जीवनशैली और शारीरिक गतिविधि की डिग्री जैसी व्यक्तिगत विशेषताओं के आधार पर भिन्न होता है। यह सांस्कृतिक संदर्भ, स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य पदार्थों और आहार संबंधी रीति-रिवाजों पर भी निर्भर करता है, लेकिन फिर भीए एक स्वस्थ आहार का गठन करने वाले मूल सिद्धांत समान रहते हैं। एक स्वस्थ आहार में फल, सब्जियाँ, फलियाँ, मेवे और साबुत अनाज शामिल हैं।



पोषण सप्ताह का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व मौजूद चिकित्सक आदि

चिकित्सकों ने कहा कि 2 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन कम से कम 250 ग्राम, जबकि 6-9 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन 350 ग्राम का सेवन करना चाहिए। कुल ऊर्जा सेवन का 30 प्रतिशत से कम वसा से आना चाहिए। यह वयस्क आबादी में अस्वास्थ्यकर वजन बढ़ने से रोकने में मदद करता है और गैर संचारी रोगों के विकास के जोखिम को कम करता है। नमक, सोडियम और पोटेशियम अधिकांश लोग बहुत अधिक सोडियम का सेवन करते हैं और पोटेशियम की कमी होती है। अधिक नमक का सेवन और अपर्याप्त पोटेशियम का सेवन उच्च रक्तचाप में योगदान कर सकता है। वयस्कों को प्रतिदिन कम से कम 25 ग्राम प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले आहार फाइबर का सेवन करना चाहिए। 2 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन कम से कम 15 ग्राम और 6 से 9 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन कम से कम 21 ग्राम फाइबर का सेवन करना चाहिए। इस मौके पर डॉ0 संतोष मिश्रा (रा0चि0अ0), डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता, डॉ0 देवाशीष विसवाल, डॉ0 निरंजन एस, डॉ0 शीलू गुप्ता, डॉ0 रीता सिंह, डॉ0 संकल्प, डॉ0 विघ्नेश्वर मिश्रा, डॉ0 शिवओम दीक्षित, डॉ0 पंकज शुक्ला, डॉ0 पीयूष माधव, डॉ0 पवन, डॉ0 अरीब हुसैन, डॉ0 विकास बाबू, डॉ0 भारती पांचाल, डॉ0 नरमदा शाहू, डॉ0 भाग्यश्री, डॉ0 अविधा, डॉ0 शिल्पा बिस्ट, योगाचार्य अंकुर द्विवेदी, डॉ0 नीलूश्री, डॉ0 रसना आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

# डिलीवरी के बाद जच्चा बच्चा की मौत चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**डिलीवरी** के बाद जच्चा बच्चा की मौत हो गयी। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलौली पठान निवासी रजिया उम्र 28 वर्षीय पत्नी रहीश अहमद को बीती रात्रि प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने पुलगालिब स्थित कृष्णा हॉस्पीटल में लेकर पहुँचे। जहाँ प्रसूता को भर्ती कर काउन्टर पर रुपये जमा करवा लिए। चिकित्सकों ने प्रसूता की डिलीवरी करवायी, तो मृत बच्ची पैदा हुई। कुछ समय बाद प्रसूता की भी हालत बिगड़ने लगी। प्रसूता की चीख पुकार सुनकर परिजन अंदर पहुंचे, तो वहां पर मौजूद स्टाप ने अपनी प्राइवेट गाड़ी द्वारा फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल ले जाने की बात कहकर अंदर चले गये। जब परिजनों ने हॉस्पिटल के कर्मचारियों से जनकारी करनी चाही, तो उन्होंने बताया कि प्रसूता की हालत गम्भीर है। जल्दी ले जाओ। तब परिजन प्रसूता को लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने बाहर से ही देखकर मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन शव लेकर चले आये। परिजनों ने कृष्णा हॉस्पीटल के चिकित्सकों व कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। प्रसूता की मौत की सूचना पर मासूम बच्चे शादिल व नूर का रो-रोकर बुरा हाल है।


गुमशुम खड़े मृतका के परिजन समृद्धि न्यूज

# अटल ताइक्कांडो अकादमी का सांसद ने किया शुभारंभ


शुभारंभ अवसर पर मौजूद भाजपा नेता व प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे आदि समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अटल ताइक्कांडो** अकादमी का शुभारंभ सांसद मुकेश राजपूत ने किया। उन्होंने कहा इस अकादमी में सभी उम्र के बालक एवं बालिका, पुरुष एवं महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। सोमवार को आवास विकास में अटल ताइक्कांडो अकादमी का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, जिला अध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता, योग गुरू अमित सक्सेना एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अटल ताइक्कांडो अकादमी का प्रशिक्षण का समय शाम 5.00 बजे से 6.30 तक होगा। जिसमें सभी उम्र के बालक बालिका, पुरुष एवं महिला यहां पर ताइक्कांडो प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के सह प्रशिक्षक शनि दिवाकर एवं मुख्य प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह होंगे।

# अमित दुबे न्यायालय में हुए पेश




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बसपा नेता** डॉ0 अनुपम दुबे के छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख अमित दुबे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हरदोई जेल से न्यायालय परिसर में सी0जे0एम0 कोर्ट में पेश हुए। 26 अगस्त 2024 को थाना मऊदरवाजा पुलिस को अमरपाल सिंह निवासी तकीपुर मोहम्मदाबाद ने दी गयी तहरीर में रामसागर, अमित दुबे, अनुराग दुबे, अभिषेक दुबे, अनुपम दुबे, अवधेश उर्फ भूरे, महेंद्र उर्फ रिशु, हरिभान, सोनी, सौरभ द्विवेदी के विरूद्ध रंगदारी व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया था। उसमें आज अमित दुबे, अवधेश उर्फ भूरे न्यायालय के समक्ष पेश हुए। उक्त मामले में अनुपम दुबे को बी वारंट के मामले में तलब किया गया।

# खबरें चलते-चलते

## न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मन्डी समिति स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा के प्रबन्धक अमित कुमार ने न्यायालय द्वारा 153 के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि जयवीर सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम गन्धिया मजरा कुआंखेड़ा बजीर आलम थाना कायमगंज ने दिनांक 02.09.2016 को केसीसी के माध्यम से 1 लाख 80 हजार रुपये व 1 लाख रुपये का होम लोन स्वीकृत किया गया था। जिसके एवज में जयवीर सिंह ने अपनी कृषि भूमि बंधक की थी। निरीक्षण के दौरान पता चला कि जयवीर ने जानबूझकर उक्त भूमि को बिना भार मुक्त कराये सुखवीर पुत्र छोटेलाल को दिनांक 22.05.2019 को व राजीव पुत्र सुखवीर को दिनाँक 23.09.202 व रामकली पत्नी सुखवीर को दिनाँक 19.06.2020 व गुड्डी देवी पत्नी कमलेश को दिनांक 25.05.2023 को समस्त निवासीगण ग्राम गन्धिया मजरा कुआंखेड़ा बजीर आलम खां को विक्रय कर दिया, जो उपनिबन्धक कार्यालय कायमगंज में दर्ज पाया गया है। आर्यावर्त शाखा से लिया गया ऋण समय से जमा न करने के कारण जयवीर सिंह पुत्र छोटेलाल का खाता अनियमित (एनपीए) हो गया। जयवीर सिंह ने उक्त बन्धक भूमि को गाँव के उक्त लोगों द्वारा जानबूझ कर विक्रय कर दी। जयवीर सिंह पुत्र छोटेलाल ने धोखाघड़ी व सांठगांठ करके उक्त बन्धक भूमि को विक्रय कर दिया। शाखा के प्रबन्धक अमित कुमार ने बैंक अधिवक्ता द्वारा कई वार जयवीर सिंह को नोटिस दिया गया, परन्तु जयवीर सिंह ने आज तक कोई जवाव नहीं दिया। तब शाखा प्रबंधक ने थाना कायमगंज पुलिस व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया, परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। मजबूर होकर न्यायालय मे रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

## जमीनी विवाद में भाई ने फोड़ा भाई का सिर, पिता को भी पीटा, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** जमीनी बंटवारे को लेकर भाई ने अपने छोटे भाई व पिता के साथ लाठी-डंडों, ईंट पत्थरों से मारपीट घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में छोटे भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अर्जुनपुर निवासी राजू सिंह पाल पुत्र लाखन सिंह ने अपने बड़े भाई जोगेंद्र सिंह पाल व जोगेंद्र की पुत्रियाँ क्रमशः निशा पाल, रूबी पाल, नन्दनी पाल तथा जोगेंद्र की पत्नी पुष्पा देवी के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 1 सितम्बर समय 11 बजे राजू सिंह पाल अपने पिता लाखन सिंह के साथ अपने पैतृक गांव अर्जुनपुर आया था। जब मेरे पिता लाखन सिंह ने मेरे बड़े भाई जोगेंद्र सिंह से हिस्सा बंटवारा करने की बात कही, तो जोगेंद्र सिंह ने हिस्सा देने से मना कर दिया और वह मेरे व पिता के साथ भद्दी-भद्दी गाली-गलौज करने लगा। गाली देने का विरोध करने पर उक्त जोगेंद्र सिंह आदि ने मेरे व पिता के साथ लाठी-डंडों, ईंट पत्थरों से मारपीट कर दी। जिससे मेरे सिर में काफी गहरी चोट आ गई और उक्त सभी आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। मेरापुर पुलिस ने राजू सिंह पाल की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल भाई को उपचार हेतु सीएचसी मोहम्मदाबाद भेज दिया। मुकदमे की जांच महिला दरोगा साधना सिंह के सुपुर्द कर दी।

# बच्चों में निस्वार्थ सेवाभाव पैदा करना मेरा उद्देश्यः राजकुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विश्लेषण समाचार के अंक में शिक्षा के प्रहरी बने उच्च

## शिक्षा के प्रहरी

प्राथमिक विद्यालय अमलैया आशानंद के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजकुमार ने बताया कि बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में रुचि थी। कई

नाम- राजकुमार
पद- इंचार्ज प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय अमलैया अशानंद, शमशाबाद
पिता- श्रीराम स्वरुप
जन्मतिथि- 15.04.1968
योग्यता-एमए, एलएलबी, एलटी, विशिष्ठ बीटीसी
प्रेरणा स्रोत- पूर्व डीआईओएस भगवत पटेल व बीईओ जगरुप
आदर्श- माता-पिता
हॉवी- पढ़ाना व खेलकूद
पहली तैनाती- प्राथमिक विद्यालय कुआं खेड़ा वजीर आलम शमशाबाद वर्ष 1999
सम्मान- स्काउट गाइड सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, खेलकूद सम्मान, मतदाता जागरुकता सम्मान


**राजकुमार**
इंचार्ज प्रधानाध्यापक
उ0प्रा0विद्यालय अमलैया आशानंद, शमशाबाद


खण्ड शिक्षाधिकारी से मतदाता जागरुकता अभियान का प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते राजकुमार

प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया और विजेता बने। मेरे पिता रामस्वरुप का

## हॉवी- पढ़ाना व खेलकूद आदि

पूर्ण सहयोग मिला। पचपुखरा फर्रुखाबाद का निवासी हूं। मेरे प्रेरणा स्रोत पूर्व बीएसए व डीआईओएस भगवत पटेल एवं एबीएसए जगरुप शंखवार रहे। मुझे पढ़ना व पढाना एवं खेलकूद एवं स्काउटिंग के प्रति रुचि है। मेरा प्रिय खेल कुश्ती है। वर्ष 2001 में वैवाहिक बंधन में बना। दो बच्चे है। विद्यालय में 130 बच्चों का नामांकन है। अकेला मैं शिक्षक हूं साथ में दो अनुदेशक है। पहली तैनाती 9 दिसम्बर 1999 में प्राथमिक विद्यालय कुआं खेड़ा वजीर आलम शमशाबाद में हुई। 2005 में प्रमोशन हुआ और पूर्व माध्यमिक विद्यालय रम्पुरा शमशाबाद में तैनात रहा। वहां से स्थानांतरण 2011 में उच्च प्राथमिक विद्यालय अमलैया आशानंद में हुआ। तब से अब तक वहीं पर अध्यापन कार्य कर रहा हूं। इंचार्ज प्रधानाध्यापक के साथ ब्लाक स्काउट मास्टर हूं और स्वीप का सह कोआर्डिनेटर हूं। ब्लाक स्काउट मास्टर 2009 में बना, तब से लगातार अभी तक यह पद मेरे पास है। 2022 में इलाहाबाद जाकर हिमालय गुड वैच कोर्स पूर्ण किया। जिसके तहत वर्तमान में जिला सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट का दायित्व मिला। स्काउट गाइड की 50 से ज्यादा रैलियों में प्रतिभाग किया। लगभग 25 प्रतिशत शिविरों में कार्य किया। स्काउट में निस्वार्थ सेवाभाव से कार्य करता हूं। साथ ही स्काउट के बच्चों को गांठ बंधन, बिना बर्तन के भोजन बनाना, दिशाओं का ज्ञान कराना आदि जानकारी समय-समय पर देता हूं। विद्यालय में बच्चों को खो-खो, कुश्ती, कबड्डी, दौड़, योगा आदि कराता हूं। ब्लाक से लेकर प्रदेश स्तर तक बच्चों ने प्रतिभाग किया और 2012 में कुश्ती में मेरे विद्यालय के बच्चों ने बरेली मण्डल में मैडल जीते। मीनू के आधार पर बच्चों को विद्यालय में पौष्टिक भोजन दिया जाता है। पर्यावरण के तहत जागरुक करते हुए जल बचाओ, प्रदूषण रोको और सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करों के साथ जागरुक करता हूं। जैव विविधता के प्रति भी जानकारी देता हूं। विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए गांव में चौपाल लगाता हूं।

शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीबाल गिरी, बड़ा हादसा टला


गिरी बाउंड्रीबाल के बारे में जानकारी देतीं इंचार्ज प्रधानाध्यापक समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीबाल गिरने से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। चार पहले बाउंड्रीबाल का निर्माण कराया गया था।

जानकारी के अनुसार रविवार को क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नरैनामऊ विकास खण्ड कायमगंज की दीवार गिर गयी। सोमवार को जब इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रियंका गंगवार व अन्य अध्यापक विद्यालय में पहुंचे, तो बाउंड्रीबाल गिरी हुई थी। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बताया कि रविवार को किसी समय विद्यालय की बाउंड्रीबाल गिर गयी। उन्होंने कहा कि यदि सोमवार का दिन होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। जिस पर सभी शिक्षकों ने राहत की सांस ली। बताते चलें कि विद्यालय में तीन अध्यापक व 75 बच्चे हैं। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बताया कि कायाकल्प के तहत बाउंड्रीबाल का निर्माण किया गया था।

# समझौते के बाद ससुरालीजनों ने लड़की पक्ष के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

- आठ लोग घायल, चार नामजद सहित 25-26 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- महिला की मौत के बाद मायके पक्ष व ससुराली पक्ष में हुआ था समझौता

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**बहन की** मौत पर ससुरालीजनों से हुए समझौता के बाद ससुरालीजनों ने लड़की पक्ष के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जिससे आठ लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में रामनाथ, अनिल, सर्वेश व राजवीर एवं 25-26 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद के गांव मानिकपुर निवासी वीरेन्द्र ने थाना जहानगंज में शिकायत कर बताया कि मैंने अपनी बहन का विवाह कुछ वर्षों पूर्व थाना जहानगंज के ग्राम महमदपुर अमलैया में किया था। वह गर्भवती थी और अपने पति जो कि राजस्थान में रहकर नौकरी करता था, के साथ रहती थी। बीते दिन प्रसव के दौरान उसकी मौत हो गयी। जिसका शव आज महमदपुर अमलैया आया। हम लोगों को सूचना दी गयी, तो शव के अंतिम संस्कार में हम लोग गये। यहां पर मौजूद कुछ बड़े लोगों ने समझौता किया कि जो मृतक की बहन के तीन बच्चे हैं उनके नाम अपनी खेती का कुछ हिस्सा उनके नाम कर दें। बात तय हो गई। उसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया गया। वापस लौटते समय ससुरालीजनों द्वारा हम सभी परिवारीजनों पर एक राय होकर ग्रामीणों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी गई। जिससे हम सभी लोगों के गंभीर चोटें आयीं हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में रामनाथ, अनिल, सर्वेश व राजवीर एवं 25-26 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


घायल लड़की पक्ष के लोग समृद्धि न्यूज

# कला उत्सव प्रतियोगिता में 15 विद्यालयों के 50 बच्चों ने किया प्रतिभाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मदन मोहन** कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान के तहत जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, प्रबंधक सुनील अग्रवाल, प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी, जिला समन्वयक मनेंद्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। निर्णायक समिति में डॉ0 अमित कुमार, डॉ0 अंजू पांडे, रविंद्र सक्सेना व नीरज शुक्ला ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन पूनम शुक्ला व दर्शन शुक्ला ने किया। जनपद से 15 विद्यालयों सिटी गर्ल्स इंटर कालेज, मदन मोहन कनोडिया इंटर कालेज, नारायण आर्य कन्या पाठशाला, राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिसामपुर, रखा बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजेपुर, स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज, स्वामी रामानंद बालक इंटर कॉलेज, मोहनलाल शुक्ला इंटर कॉलेज, केआर रस्तोगी इंटर कॉलेज, भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, डीपीबीपी इंटर कालेज, मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज आदि विद्यालयों ने जनपद स्तरीय कला उत्सव की 12 विधाओं में 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शास्त्रीय नृत्य में माही मिश्रा ने प्रथम, लोक नृत्य में अंशिका श्रीवास्तव व आयुष पाल ने प्रथम, संगीत वादन स्वर वाद्य में वंशिका शुक्ला ने प्रथम, संगीत वादन अवध वाद्य में सोनी ने प्रथम, दृश्य कला द्वआयामी में बुशरा खातून व किरण कुशवाहा, दृश्य कला त्रिआयामी में ललिता कुशवाहा, शास्त्रीय संगीत गायन में काशवी मिश्रा, पारंपरिक लोक संगीत गायन में शिप्रा गुप्ता व आयुष गुप्ता, स्थानीय खिलौने एवं खेल में किरन सिंह व आस्तिक दुबे, नाटक एकल अभिनय में माही सिंह, स्टोरी टेलिंग में कृति शुक्ला, नौटंकी में हुरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। देश की परंपरा और सांस्कृतिक कलाओं से जोड़ने के लिए होने वाली इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। उनके बहुमुखी प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में नीरज अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या कुसुम लता, समीक्षा, हिमांशी, अनीता, अंजली, अर्चना देवी, दर्शना आर्य, अर्चना कपूर, राधा दीक्षित, अजंट सिंह, प्रदीप कुमार, राघव मिश्रा, पंकज औदिच्य आदि शिक्षक-शिक्षिकायें एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



कला उत्सव कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे मौजूद शिक्षक समृद्धि न्यूज

# सपा छात्रसभा द्वारा रोपे गये पौधे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** छात्रसभा द्वारा शमशाबाद में वृक्षारोपण एवं पर्चा वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पीडीए के शिल्पकार अखिलेश यादव के निर्देशानुसार तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की स्वीकृति पर छात्रसभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार ने वृक्षारोपण किया। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी के साथ पौधे लगाये। सपा छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 इमरान के नेतृत्व में चलाये जा रहे छात्र नौजवान जागरुकता के तहत राष्ट्रीय सचिव/अभियान प्रभारी सुमित कन्हैया की मौजूदगी में एमए फारूखी डिग्री कॉलेज और सुबोध नर्सरी शमशाबाद में पौधे रोपे गये। हर्ष गंगवार ने अपनी टीम के साथ वृक्षारोपण किया। अतिथि के रुप में पहुंचे चेयरमैन पति नदीम अहमद फारुखी के अलावा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, आनंद यादव, प्रिंस गंगवार, रवि पांडे, साजिफ खां, हैप्पी अब्दुल्ला, इजहार खां आदि उपस्थित रहे।



वृक्षारोपण करते नदीम अहमद फारुखी, हर्ष गंगवार आदि

## खबरें एक नजर में

### एमआईसी के एनसीसी कैडेट्सों ने चलाया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के दिशा निर्देशन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के एनसीसी कैडेट्स द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने स्वच्छता अभियान चलाया। 12 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्सों ने 1 सितंबर से 15 सितंबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। कमांडिंग आफिसर कर्नल एएस मलिक द्वारा एमआईसी के प्रधानाचार्य लेफ्टि0 गिरिजाशंकर को स्वच्छता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देश प्रदान किए। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने विद्यालय में स्थापित अमृत वाटिका में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें सभी एनसीसी कैडेट्स द्वारा तथा अध्यनरत छात्रों द्वारा विद्यालय में स्थित शिलालकम की साफ -सफाई तथा अमृत वाटिका में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य ने स्वच्छता संबंधी शपथ कैडेट्सों को दिलाई। सभी ने भारत को स्वच्छ बनाने का अभियान चलाते हुए संकल्प लिया। साथ ही भारत माता जयघोष के नारे लगाये।

### लेखपाल सहित दो के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व लेखपाल सहित दो लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की है। थाना शमशाबाद के ग्राम मजफ्फरपुर पट्टी निवासी अनूप कुमार पुत्र परसादीलाल ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि वह गाटा संख्या 96 का जोतता व बोता चला आ रहा है। उसी के बगल में गाटा संख्या 95 भी लगा हुआ है। जो अभिलेखों में चकमार्ग है। हल्का के पूर्व लेखपाल विमल कुमार पुत्र स्व0 आनन्द कुमार ने गांव वाले व श्रीनिवास के कहने पर मेरे पर फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया। दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया कि गाटा संख्या 95 पर दीवार बना ली है। जबकि किसी प्रकार की कोई दीवार नहीं बनायी है। जबकि श्रीनिवास ने गाटा संख्या 95 पर अवैध रुप से मकान बना लिया है। जिसमें पूरा सहयोग लेखपाल ने किया। पीड़ित ने इसकी जांच कराकर कार्यवाही कराये जाने की मांग की। पीड़ित का आरोप है कि 10 अगस्त को श्रीनिवास व लेखपाल विमल कुमार घर पर आये और धमकी दी कि अगर कोई कार्यवाही की तो जान से मार देगें।

### विहिप स्थापना दिवस पर हिंदू हित में कार्य करने का लिया संकल्प

**जालौन (उरई)।** विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस स्थानीय गेस्ट हाउस में मनाया गया। जिसमें संगठन के कार्यो पर चर्चा के साथ हिन्दू जनमानस को एकता के सूत्र में बांधने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद शर्मा ने कहा कि संगठन हिंदू हित में सदैव खड़ा रहा है। हिंदू हित के कार्य आगे भी जारी रहेंगे। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री आचार्य तेजस जी ने कहा कि संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और संगठन के कार्यो से आम जनता को अवगत कराएं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी, धीरज बाथम, यश पटेल, वीके परिहार, रविंद्र राजपूत, ब्रजेश महाराज, देवेंद्र सिंह, रामकुमार चतुर्वेदी, बजरंगदल नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार, शिवम द्विवेदी, अनूप कुशवाहा, गोलू द्विवेदी, दीपक यज्ञिक मिझौना, सोनू यज्ञिक, सुलखान यादव, दीपेंद्र राठौर, प्रेम, शिवम, गोलू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### शपथ पत्र के साथ की शिकायत डीएम ने गठित की जांच टीम

**उरई (जालौन)।** दीपेश कुमार पुत्र नरेन्द्र पाल उर्फ राहुल निवासी खैरी परगना कोंच विकास खण्ड कोंच द्वारा शपथ पत्र पर लिखित शिकायत की गई जिसमे ग्राम पंचायत खैरी में क्षेत्र पंचायत कोंच द्वारा इंटरलॉकिंग का पैसा ब्लॉक द्वारा निकाल लिया गया है तथा मौके पर कोई भी कार्य नही हुआ है और यह कार्य फर्जी है जिसका संज्ञान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लिया। जिलाधिकारी ने शपथ पत्र में वर्णित तथ्यों की जांच हेतु त्रिस्तरीय सदस्यी समिति गठित की।

# मेडिकल कालेज में मनाया गया अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने अपने कैम्प कार्यालय पर अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव का 37वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने छोटे भाई देवेन्द्र सिंह यादव को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। देवेन्द्र सिंह यादव ने मेडिकल कालेज स्थित निवास पर पहुंचकर अपने 37वें जन्मदिन पर केक काटा। सभी ने उन्हें उपहार दिये और जन्मदिन की बधाई दी। डा0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि देवेंद्र ने वकालत के क्षेत्र में कम समय में अपनी जो पहचान बनाई है वह काबिले तारीफ है और हमेशा ही वह ऐसे ही कार्य करते रहे और गरीबों की मदद करें। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह गौर, संजीव यादव प्रधान हरदुआ, बृजेश पाल, सुशील कुमार दिवाकर, रफ्फन खां, चरण सिंह आदि लोग मौजूद रहे। वहीं कचहरी फतेहगढ़ में समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एडवोकेट का 37वें जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। साथ ही अधिवक्ता साथियों ने बधाई दी। इस दौरान विश्राम सिंह यादव, सुभाष शाक्य, राजेंद्र यादव, कुंवर सिंह यादव, सोनू मिश्रा, राम विलास जाटव, अशोक पाल, कुलदीप यादव, राहुल कुशवाहा, यादव सिंह, साकेत, सौरव मिश्रा, ऋषि अवस्थी, सोनपाल सिंह यादव, संजय सिंह चौहान, अखिलेश राजपूत, रामविलास, राम शंकर यादव, संतोष सक्सेना, हरिश्चंद्र राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।



अपने जन्मदिन पर डा0 जितेन्द्र सिंह यादव को केक खिलाते देवेन्द्र यादव

# फाइलेरिया के प्रति जागरुक कर खिलायी गई दवाई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिले** में इस समय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चल रहा है। जिसके तहत 17,31,581 लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया जा चुका है। जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली ने बताया कि फाइलेरिया रोग लाईलाज है। इसके लिए हम सभी को जागरूक होना होगा। जिस किसी ने अभी तक दवा का सेवन न किया हो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कर सकता है। इसी को लेकर सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र मोहम्मदाबाद में शिविर लगाकर 78 लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया गया। इस दौरान पीसीआई से शादाब आलम, डॉ0 विनोद कुमार शर्मा, डॉ0 अरविंद कुमार, डॉ0 अभिमन्यु यादव, डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 महेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।



फाइलेरिया की जानकारी देते स्वास्थ्य अधिकारी

# संत राजूदास महाराज भाकियू अखंड प्रदेश के राष्ट्रीय संरक्षक घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाकियू अखंड प्रदेश गठन के सप्ताह भर के अन्दर ही कई जिले में टीम गठित कर चुका है। अब अयोध्या के प्रसिद्ध संत हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास महाराज को राष्ट्रीय संरक्षक घोषित किया गया। भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को अयोध्या में संत राजू दास महाराज से भेंट की। राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव बबलू दीक्षित ने संत राजू दास महाराज से संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक का दायित्व स्वीकार करने का निवेदन किया। जिसे संत राजू दास महाराज ने स्वीकार कर किया। उन्होंने कहा कि यह देश कृषि प्रधान है। किसानों की आवाज उठाने के लिए वह संगठन की हर संभव मदद को तैयार हैं। अगर अन्नदाता खुशहाल रहेगा तो देश समृद्धि की राह पर आगे बढ़ेगा। इस दौरान नरेंद्र सोमवंशी, आशीष यादव, बजरंग दास महाराज आदि उपस्थित रहे।



संत राजूदास महाराज के साथ भाकियू नेता

# कला साधक संगम के संयोजक दीपक रंजन व सह संयोजक अरविन्द दीक्षित बने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कला एवं** साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती साधारण सभा की बैठक में प्रांतीय कला साधक संगम की भूमिका तय की गई।

नगर के विनायशा होटल में आयोजित बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। प्रांतीय कला साधक संगम कार्यक्रम का संयोजक दीपक रंजन सक्सेना व सहसंयोजक अरविंद दीक्षित को नियुक्त किया गया। अनिल प्रताप सिंह को व्यवस्था सौंपी गई। कवि राम मोहन शुक्ल को आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन स्मृति दिवस काव्य गोष्ठी का संयोजक बनाया गया। प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि आगामी माह में तीन दिवसीय प्रांतीय कला साधक संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिनमें विभिन्न जिलों के अलग-अलग विधाओं के कला साधक सम्मिलित होंगे। अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर संजय गर्ग, नवीन मिश्रा नब्बू, नरेंद्र नाथ मिश्रा, प्रमोद अग्रवाल, अर्पण शाक्य, दिलीप कश्यप, अभिषेक श्रीवास्तव, सचिन बंसल, रविन्द्र भदौरिया, भारती मिश्रा, गौरव मिश्रा बंटी, अनुभव सारस्वत, राज गौरव पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।




बैठक को सम्बोधित करते सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव

# छह सितंबर से शिक्षक-कर्मचारी काली पट्टी बांधकर करेंगे कार्य

- पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आंदोलन को दी जायेगी गति

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**नमोपीएस अटेवा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाह्न पर शिक्षक एवं कर्मचारियों ने अटेवा द्वारा चलाये जा रहे पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए निजीकरण के विरुद्ध चरणबद्ध तरीके से आंदोलन में प्रतिभाग करते हुए शिक्षक कर्मचारी 6 सितम्बर से काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए कार्य करेंगे। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिक्षक एवं कर्मचारी विरोध करते हुए सरकार द्वारा न्यू पेंशन से यूनिफाइड पेंशन तक आना इस बात का संकेत है कि राष्ट्र में योगदान देने वाले कर्मचारियों को पेंशन स्कीम नहीं बल्कि हू ब हू पुरानी पेंशन मिलना चाहिए। अटेवा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने इस आंदोलन को गति देते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आंदोलन को लक्ष्य तक ले जाना है। अटेवा के जिला प्रवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षक व कर्मचारी एकजुट है। हमे हमारा अधिकार चाहिए। हर कीमत पर हम पुरानी पेंशन लेकर रहेगें। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षकों ने विरोध करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।



पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते शिक्षक समृद्धि न्यूज

# पुरानी पेंशन को लेकर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकारी अस्पतालों में सोमवार को बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया तथा सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। सोमवार 2 सितंबर से 6 सितंबर तक एनपीएस एवं यूपीएस के विरोध एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर में एमएनओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के निर्देश पर एक्स-रे टेक्नीशियन एसोसिएशन ने काला फीता बांह में बांधकर अपने-अपने कार्यालयों में कार्य करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष एक्स-रे टेक्नीशियन एसोसिएशन विजय शंकर तिवारी आदि मौजूद रहे।



काली पट्टी बांधकर विरोध जताते स्वास्थ्य कर्मचारी

# डीएन कालेज में वाटरकूलर का विधायक ने किया उद्घाटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय में सोमवार को विधायक निधि द्वारा स्थापित वाटरकूलर का फीता काटकर सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने उद्घाटन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मनोज गर्ग व पूर्व प्राचार्य डा. मुकेश सिंह राठौर के अलावा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में वाटर कूलर का उद्घाटन हुआ। मेजर सुनील दत्त द्विवेदी का प्राचार्य ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि वाटरकूलर के लगने से छात्र-छात्राओं को शीतल जल पीने को मिलेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डा. वीके तिवारी, डा. एचएसएन गुप्ता, डा. सतेन्द्र कुमार, डा. अजहर जुनैद आलम, डा. रामनरेश सिंह, डा. पंचम कुमार, डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, डा. अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम, प्रियांशु सिन्हा व शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामभान सिंह सेंगर, विनोद कुमार, आशुतोष पाण्डेय, रणवीर सिंह, प्रशांत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



वाटरकूलर का उद्घाटन करते सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी

प्रतियोगिता — मण्डलीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

# रस्तोगी इंटर कालेज में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला विद्यालय** निरीक्षक के निर्देशानुसार सोमवार को कन्हैयालाल रामशरण रस्तोगी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बालिका सीनियर व जूनियर वर्ग में एनएकेपी इंटर कॉलेज तथा मदन मोहन कनोडिया इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में रस्तोगी इंटर कॉलेज के जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालक एवं बालिका वर्ग की विजेता छात्र-छात्रा खिलाड़ी टीमों में बालक वर्ग सीनियर में- कार्तिकेय तिवारी, प्रियांशु कुमार, अभिषेक यादव व विवेक शाक्य रहे। बालिका वर्ग सीनियर में आराध्या कुशवाहा, दिव्या कश्यप, अवंतिका अग्निहोत्री तथा उन्नति रही। जूनियर बालक वर्ग- हर्ष शर्मा, विनय सिंह, युवराज गुप्ता तथा अनुज चौहान रहे। जूनियर बालिका वर्ग-अंशिका सक्सेना, सृष्टि राजपूत, वंशिका सक्सेना तथा दिव्या शर्मा आदि खिलाड़ियों का चयन टीमों के लिए हुआ जो मण्डल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला क्रीड़ाधिकारी रामतीर्थ अग्निहोत्री, मोहन लाल अग्रवाल, देवेंद्र कुमार, गजेंद्र सिंह चौहान, डॉ0 यशवंत सिंह राठौड़ तथा एनएकेपी व कनोडिया इंटर कॉलेज विद्यालयों की खेल प्रिशिक्षिका शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी व शिक्षक समृद्धि न्यूज

# इंदौर मनमाड के बीच बनेगी नई रेललाइन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सरकार ने दिल्ली एवं मुंबई के बीच वैकल्पिक मार्ग के रूप में मध्य प्रदेश के औद्योगिक केन्द्र इंदौर से महाराष्ट्र के मनमाड के बीच 309 किलोमीटर की एक नयी रेलवे लाइन बिछाने की 18 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजना को आज मंजूरी दे दी जिससे मध्य प्रदेश के मालवा निमाड़ अंचल के आदिवासी क्षेत्रों को भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की आज यहां हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

रेल, सूचना प्रसारण एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सीसीईए की बैठक में रेल मंत्रालय के तहत 18,036 करोड़ रुपये (लगभग) की कुल लागत वाली 309 किलोमीटर नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी गयी है। उन्होंने बताया कि यह यह परियोजना दो राज्यों - महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी। विंध्य पर्वत श्रृंखला और वन्य क्षेत्र से होकर गुजरने वाली लाइन पर करीब 21 किलोमीटर लंबाई की सुरंगें और सात बड़े पुल होंगे जिनमें नर्मदा पर बड़ा पुल शामिल है।

इस परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे आदिवासी बहुल आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर सम्पर्क मिलेगा। नई रेलवे लाइन परियोजना से लगभग एक गांवों और लगभग 30 लाख आबादी को सीधी सम्पर्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुलों एवं सुरंगों सहित पूरी परियोजना की डिजायन दोहरी लाइन के हिसाब से बनायी गयी है। पर अभी सिंगल लाइन भी बिछाई जाएगी, बाद में मांग बढ़ने पर दोहरीकृत किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस रेल लाइन को बनने में सात से आठ वर्ष का समय लगेगा।

रेल मंत्री ने कहा कि इंदौर और मनमाड के बीच प्रस्तावित नई लाइन मध्यप्रदेश के इंदौर, देवास, पीथमपुरा के औद्योगिक क्षेत्र को मुंबई के जवाहर लाल नेहरू बंदरगाह से सीधा एवं लघुत्तम सम्पर्क प्रदान करेगी। इससे मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और यहां के उत्पादों का निर्यात आसान होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि इस परियोजना से देश के पश्चिमी /दक्षिण-पश्चिमी हिस्से को मध्य भारत से जोड़ने वाला छोटा रास्ता उपलब्ध होगा जिससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। इससे श्री ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग, श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर सहित उज्जैन-इंदौर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन/धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। परियोजना से पीथमपुर ऑटो क्लस्टर (90 बड़ी इकाइयां और 700 छोटे और मध्यम उद्योग) को जेएनपीटी बंदरगाह और अन्य राज्य बंदरगाहों से सीधा सम्पर्क मिलेगा। परियोजना मध्य प्रदेश के बाजरा उत्पादक जिलों और महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक जिलों को भी सीधा सम्पर्क प्रदान करेगी, जिससे देश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में इसके वितरण में सुविधा होगी। कृषि उत्पादों, उर्वरक, कंटेनर, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, पीओएल आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है।

## कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच से मांगा इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रमुख माधवी पुरी बुच पद पर रहते हुए आईसीआईसी बैंक से भी मोटा वेतन ले रही हैं और यह सेबी के नियमों का उल्लंघन है, इसलिए उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में देश को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी प्रमुख ने नियमों का उल्लंघन किया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जब सब कुछ मालूम था तो उन्हें बताना चाहिए कि श्रीमती बुच को उनके पद से हटाया क्यों नहीं गया है। उन्होंने कहा, देश में शतरंज का खेल चल रहा है। इसी शतरंज के खेल का एक मोहरा माधवी पुरी बुच हैं। श्रीमती बुच पांच अप्रैल 2017 से चार अक्टूबर 2021 तक सेबी में पूर्णकालिक सदस्य थीं।

# राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप सरकार कर रही उत्तराखंड का विकास : धामी

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मसूरी गोलीकांड की बरसी पर बलिदानी राज्य आन्दोलनकारियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की नींव को बलिदानियों ने अपने खून से सींचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

सोमवार को मुख्यमंत्री धामी ने मसूरी गोलीकांड की 30वीं बरसी के अवसर पर मसूरी शहीद स्मारक पहुंचकर बलिदानी राज्य आंदोनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राज्य आंदोलनकारियों की ओर से मुख्यमंत्री का 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था लागू करने के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारे राज्य आंदोलनकारियों ने अपनी जान की परवाह किये बिना अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। बलिदानी आंदोलनकारियों ने जो सपने उत्तराखंड के लिए देखे थे, उन्हें पूरा करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि एक सितंबर को खटीमा कांड, 2 सितंबर को मसूरी और 2 अक्टूबर को रामपुर तिराहा कांड हुआ। ये तीनों दिन हमारे राज्य के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हैं। हम अपने अमर बलिदानियों के सर्वोच्च बलिदान को कभी भूला नहीं सकते। शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे आंदोलन को बर्बरतापूर्ण कुचलने का काम तत्कालीन सरकार ने किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बलिदानी आंदोलनकारियों का सपना था कि एक ऐसा उत्तराखंड बने, जहां सबको समान अधिकार मिले।



### सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड ने नंबर एक स्थान प्राप्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में जारी नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड ने नंबर एक स्थान प्राप्त किया है। राज्य में विकास के साथ पर्यावरण संतुलन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में जी.ई.पी की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलनकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था लागू की है और पेंशन दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलन में हमारी नारी शक्ति की बड़ी भूमिका रही है।

# अमानतुल्लाह ने जन कल्याण के पैसे का गबन किया

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान के आवास पर ईडी रेड को लेकर सांसद बांसुरी स्वराज ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने खान पर जनकल्याण फंड का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

नयी दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने अमातुल्लाह खान के घर पर ईडी रेड को एकदम सही ठहराते हुए कहा, अमानतुल्लाह खान के खिलाफ बहुत ही संगीन आरोप हैं। जब वो वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे तो उन्होंने अवैध तरीके से लोगों को नौकरियों में भर्ती किया। उन्होंने वो पैसा जो जन कल्याण के लिए लगाना था, उस पैसे का गबन किया, उस पैसे का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने ईडी छापेमारी को बिलकुल सही करार दिया। बोलीं, सीबीआई उनके खिलाफ जांच कर रही थी। ईडी ने जो आज उनके यहां पर रेड की है वह एकदम जायज है। कोई भी व्यक्ति, वह कितना ही शक्तिशाली क्यों ना हो? वह कानून के दायरे के बाहर नहीं है इसलिए अमान उल्लाह खान की जवाबदेही बनती है। भाजपा के ही सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने आम आदमी पार्टी के नेताओं और मंत्रियों को आदतन अपराधी बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सारे विधायक भ्रष्ट हैं, जब ये लोग जांच के दायरे में आते हैं जो चिल्लाना शुरु कर देते हैं।

अमानतुल्लाह खान के ऊपर वक्फ बोर्ड के इतने केस है लेकिन जांच एजेंसी जब जांच कर रही है तो शोर मचा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री सहित सभी आदतन अपराधी हैं। उनकी शोर मचाने की आदत है। बता दें, सोमवार सुबह आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पर ईडी ने छापा मारा है। अमानतुल्लाह खान ने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से दी।

आप विधायक अमानतुल्लाह ने एक्स पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि अभी सुबह-सुबह तानाशाह के इशारे पर उनकी कठपुतली ईडी मेरे घर पर पहुंच चुकी है। मुझे और आप नेताओं को परेशान करने में तानाशाह कोई कसर नहीं छोड़ रहा। ईमानदारी से अवाम की खिदमत करना गुनाह है? आखिर ये तानाशाही कब तक। अमानतुल्लाह ने बयान में कहा, सुबह के 7 बजे का समय है और ईडी की टीम सर्च वारंट के नाम पर मुझे गिरफ्तार करने के लिए आए हैं। मेरी सास भी घर पर हैं, जिनको कैंसर है और चार दिन पहले ही उनका ऑपरेशन हुआ है।

## भाजपा के मनगढ़ंत शराब घोटाले की कहानी का एक और गुब्बारा फूटा : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी के नेता विजय नायर को सोमवार को उच्चतम न्यायालय से 23 महीने बाद जमानत मिलने को सत्य की विजय करार देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मनगढ़ंत शराब घोटाले की कहानी का एक और गुब्बारा आज फूट गया। आप ने कहा कि धीरे-धीरे भाजपा की पूरी साज़िश धराशायी हो रही है। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। भाजपा और उसकी केंद्र सरकार ने हमारे नेताओं के खिलाफ साज़िश रची और उन्हें फ़र्ज़ी मामले लगाकर जेल में डाल दिया लेकिन अब भाजपा की साज़िशों का लगातार खुलासा हो रहा है। पहले सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत दी और अब विजय नायर को जमानत दी है। अब मोदी सरकार के तमाम षड्यंत्रों को ध्वस्त करके जल्द ही अरविंद केजरीवाल भी बाहर आएंगे।

# बांग्लादेश के 17 पूर्व मंत्रियों और नौ पूर्व सांसदों के देश छोड़ने पर प्रतिबंध

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक विशेष अदालत ने अपदस्थ शेख हसीना सरकार के 17 मंत्रियों और नौ पूर्व सांसदों की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया। ढाका मेट्रोपॉलिटन विशेष अदालत के वरिष्ठ न्यायाधीश मोहम्मद जगलुल हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की अर्जी पर यह आदेश आज दोपहर जारी किए।

आयोग ने इन सभी पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया है। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के लोक अभियोजक मीर अहमद अली सलाम और महमूद हुसैन जहांगीर ने इन पूर्व मंत्रियों और पूर्व संसद सदस्यों की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने के अदालत के आदेश की पुष्टि की है। लोक अभियोजक मीर सलाम ने कहा है कि आयोग पिछली सरकार के पूर्व मंत्रियों और विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के पूर्व सांसदों के खिलाफ अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक आयोग को भनक मिली थी कि यह सभी देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अदालत के आदेश के बाद अब टीपू मुंशी, अनवर हुसैन मंजू, हसनुल हक इनु इनामुर रहमान, मो. मोहिब्बुर रहमान, अनीसुल हक, ताजुल इस्लाम, स्वपन भट्टाचार्य, फरीदुल हक खान, हसन महमूद, नसरूल हामिद, खालिद महमूद चौधरी, जुनैद अहमद पलक, मो. ज़ाकिर हुसैन, इमरान अहमद, गुलाम दस्तगीर गाजी, जाहिद अहसान रसेल, इनामुल हक, बेनजीर अहमद, काजी नबील अहमद, शाहिदुल इस्लाम बकुल, एकेएम सरवर जहां, शेख अफिलुद्दीन, मेहर अफरोज, अबू सईद अल महमूद और शेख हेलालुद्दीन की विदेश यात्रा नहीं कर सकेंगे।

## खबरें एक नजर में

### विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियां, ईवीएम रेंडमाइजेशन

**सोनीपत।** सोनीपत में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के तहत सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी की अध्यक्षता में जिला सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में ईवीएम के प्रथम स्तर का रेंडमाइजेशन किया गया। इस प्रक्रिया में 20 प्रतिशत बैलेट यूनिट, 20 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट और 30 प्रतिशत वीवीपेट को रिजर्व रखा गया। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि जिले की सभी छह विधानसभाओं के लिए 2517 बीयू, 1549 सीयू, और 1678 वीवीपेट को विधानसभाओं के अनुसार अलग किया गया है। सभी मशीनों को बीट्स मोहाना स्थित स्ट्रोंग रूम में रखा जाएगा, जहां द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद इन्हें मतदान के लिए बूथ वाईज पोलिंग पार्टियों को वितरित किया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग की अपील की और मतदान के महत्व को समझाते हुए जागरूकता फैलाने के लिए स्वीप जैसे कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया। नामांकन प्रक्रिया 5 सितंबर से शुरू होगी, मतदान 5 अक्टूबर को और परिणाम 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम खरखौदा श्वेता सुहाग, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, नगराधीश रेणुका, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, निर्वाचन तहसीलदार दिनेश शर्मा, जेपी संजय श्रीवास्तव सहित संबंधित सभी अधिकारी-कर्मचारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पीड़िता का नाम उजागर करने में मंत्री के खिलाफ शिकायत

**पुरुलिया।** आर.जी. कर अस्पताल में डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के मामले में पीड़िता का नाम उजागर करने के आरोप में जिला भाजपा ने सोमवार को मंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। भाजपा अध्यक्ष विवेक रंगा ने पुरुलिया सदर थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी। इस दौरान पुरुलिया लोकसभा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो भी मौजूद थे। दरअसल गत शुक्रवार को कुलचा ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के आह्वान पर आर.जी. कर की घटना के विरोध में एक रैली का आयोजन किया गया था। जुलूस को पुंछा फार्मर्स मार्केट के सामने संबोधित करते हुए मंत्री रानी टुडू ने पीड़िता के नाम का इस्तेमाल किया। उस भाषण का वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद आज भाजपा ने पश्चिम विकास विभाग की राज्य मंत्री संध्या रानी टुडू के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी। उल्लेखनीय है कि देश की सर्वोच्च अदालत पहले ही आदेश दे चुकी है कि पीड़िता का नाम और तस्वीर कहीं भी इस्तेमाल नहीं की जा सकती। हालांकि, इस आदेश की अवहेलना खुद आरजी कर के पूर्व निदेशक संदीप घोष ने की थी। जिस दिन उन्होंने प्रिंसिपल पद से इस्तीफा दिया, उस दिन उन्होंने पत्रकारों के सामने पीड़िता के नाम का बार-बार उल्लेख किया था।

### प्लेक्स ईंधन वाहनों पर जीएसटी 28 से घटाकर 12 प्रतिशत हो

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अगले पाँच वर्षों में भारत के जीवाश्म ईंधन की खपत में जैव ऊर्जा का हिस्सा 50 प्रतिशत होने का अनुमान जताते हुये सोमवार को राज्यों के वित्त मंत्रियों से फ्लेक्स-ईंधन वाहनों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने और साथ ही 15 प्रतिशत उपकर लगाने का आग्रह किया, ताकि हरित ईंधन विकल्पों को अपनाने को प्रोत्साहित किया जा सके। श्री गडकरी ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो 2024 के शुभारंभ के मौके पर यह अपील की।

### लाहिड़ी की जमानत के खिलाफ बंगाल की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंग छात्र समाज नेता सायन लाहिड़ी को कलकत्ता हाई कोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका को खारिज कर दी है। पश्चिम बंगाल में नबन्ना अभियान के मुख्य आयोजकों में से एक सायन लाहिडी को कलकत्ता हाई कोर्ट की ओर से मिली जमानत को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। दरअसल, कलकत्ता हाई कोर्ट ने 30 अगस्त को पश्चिम बंग छात्र समाज के नेता सायन लाहिड़ी को जमानत दे दी थी। वह पश्चिम बंग छात्र समाज के उन दो संगठनों में से एक में शामिल थे, जिन्होंने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के कथित रेप और हत्या के विरोध में राज्य सचिवालय नबान्न तक रैली के रूप में मार्च आयोजित किया था। उन्हें 27 अगस्त की शाम इस रैली का नेतृत्व करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए गिरफ्तार किया गया था। इस आंदोलन के दौरान केपी सार्जेंट को आंख में चोट लगी थी, जिससे उनकी रोशनी चली गई थी।

### पूर्वी चंपारण में सीएसपी से ढाई लाख की लूट

**पूर्वी चंपारण।** जिले के केसरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदपुर चौक के समीप संचालित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा केसरिया के सीएसपी से लाखों की लूट का मामला सामने आया है। बताया गया कि सीएसपी संचालक मंजीत कुमार रोज की तरह सीएसपी का संचालन कर रहा था। इसी दौरान सोमवार करीब 11 बजे ब्लू कलर की बिना नंबर वाली अपाची गाड़ी पर सवार केसरिया की ओर से दो नकाबपोश हथियारबंद आये और सीएसपी में लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने मामले की छानबीन शुरू की। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को चेक किया। इस मामले में सीएसपी संचालक मंजीत कुमार ने लिखित आवेदन देकर बताया कि ढाई लाख रुपये की लूट हुई है। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

### बीपीसीएल ने सरकार को दिए लाभांश किश्त के 2413 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने सरकार को लाभांश किश्त के रूप में लगभग 2413 करोड़ रुपये दिया है। निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीपीसीएल से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 2413 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। दीपम वित्त मंत्रालय के अधीन एक विभाग है। उल्लेखनीय है कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एक महारत्न पीएसयू है, जिसका लक्ष्य मुंबई, कोच्चि, नुमालीगढ़ और बीना में कार्यनीतिक रूप से अवस्थित रिफायनरियों के जरिए 40 एमएमटी की संयुक्त रिफायनिंग क्षमता के साथ हमारे राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों को कुशलतापूर्वक पूरा करना है।

### साणंद में नयी इकाई लगाने के केनेस सेमीकॉन प्रस्ताव को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने देश में जीवंत सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए केनेस सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। साणंद में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए स्वीकृत यह दूसरा प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सोमवार को यहां हुयी बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि प्रस्तावित इकाई 3,300 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की जाएगी। इस इकाई की क्षमता प्रतिदिन 60 लाख माइक्रो चिप होगी। इस इकाई में उत्पादित चिप विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों को पूरा करेंगे, जिसमें औद्योगिक, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, मोबाइल फोन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का हंगामा, पूर्व मंत्री निशीथ प्रामाणिक हिरासत में

एजेंसी

> भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय पर जमकर पत्थरबाजी की

**कोलकाता।** आरजी कर कांड के विरोध में जिला शासक कार्यालय घेराव के दौरान सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कूचबिहार का सागरदिघी इलाका रणक्षेत्र बन गया। पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रामाणिक को पुलिस ने रैली से हिरासत में ले लिया, जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पर जमकर पत्थरबाजी की। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े।

आरजी कर कांड में न्याय की मांग राज्य में महिलाओं की सुरक्षा की मांग को लेकर भाजपा ने सोमवार को कूचबिहार के जिला शासक कार्यालय के घेराव का आह्वान किया था। दोपहर दो बजे के आसपास पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रामाणिक, कूचबिहार जिला भाजपा अध्यक्ष सुकुमार राय, भाजपा विधायक मिहिर गोस्वामी और मालती राभा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं का मार्च जिला शासक कार्यालय की ओर बढ़ रहा था। जिला शासक कार्यालय के करीब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन निशीथ और उनके समर्थकों ने पुलिस के बैरिकेड्स को तोड़ने का प्रयास किया। निशीथ को अभी भी जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है और वे अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान डीएसपी चंदन दास, अतिरिक्त डीएसपी कृष्णगोपाल मीना और आईसी तपन पाल के साथ उनकी तीखी बहस और धक्का-मुक्की हो गई। इसके तुरंत बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर एसपी कार्यालय ले जाया गया। निशीथ के हिरासत में लिए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच तनाव बढ़ गया। वे नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया लेकिन थोड़ी ही देर बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय पर पत्थरबाजी शुरू कर दी।

## महिला टी-20 विश्व कप के लिए स्कॉटलैंड की टीम घोषित

**नई दिल्ली।** आगामी आईसीसी महिला टी 20 कप 2024 के लिए सोमवार को स्कॉटलैंड की टीम घोषित हो गई है। कैथरीन ब्राइस टीम की अगुवाई करेंगी। ब्राइस आखिरी बार इस साल मई में यूएई में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 के दौरान स्कॉटलैंड की टीम में नज़र आई थीं। बल्ले (177 रन) और गेंद (नौ विकेट) से उनके शानदार प्रदर्शन ने यूरोपीय टीम को अपने पहले महिला टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद की। विकेटकीपर-बल्लेबाज सारा ब्रायस को उप-कप्तान बनाया गया है। स्कॉटलैंड ने अनुभवी लेग स्पिनर अबताहा मकसूद को भी टीम में शामिल किया, जिन्होंने हाल ही में नीदरलैंड्स त्रिकोणीय श्रृंखला में टीम को जीत दिलाई थी। हेड कोच क्रेग वालेस ने आईसीसी के हवाले से कहा, ÷इस टीम का मेकअप और संतुलन बेहतरीन है। हमारे पास शुरू से लेकर आखिर तक मैच जीताने वाले खिलाड़ी हैं, जो मुझे लगता है कि मेरे छोटे कार्यकाल के दौरान इस टीम के विकास में बड़ा अंतर है।

# अयोध्या में हवाई अड्डे के करीब से भारतीय भारतीय सेना हटाएगी अपनी फायरिंग रेंज

> देश भर में फैली 58 छावनियों में से 10 खत्म करने के लिए चिह्नित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने अयोध्या से अपनी फायरिंग रेंज हटाने का फैसला लिया है, क्योंकि यह नए हवाई अड्डे के उड़ान मार्ग में है। इसके अलावा सेना चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्वोत्तर के अग्रिम क्षेत्रों में फायरिंग रेंज बढ़ाने की तैयारी में है, ताकि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात बलों को युद्ध के लिए तैयार रखा जा सके। एक अन्य फैसले में देश की 58 छावनियों में से 10 को खत्म करने के लिए चिह्नित किया गया है।

भारतीय सेना के पास अभी तक अभ्यास के लिए देश भर में 24 अधिसूचित फायरिंग रेंज हैं। इनमें से छह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हैं, जहां पड़ोसी चीन और पाकिस्तान के साथ लगातार संघर्ष क्षेत्र बना हुआ है। अब भारतीय सेना पूर्वोत्तर क्षेत्र में फायरिंग रेंज का विस्तार कर रही है, ताकि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात अपने बलों को युद्ध के लिए तैयार रखा जा सके। अरुणाचल सरकार ने पिछले साल सेना को मंडला और कमराला में जमीन के दो टुकड़े सौंपने का फैसला किया था। ये दोनों तवांग में यांग्त्से के करीब हैं। करीब तवांग में 9 दिसंबर, 2022 को चीनी पीएलए ने घुसपैठ करने की कोशिश की थी, जिस पर टकराव भी हुआ था। 10 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित इन दोनों जगहों पर सेना की फायरिंग रेंज का निर्माण किया जाएगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने फायरिंग अभ्यास के लिए इस्तेमाल की जाने वाली भूमि को गैर-अधिसूचित कर दिया है, जिसके बाद सेना की इस जमीन का अधिग्रहण कई हाई-प्रोफाइल औद्योगिक घरानों ने किया है। इसके बाद सेना ने अयोध्या में अपनी फायरिंग रेंज को स्थानांतरित करने का फैसला लिया है। इसके पीछे बताया गया है कि नए हवाई अड्डे के उड़ान मार्ग में टकराव से बचने के लिए अयोध्या में सेना की फायरिंग रेंज को गैर-अधिसूचित किया गया है। सेना इस फायरिंग रेंज का उपयोग करना जारी रखती है लेकिन सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि अयोध्या में हवाई अड्डा बनने के बाद से इस भूमि का उपयोग युद्धाभ्यास, फील्ड और आर्टिलरी फायरिंग के लिए करना सुरक्षित नहीं रहा है। सेना की देश भर में फैली 58 छावनियों में से 10 को खत्म करने के लिए चिह्नित किया गया है।

# सरकार ने 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया : पुरी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** इथेनॉल सम्मिश्रण 2014 में 1.53 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 15 प्रतिशत हो गया है। इससे प्रोत्साहित होकर सरकार ने 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया है। द्वारका स्थित यशोभूमि परिसर में आयोजित इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो 2024 (आईबीईटीई) के उद्घाटन सत्र में चर्चा के दौरान केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह बात कही।

इस मौके पर पेट्रोलियम मंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया कि वे ऑटोमोबाइल निर्माताओं को ई 100 ईंधन के अनुकूल वाहनों का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके लिए पुरी ने ब्राजील का हवाला दिया जहां के वाहनों में 60-70 प्रतिशत तक उच्च इथेनॉल सामग्री का प्रयोग हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने यहां कहा कि बायो एनर्जी तेजी से जीवाश्म ईंधन का एक महत्वपूर्ण विकल्प बन रहा है। इस पहल से विदेशी मुद्रा में 99,014 करोड़ रुपये की बचत हुई है। कार्बन उत्सर्जन में 519 लाख मीट्रिक टन की कमी आई। इस दौरान तेल विपणन कंपनियों ने डिस्टिलर्स को 1,45,930 करोड़ रुपये और किसानों को 87,558 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो 2024 का आयोजन इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी (आईएफजीई) और एमएमएसीटीआईवी एससी आई-टेक कम्युनिकेशन लिमिटेड द्वारा यशोभूमि, द्वारका में 2 सितंबर से 4 सितंबर, 2024 तक किया जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी और केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के जैव ऊर्जा क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित है। पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने बताया कि इथेनॉल उत्पादन बढ़ाने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए विशेष रूप से पानीपत और नुमालीगढ़ में पराली और बांस जैसे कृषि अवशेषों को इथेनॉल में परिवर्तित करने के लिए रिफाइनरियां स्थापित की गई हैं। ये रिफाइनरियां प्रदूषण को कम करने और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इथेनॉल उद्योग को और अधिक समर्थन देने के लिए सरकार ने इथेनॉल उत्पादन के लिए विभिन्न प्रोत्साहन पेश किए हैं। इनमें मक्का से प्राप्त इथेनॉल के लिए 9.72 रुपये प्रति लीटर, क्षतिग्रस्त चावल से इथेनॉल के लिए 8.46 रुपये प्रति लीटर और सी-भारी शीरे से इथेनॉल के लिए 6.87 रुपये प्रति लीटर शामिल हैं। इन प्रोत्साहनों ने इथेनॉल उत्पादन में मक्का के योगदान को काफी बढ़ा दिया है, जो 2023-24 वर्ष में बढ़कर 36 प्रतिशत हो गया था।

# चार सरकारी कंपनियों को नवरत्न का दर्जा मिलने से शेयर बाजार में बढ़ी हलचल

एजेंसी

> देश में नवरत्न कंपनियों की संख्या बढ़ कर 25 हुई

**नई दिल्ली।** पब्लिक सेक्टर की चार और कंपनियों को नवरत्न स्टेटस मिलने का असर सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में भी नजर आ रहा है। वित्त मंत्रालय ने 30 अगस्त को ही सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन, नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी), रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर जेनरेशन कंपनी (एसजेवीएन) को नवरत्न का दर्जा दिया था। इन चारों में से सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन को छोड़ कर बाकी तीनों कंपनियां स्टॉक मार्केट की लिस्टेड कंपनियां हैं। इन तीनों कंपनियों के शेयर मूल्य में आज लगातार तेजी का रुख बना रहा।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर रेलटेल कॉरपोरेशन पिछले सप्ताह की आखिरी दिन शुक्रवार को 490.80 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। नवरत्न का दर्जा मिलने के बाद आज पहली बार कंपनी के शेयरों की ट्रेडिंग हुई। आज का कारोबार शुरू होने के बाद कंपनी के शेयर 25 रुपये से अधिक की छलांग लगा कर 516 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इसी तरह हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर जेनरेशन कंपनी, जिसे पहले सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) के नाम से जाना जाता था, उसके शेयर आज करीब पांच प्रतिशत उछल कर 140 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इसके पहले पिछले सप्ताह एसजेवीएन के शेयर 133.35 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। इसके अलावा नेशनल हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचपीसी) के शेयर 4.66 प्रतिशत उछल कर 100.50 रुपये के स्तर पर पहुंच गए।